| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73,730.16 |
| निफ्टी | 22,419.95 |
| सोना | 66,850 |
| चांदी | 84000 |
| डॉलर | 83.40 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
रविवार 28 अप्रैल 2024
वैशाख कृष्ण 05 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 216
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### 51 वायु योद्धा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में 3 युद्ध सेवा पदक विजेता,7 वायु सेना पदक विजेता (वीरता), 13 वायु सेना पदक विजेता और 28 विशिष्ट सेवा पदक विजेता शामिल थे। ये पुरस्कार दिल्ली में वायु सेना अलंकरण समारोह में प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत शहीद नायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद 51 वायु योद्धाओं को राष्ट्रपति पुरस्कार प्रदान किये गये। वायु सेना प्रमुख चौधरी ने हरेक पुरस्कार विजेता को उनके वीरतापूर्ण कार्यों और भारतीय वायु सेना की सच्ची परंपराओं में विशिष्ट सेवा के लिए बधाई दी। भारतीय वायुसेना ने कहा कि पहली बार सेना के किसी अंग ने एनडब्ल्यूएम परिसर में अपना अलंकरण समारोह आयोजित किया।

### ममता बनर्जी हेलिकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं

दुर्गापुर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलिकॉप्टर में चढने के दौरान लडखड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलिकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलिकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गई थीं।

### दिल्ली हाई कोर्ट से गो फर्स्ट को झटका, विमान वापस लेगी कंपनियां

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने विमानन कंपनी गो फर्स्ट को किराये पर विमान देने वाली कंपनियों को अपने विमान वापस लेने की अनुमति दे दी। गो फर्स्ट के पास विदेशी कंपनियों के करीब 54 विमान हैं। पिछले वर्ष मई में दिवालिया प्रक्रिया के लिए आवेदन करते समय गो फर्स्ट ने किराये पर विमान देने वाली कंपनियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया था। गो फर्स्ट के पास जिन कंपनियों के विमान हैं,उसमें दुबई एयरोस्पेस एंटरप्राइजेज कैपिटल, एसीजी एयरक्राफ्ट और अन्य शामिल हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने एविएशन रेगुलेटर को पांच दिन में इन विमानों को गैर-पंजीकृत करने के आदेश दिए है। कोर्ट ने गो फर्स्ट के इनमें से किसी भी विमान में प्रवेश करने, पहुंचने या किसी भी तरीके से संचालन या उड़ान भरने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने पिछले वर्ष अक्टूबर में दिवालिया कानूनों में बदलाव किया था। इनमें किराये पर विमान देने वाली कंपनियों की किसी भी संपत्ति को दिवालिया प्रक्रिया के दौरान फ्रीज करने की छूट दी गई थी।

### सीबीआई के खिलाफ मुख्य चुनाव आयुक्त के पास पहुंची ममता सरकार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान के दौरान संदेशखाली में सीबीआई ने छापोमारी की थी। सीबीआई की छापेमारी से बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी यानी की टीएमसी नाराज है। ममता सरकार ने बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त के पास सीबीआई के खिलाफ शिकायत की। बता दें कि सीबीआई को संदेशखाली में जांच के दौरान हथियारों का एक बड़ा जखीरा छिपे होने का इनपुट मिला था।

## वलसाड के धरमपुर में प्रियंका गांधी बोलीं

# पीएम मोदी अहंकारी, लोग उनसे डरते हैं

वलसाड। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को गुजरात के वलसाड में कांग्रेस कैंडिडेट अनंत पटेल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रियंका ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि पीएम मोदी अहंकारी है। उनके आस-पास रहने वाले लोग पीएम से डरते हैं। मोदी को कोई कुछ नहीं बोल सकता। हम सत्ता में रहे हैं, इसलिए समझते हैं। हमारे परिवार से दो-दो प्रधानमंत्री रहे हैं।

प्रियंका ने कहा कि जब मैं छोटी थी तो इंदिरा दादी और पिता राजीव गांधी के साथ घूमने जाती थी। मैं देखती थी कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोग उन्हें काम को लेकर डांट देते थे, लेकिन वो नाराज नहीं होते थे, क्योंकि उनमें अहंकार नहीं था। कांग्रेस नेता ने कहा कि जिस नेता में अहंकार होता है, उसका पतन निश्चित है। मोदी जी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनके पास गरीब जनता के लिए कुछ नहीं है। सरकार के पास जो है, वो अडाणी-अंबानी जैसे करोड़पतियों के लिए है।




### संविधान बदलना चाहती है भाजपा

प्रियंका ने कहा कि भाजपा लोगों को कमजोर करने और उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। इसी संविधान ने हमें सभी अधिकार दिया है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को बचाने वाले संस्थानों को कमजोर किया है। जब हमारी सरकार थी, तो मीडिया हर रोज हमसे सवाल करती थी। किसी ने उन्हें रोका नहीं। जेल में नहीं डाला। आज पूरी मीडिया बिकी हुई है। प्रियंका ने कहा कि आज जिन-जिन राज्यों में हमारी सरकार है, वहां हमने अपनी सभी गारंटी को पूरा किया है। अगर आप फिर से मोदी सरकार लाएंगे तो आने वाले पांच साल में भी आपके जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। कोई प्रगति नहीं होगी। आप जहां हैं, वहीं रहेंगे।




### अमेठी और रायबरेली पर खरगे ने कहा..अभी कुछ समय और रुको

उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली सीट पर अभी संशय बना हुआ है। इन दोनों सीटों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, वायनाड के लोग राहुल गांधी को अपने सांसद के रूप में देखना चाहते थे। इसकारण राहुल गांधी ने वायनाड सीट से चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली सीटों के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कुछ समय बाद की जाएगी। उन्होंने कहा, कुछ दिन और रुको। हम दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने वाले है। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की उस टिप्पणी पर भी चुटकी ली, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष चाहें, तब वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

### मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से दी टिकट

## आंतकी कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्ज्वल निकम को भाजपा ने बनाया उम्मीदवार

मुंबई। भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ केस लड़ने वाले मशहूर वकील उज्ज्वल निकम को पार्टी का लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने सीट से वर्तमान सांसद पूनम महाजन का टिकट कट दिया है। पूनम महाजन पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय प्रमोद महाजन की बेटी हैं। निकम का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड़ से होगा।



भाजपा ने शनिवार को लोकसभा उम्मीदवार की अपनी 15वीं सूची जारी की है, इसमें पार्टी ने एकमात्र उज्ज्वल निकम की ही उम्मीदवारी का ऐलान किया है। बता दें कि उज्जवल विशेष लोक अभियोजक के तौर पर मुंबई में 1993 में हुए बम धमाके और 2008 में हुए 26/11 के आतंकी हमले के दोषियों सहित कई अन्य हाई प्रोफाइल मामले में अपराधियों और आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमा लड़ कर सजा दिलवा चुके हैं। भाजपा ने इसके अलावा ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है, इसमें पार्टी ने 8 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए तेलकोई से फकीर मोहन नायक, चंपुआ से मुरली मनोहर शर्मा, बासुदेवपुर से बनिकल्याण मोहंती, हिंडोल से सीमारानी नायक और खुर्दा से प्रशांत कुमार जगदेव सहित 8 उम्मीदवारों के नाम चौथी लिस्ट में शनिवार को घोषित किए हैं।

## अर्जुन पुरस्कार विजेता डीआईजी यौन उत्पीड़न मामले में दोषी करार

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस (सीआरपीएफ) ने यौन उत्पीड़न का दोषी पाए जाने के बाद डीआईजी रैंक के एक सीनियर अफसर को बर्खास्तगी कर दिया है। यह सीनियर ऑफिसर अर्जुन पुरस्कार विजेता है। डीआईजी रैंक वाले चीफ स्पोर्ट्स ऑफिसर खजान सिंह पर सीआरपीएफ की महिला कर्मियों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है।

सूत्रों ने कहा कि, पीड़ित महिला सीआरपीएफ कर्मियों के एक ग्रुप द्वारा डीआईजी खजान सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद सीआरपीएफ द्वारा इस मामले की जांच की गई, जिसमें वह दोषी पाए गए । इसके बाद सीआरपीएफ ने यूपीएससी को एक रिपोर्ट पेश कि जिसके बाद गृह मंत्रालय ने उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की थी। यह कार्रवाई संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिफारिश और गृह मंत्रालय (एमएचए) की मंजूरी पर की गई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खजान सिंह के आचरण की जांच की गई। इसके बाद यूपीएससी ने सेवा से बर्खास्तगी की सलाह दी, गृह मंत्रालय ने इस निर्णय का समर्थन किया। सीआरपीएफ ने आरोपी खजान सिंह बर्खास्तगी नोटिस जारी किया है। बता दे सीआरपीएफ के चीफ स्पोर्ट्स ऑफिसर का दायित्व संभालने से पहले खजान सिंह ने 1986 के सियोल एशियन गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व किया था और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उनकी जीत ने 1951 के बाद से इस प्रतियोगिता में भारत का पहला तैराकी पदक दिलाया था।

वर्तमान में मुंबई में पदस्थ खजान सिंह ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। खजान सिंह को बर्खास्तगी नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। उन पर दो आरोप हैं, जिनमें से एक मामले में बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई है। दूसरे मामले की अभी जांच चल रही है। उन्होंने उन पर लगे पहले आरोपों को गलत बताते हुए खारिज कर दिया था और दावा किया था कि इनका उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करना था।

## पहले दो चरण में विपक्ष का सूपड़ा साफ - अमित शाह

राजकोट। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले दो चरण के वोटिंग को लेकर आज बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पहले दो चरणों में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है और मतदाताओं ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है। पोरबंदर से भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया के समर्थन में अमित शाह ने जामकंडोरणा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। भारत माता के जयकारे के साथ अमित शाह अपने भाषण की शुरुआत की और अबकी बार 400 का नारा बुलंद किया। अमित शाह ने कहा फिर एक बार नरेन्द्र मोदी को प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाएंगे। पीएम मोदी के कार्यों को एक हजार से भी अधिक सालों तक याद रखा जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का सफाया हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह को मौनी बाबा करा दिया और पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को याद करते अमित शाह ने केन्द्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार आने के बाद पाकिस्तान थर थर कांप रहा है। हमने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया है। अमित शाह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खडगे कहते हैं कि राजस्थान और गुजरात के लोगों को कश्मीर से क्या लेना देना ? खडगे साहब की उम्र 80 के पार हो गई है और आप अब तक देश को पहचान नहीं पाए। जबकि मेरे जामकंडोरणा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों के भीतर देश का अर्थतंत्र मजबूत हुआ है और आनेवाले समय में भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वोटबैंक की लालच में कांग्रेस ने दशकों तक अयोध्या के मुद्दे को लटकाए रखा। लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। कांग्रेस की बदइंतजामी के कारण दशकों तक सौराष्ट्र जलसंकट से जूझता रहा, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद सौराष्ट्र का जलसंकट खत्म हो गया है। भाजपा की सरकार ने सौनी योजना के जरिए जलापूर्ति सूनिश्चित की है। सौराष्ट्र ही नहीं भाजपा सरकार ने कच्छ तक पानी पहुंचा दिया है। मोदी के शासन में राज्य खासकर तटीय इलाकों में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सौराष्ट्र में खेती, उद्योग और व्यापार का काफी विकास हुआ है। अमित शाह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि दो चरणों में हुए मतदान में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है। मतदाताओं का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद मिला है।



## तारक मेहता का उल्टा चश्मा के रोशन सिंह सोढ़ी लापता, तलाश जारी


नई दिल्ली। टीवी के कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले कलाकार गुरुचरण सिंह कई दिनों से लापता हैं। परेशान होकर उनके पिता ने दिल्ली पुलिस में उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कारवाई। अब दिल्ली पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज हाथ लगा है, जिसमें गुरुचरण सिंह दिल्ली के पालम इलाके में परशुराम चौक पर पैदल कहीं जाते हुए कैद हुए हैं। उनकी पीठ पर बैग टंगा हुआ है। आज दिल्ली पुलिस गुरुचरण सिंह की बैंक डिटेल्स खंगालेगी, जिससे दिल्ली पुलिस को कई सुराग हाथ लग सकते हैं।



गुरुचरण सिंह के लापता होने की खबर 26 अप्रैल यानी शुक्रवार को सामने आई थी। उनके पिता हरगीत सिंह ने एक टीवी चैनल से बातचीत में इसे कन्फर्म किया था। उनका कहना था कि 22 अप्रैल से गुरुचरण सिंह लापता हैं। पुलिस में उन्होंने शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस ने उनके पिता को आश्वासन दिया है कि वो जल्द ही गुरचरण को ढूंढ निकालेंगे। खबर आई थी कि गुरुचरण सिंह 22 अप्रैल से लापता हैं तो पुलिस ने इस मामले में अपहरण का मामला दर्ज किया है। इसी बीच पुलिस के हाथ एक सीसीटीवी फुटेज लगा, जिसमें अपहरण का मामला सामने आया था। शुरुआती जांच में सामने आया था कि गुरुचरण सिंह 22 अप्रैल की सुबह मुंबई के लिए निकले थे।

## धनंजय सिंह की सजा पर रोक लगाने से कोर्ट का इनकार

प्रयागराज। यूपी के पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झटका दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण मामले में धनंजय सिंह को जौनपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए से मिली 7 साल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने इस मामले में जमानत पर रिहा करने की पूर्व सांसद की अर्जी मंजूर कर ली है।



गौरतलब है कि पूर्वांचल के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने सजा पर रोक लगाने और फैसला आने तक जमानत पर रिहा करने की गुहार लगाई थी। नमामि गंगे प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण में मिली सजा के खिलाफ दायर याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई थी। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

इससे पहले बुधवार को पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह के वकील ने कहा था कि धनंजय सिंह लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इजाजत दी जाए। उनके वकील ने आगे कहा था कि ट्रायल के दौरान धनंजय सिंह जमानत पर थे उन्होंने जमानत का कोई दुरुपयोग नहीं किया वह लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए उनकी सजा स्थगित कर उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाए। इसके बाद सजा पर रोक से इनकार करने का यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने शनिवार को दिया। इससे पहले शनिवार को सुबह आठ बजे धनंजय को जौनपुर जिला जेल से बरेली जेल में शिफ्ट किया गया। धनंजय छह मार्च से जौनपुर के जिला जेल में बंद थे।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवान शहीद, चार घायल

इंफाल। मणिपुर के नारानसेना इलाके में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया।

कुकी आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के बी/128 बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की। विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई।

सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया। तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कुकी उग्रवादियों ने विभिन्न गांवों पर हमला करना शुरू कर दिया है। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मुख्य पुल को उड़ा दिया गया था, जिससे राज्य देश के बाकी हिस्सों से कट गया था और शुक्रवार को भारी हथियारों से लैस कुकी आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों पर हमला किया।

# तिरंगे का अपमान करने वाला इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया

### एनआई के एक्शन से...कनाडा और ब्रिटेन में खालिस्तानियों की नींद उड़ी

नई दिल्ली। भारत ने खालिस्तानियों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया हैं कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही खालिस्तान समर्थकों की रुह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। याद होगा कि पिछले साल मार्च में 50 खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। तब खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इससे ब्रिटेन और



कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है।

एनआईए ने बताया कि हाउंस्लो के निवासी गाबा को खालिस्तान समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और 19 मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून 2023 में ब्रिटेन के अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन 18 मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी। सिंह वर्तमान में असम की एक उच्च सुरक्षा जेल में बंद हैं।


एनआईए ने कहा कि एक बड़ी सफलता में एनआईए ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हिंसक हमले और उसके बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान गैरकानूनी कार्रवाइयों से संबंधित 2023 के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रवक्ता ने कहा कि गाबा को 22 मार्च, 2023 के विरोध प्रदर्शन के दौरान गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गिरफ्तार किया गया। हालाँकि, एजेंसी ने यह नहीं बताया कि गाबा को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था या उसके यहाँ आने का उद्देश्य क्या था। एजेंसी ने हमले में उसकी सटीक भूमिका या खालिस्तानी समर्थक नेताओं के साथ उसके संबंध का भी खुलासा नहीं किया।

## देश के चार हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। देश के चार हवाई अड्डों को बीते दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल के द्वारा दावा किया गया कि कोलकाता हवाई अड्डे सहित देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। यह ई-मेल मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये ईमेल 26 अप्रैल को मिला था, जिसमें दावा किया कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई, जिसमें बाद में ये धमकी अफवाह निकली। बीते दिन जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, इसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर शुक्रवार दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची।

## पतंजलि आयुर्वेद, पतंजलि फूड्स के गैर-खाद्य व्यवसाय खरीद सकता है

नई दिल्ली । पतंजलि आयुर्वेद पतंजलि फूड्स के गैर-खाद्य व्यवसाय खरीद सकता है। इस संबंध में एक प्रस्ताव सामने आया है। पतंजलि फूड्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई अपनी बैठक में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के गैर-खाद्य व्यवसाय की बिक्री के लिए प्रस्ताव पर चर्चा की। बोर्ड ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के गैर-खाद्य पोर्टफोलियो के साथ किसी भी तरीके से तालमेल बढ़ाने पर सैद्धांतिक मंजूरी दे दी।




स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में पतंजलि फूड्स ने बताया उसने अधिकारियों को अधिकृत किया है। इनका काम पेशेवरों को नियुक्त करना व प्रस्ताव के नियमों और शर्तों पर बातचीत करना और आगे के विचार के लिए ऑडिट समिति और बोर्ड के निष्कर्षों की रिपोर्ट मुहैया कराना होगा।

# भीषण गर्मी से बढ़ रहे उल्टी दस्त बुखार के मरीज, बैड पड़ रहे कम

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय सहित अन्य ग्रामीण अंचलों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। लगातार बढ़ती जा रही भीषण गर्मी ,लू के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप ने लोगों को हलाकान कर रखा है तो इसी भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप का लोगो के स्वास्थ पर भी विपरीत असर पड़ने लगा है। शायद यही वजह है कि जिला अस्पताल में अब मरीजो की संख्या रोजाना बड़ रही है। हालात कुछ इस कदर हो गए है कि जिले के सबसे बढ़े 500 बैड वाले अस्पताल में अब मरीजो की तुलना में बैड कम पड़ने लगे है। जिसके चलते अब मरीजो को फर्श पर गद्दा बिझाकर उनका उपचार करना पड़ रहा है। जिसका एक नजारा शनिवार को जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में देखने को मिला।जहा बैड कम होने के चलते वार्ड में भर्ती कुछ मरीज फर्श पर लेटकर अपना उपचार कराते नजर आए।बताया जा रहा है कि प्रचंड गर्मी एवं उमस के चलते लोगों की सेहत बिगड़ने लगी है। जहा उल्टी, दस्त, बुखार, खून की कमी ,डिहाइड्रेशन, और अन्य बीमारी से ग्रसित होकर बीमार लोग बड़ी तादात में अस्पताल पहुंच रहे हैं। स्थिति यह हो गई कि इस समय डायरिया व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते जिला चिकित्सालय में उनको भर्ती करने के लिए बैड नहीं बचे हैं। इससे फर्श पर बिस्तर बिछाकर उनका इलाज किया जा रहा है।

### फर्श पर हो रहा इलाज

पिछले दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की सेहत बिगाड़ना शुरू कर दिया है। आलम ये है कि जिला अस्पताल में मरीजों को बैड तक नहीं मिल रहे हैं। जिला अस्पताल के सभी बैड मरीजों से भरे हुए हैं। जिसके कारण मरीजों को फर्श पर इलाज कराना पड़ रहा है।।जिला अस्पताल के अधिकांश डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी कतार नजर आ रही है। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीज जांच कराने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उमस के कारण लोगों की सेहत बिगड़ रही है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने से सारे बैड फुल हो गए हैं। मरीजों की संख्या इतनी अधिक है कि अस्पताल प्रबंधन ने उनका इलाज करने के लिए फर्श पर बैड शीट बिछाकर उन्हें भर्ती कर लिया है। कई वार्डों में मरीज फर्श पर बिछाई गई बैड शीट पर अपना इलाज करा रहे हैं।

### पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे मरीज- धबड़गाव

इस पूरे मामले को लेकर दुरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ संजय धबड़गाव ने बताया की वर्तमान में भीषण गर्मी पड रही है जिसके चलते पिछले कुछ दिनों से उल्टी दस्त बुखार डिहाईड्रेशन सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज की संख्या बढ़ी है। ज्यादातर मरीज मेडिकल वार्ड से सम्बंधित आ रहे हैं। इसलिए हो सकता है कि थोड़ी बैड की कमी हो गई हो।लेकिन अन्य वार्डो में हमारे पास पर्याप्त बैड है।अचानक से मरीज बढ़ जाने से कभी कभी ऐसी स्थिति आ जाती है। वैसे भी गर्मी के दिनों में अन्य दिनों की तुलना अक्सर मरीज ज्यादा आते है।



# कलेक्टर ने गाय को कृमिनाशी दवा और गुड़ का सेवन कराया

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शनिवार को जिले सहित पूरे विश्व में पशुपालन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा भी ग्राम भटेरा में विभागीय अमले के साथ गौमाता को क्रमिनाशी दवा और गुड़ का सेवन कराया गया। ज्ञात हो कि पशु भारतीय अर्थव्यवस्था की रीड है। इसी सिलसिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज समूचे विश्व में विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न शिविरों आदि का आयोजन कर पशुओं का उपचार तथा टीकाकरण कार्यक्रम के साथ-साथ उन्नत पशुपालन तकनीक के संबंध में भी पशुपालकों तथा कृषकों को जानकारी दी जाती है। इसी उपलक्ष्य में शहर के नजदीक ग्राम पंचायत भटेरा में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया ।उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.प्रदीप कुमार अतुलकर तथा सिविल सर्जन डॉ. उमेश निरापुरे सहित पशुधन एवं कुकुट विकास निगम के कार्यपालिक अधिकारी डॉ. अरुण कुमार नेमा के निर्देशन में शिविर में पशु चिकित्सालय बालाघाट के प्रभारी डॉ. राजेश्वर सिंह नगपुरे अपने अमले के साथ उपस्थित रहे। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर की जानकारी देते हुए अतिरिक्त उप-संचालक डॉ. घनश्याम परते ने बताया कि शिविर में पशुओं का टीकाकरण, उपचार, कृत्रिम गर्भाधान तथा उन्नत पशुपालन एवं डेयरी विकास की जानकारी दी गई। शिविर में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री जे ए एल धुर्वे, जितेंद्र सिंगमारे, मुनेश चौधरी, प्रदीप मेश्राम, मोनिका ठाकरे, प्रीति बंबूरे, एवं विभागीय गौसेवक नवनीत हरिंखेड़े, शुभम लिल्हारे, प्रमोद लिल्हारे, संतोष नागपुरे, चंद्रकुमार मसकरे, शैलू भौंडे, आनंद डहाटे, मनोज लिल्हारे, चमारूलाल नागेंद्र का भी सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान सरपंच भोरसिंह मोहरे व उपसरपंच तेजलाल सुलझे एवं जन स्वास्थ्य रक्षक एलसी मोहरे मौजूद रहे।



# जिला अस्पताल के आरओ में हुआ आवश्यक सुधार, मरीजों को मिल रहा ठण्डा जल

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस की खबर का असर एक बार फिर देखने को मिला है। जहा कुछ दिन पूर्व ही जिला अस्पताल में ठंडा पेय जल न मिलने की खबर पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से लगाई गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रबंधन ने पैथोलॉजी के बाजू में लगे वाटर कूलर को दुरुस्त करने का काम कराया है। जिसके चलते अब जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज और उनके परिजनों को ठंडा पेयजल की सुविधा मिलने लगी है तो वहीं दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में उन्हें अपने गले तर करने के लिए पैसा खर्च कर पानी की बोतल खरीदना नहीं पड़ रहा है ।जहां वाटर कूलर दुरुस्त होने और ठंडे पानी की सुविधा मिलने से अब मरीजों और उनके परिजनों को काफी हद तक राहत मिल गई है।



**टंकी की समस्या सुलझी तो मशीन में आ गया था फाल्ट**

ज्ञात हो कि इसके पूर्व जिला अस्पताल के पैथोलॉजी के पास लगाई गई आरओ मशीन में पानी नहीं होने के चलते लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था।जिसकी खबर प्रमुखता से प्रकाशित करने पर जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा जिला अस्पताल में पानी के टैंकर की व्यवस्था कराई गई थी। लेकिन टंकी ना होने के चलते मशीन में पानी भरने की समस्या आ रही थी। जिसकी खबर पुन: प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा आनंन फानन में 03 पानी की टंकी खरीदकर आरो मशीन में पानी भरने की व्यवस्था बनाई गई थी। लेकिन टंकी की व्यवस्था बनाने के बाद मशीन में फाल्ट आ गया था जिसके चलते आरो मशीन से ठंडा पानी की जगह गर्म पानी आ रहा था। जिससे लोगो को 20 की पानी की बोतल या पानी पाउच खरीद कर प्यास बुझानी पड़ रही थी। तो वही अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन को कभी ट्रामा सेंटर तो कभी कैंटीन के चक्कर लगाने के लिए मजबूर थे।अब आरो मशीन के फाल्ट को दुरुस्त करने के बाद इस समस्या से छुटकारा मिल गया है ।

**महज 250 रु का पंखा बदलने में लग गए 5 दिन**

आपको बताएं कि पैथोलॉजी के समीप लगाए गए वाटर कुलर का पंखा खराब हो गया था जिसके चलते मशीन मे कॉम्प्रेसर नहीं बन रहा था।जहा कॉम्प्रेसर नही बनने से आरओ का पानी ठंडा नही हो रहा था। कॉम्प्रेसर न बनने के चलते जिला अस्पताल में लगा यहां आरो इस भीषण गर्मी में गर्म पानी उगल रहा था। जिसके चलते पीने के पानी का उपयोग लोग मुह धोने या फिर झूठे बर्तन साफ करने के लिए कर रहे थे। वही पीने के पानी के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर या फिर कैंटीन का सहारा लेना पड़ रहा था। बताया जा रहा है कि आरओ वाटर कूलर का पंखा खराब हो चुका था जिसकी कीमत मार्केट में महज 200 से 250 रु है और इसी 200 से ढाई सौ रुपए का पंखा लगाने में 4 से 5 दिन लग गए और लोगों को ठंडे पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ा। जहां शनिवार को जिला अस्पताल पहुंची टेक्निकल टीम ने कुछ ही देर में आरो मशीन खोलकर उसमें नया पंखा फिट कर दिया जिससे मशीन में कॉम्प्रेसर बनने लगा और लोगों को ठंडे पानी की सुविधा मिलनी शुरू हो गई।

### 4-5 दिन पूर्व ही मैकेनिक को दी गई थी जानकारी- धबड़गाव

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान जिला अस्पताल सिविल सर्जन डॉ संजय धव?गांव ने बताया कि मशीन में फाल्ट आने की जानकारी 4 से 5 दिन पूर्व ही मैकेनिक को दी गई थी।उन्हें शीघ्र मशीन सुधारने को कहा गया था आज मैकेनिक के कर्मचारियों ने आकर आरो मशीन सुधार दी है। जिसके चलते आरो मशीन में पूर्व की भांति ठंडा पानी आने लगा है।यदि मैकेनिक पहले ही आ जाते तो समस्या नही जाती।

# 4 मई को तिरोड़ी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। मॉयल नगरी तिरोड़ी में आगामी 04 मई को नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम द्वारा 21 वां राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन आयोजित किया जाना है. जिसे लेकर वृहद स्तर की तैयारी की जा रही है. मॉयल मंगल भवन में 04 मई को दोपहर 12 बजे से प्रतिभाशाली कवियों का कवि सम्मेलन 'दस्तक' सम्पन्न होगा. जिसमें वरिष्ठ कवियों द्वारा युवा कवियों को प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा. शाम 7 बजे साहित्यकार, समाजसेवी, नगर के सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा और फिर रात्रि 9 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न होगा. जिसमें लोकप्रिय एवं ख्यातनाम कवि हास्य व्यंग गीत की बौछार करेंगे. कवि सम्मेलन में प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर फिरोजाबाद, नेत्रहीन शायर अकबर ताज खंडवा, संतोष सागर विदिशा, पंकज जोशी देवास, डॉ अशोक आजाद भोपाल, डॉ बीना सिंह रागी भिलाई, रंजना गौतम उमरिया, डॉ लीना परिहार सागर, विजय कुमार बघेले तुमसर, एमानुएल दीप उकवा काव्य पाठ करेंगे. कार्यक्रम के संयोजक एवं साहित्य संगम के अध्यक्ष दिनेश कनोजे देहाती ने बताया कि 21 वें वर्ष भी वही उत्साह एवं समर्थन मिल रहा है. संरक्षक मंडल एवं समिति के जमील अहमद नाजमी, अखिलेश कुमार, अंदाज ताज, इमरान गोल्डी, अविनाश देशमुख, देवकी देवांगन, मातेश्वरी पटले, बिंदेश टाक, खूब परिश्रम कर रहे हैं।

# 11 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में 11 मई 2024 को जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों के अलावा बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामले निराकरण हेतु रखे जायेगें। आयोजित नेशनल लोक अदालत के वृहद प्रचार-प्रसार के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष दिनेश चन्द्र थपलियाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट एवं सुरेन्द्र सिंह गुर्जर सचिव व जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा शुक्रवार को प्रचार-प्रसार वाहन को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) केएस. बारिया, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री अजय कान्त पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) नौशीन खान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट, अविनाश छारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे उपस्थित रहे।

# 1530 किलों महुआ लाहन व 30 लीटर हाथ भट्टी शराब की जब्त

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही हैं। शनिवार को आबकारी वृत कटंगी में जिला स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही में ग्राम गट्टापायली, नांदगाव, बुदबुदा, व झम्मबलटोला के जंगल में नाले के किनारे अलग-अलग स्थानों से बोरियो एवं डिब्बो में भरा हुआ लगभग 1530 किलो लाहन और प्लास्टिक के डिब्बों में भरी हुई 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर 2 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 1,57,500 रूपये बताया गया। कार्यवाही मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र जोशी, उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, रमाकांत बघेल उपनिरीक्षक (परि.) कौष्तुभ नेताम, मुख्य आरक्षक डीएस उईके, आरक्षक टीकाराम शरणागत, अनिता कुमरे नरसिंह टेकाम, लखन चौधरी, आरिफ खान उपस्थित रहे।



# लापता हुई पत्नी, पति और बच्चे का बुरा हाल

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी के वार्ड क्रमांक 18 खांदीटोला से एक विवाहित महिला बीते रविवार 21 अप्रैल से लापता है. पति सावनलाल बरमैया ने तिरोड़ी थाने में अपनी पत्नी दामिनी बरमैया की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई है। मगर, महिला के मायके पक्ष के लोग अब महिला के पति को डरा धमका रहे है। सावनलाल ने बताया कि दामिनी आयुष्मान कार्ड और पैन कार्ड बनाने की बात कहकर घर से निकली थी। जो देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू की और नाते-रिश्तेदारी में भी पता किया लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो तिरोड़ी थाना पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है। इस बीच महिला के परिजन दामाद पर कई तरह के आरोप लगा रहे है। जिससे वह काफी आहत है. सावनलाल ने बताया कि 4 साल पहले डोंगरगांव गोंदिया कि दामिनी के साथ उसका विवाह हुआ था और एक बच्चा भी है. दामिनी के लापता होने के बाद सावनलाल और उसके बच्चे का बहुत बुरा हाल है।



बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## आम सूचना

सूचना हो कि तहसील-जिला बालाघाट अंतर्गत ग्राम बघोली, प.ह.क्र. 14, मे स्थित खसरा क्रमांक 267/2, 273/1, 275 क्षेत्रफल 0.239 हेक्ट. 0.299 हेक्ट. एवं 1.465 हेक्ट भूमि, ग्राम सरेखा प.ह.क्र. 13/1 में स्थित खसरा क्रमांक 6/1/11 क्षेत्रफल 0.170 हेक्ट. तथा ग्राम बालाघाट प.ह.क्र. 13/2 में स्थित खसरा क्रमांक 156, 157/2, 158, 159/2, 159/3, 159/4 क्षेत्रफल 0.567, 0.154, 0.821, 0.154, 0.194 एवं 0.194 हेक्ट. भूमि के सम्बंध में माननीय विचारण न्यायालय श्री विकास विश्वकर्मा, तृतीय सिविल जज वरिष्ठ खंड, बालाघाट के द्वारा सिविल वाद ऋष्टस्( ) हृह.८६/२०२३ पक्षकार 卐अनिल कांकरिया विरूद्ध मुरलीधर भूतड़ा卐 मे दिनांक 16.04.2024 को पारित आदेश द्वारा किसी भी व्यक्ति को उपर्युक्त विवर्णित भूमियों को, आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 1-2 सिविल प्रक्रिया संहिता के आवेदन के निराकरण होने तक की अवधि तक विक्रय न किए जाने और यथास्थिति बनाए रखे जाने हेतु अंतर्वर्ती व्यादेश जारी किया गया है जो प्रभाव एवं प्रवर्तन में है। अत: सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, उपर्युक्त विवर्णित भूमियों को किसी भी प्रकार से क्रय विक्रय द्वारा अंतरित/अर्जित करने हेतु अग्रसर न हो। इस सूचना के प्रकाशन के बाद भी यदि कोई व्यक्ति उक्त संपत्तियों को अर्जित/अंतरित करता है तो ऐसा अर्जन/अंतरण न केवल अवैध और अनाधिकृत होकर मेरे पक्षकार श्री अनिल धरमचंद कांकरिया के विरूद्ध अबाध्यकारी और निष्प्रभावी होगा और विचारण न्यायालय द्वारा वाद मे पारित की जाने वाली डिक्री के अधीन होगा बल्कि विचारण न्यायालय द्वारा पारित उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन और अवज्ञा की कोटि का होकर विधिक रूप से दंडनीय क्रृत होगा हौर ऐसा अंतरिती एवं अतंरक दांडिक कार्यवाहियों मे अभियोतिज एवं दंडित किये जाने के लिए दायी होगा।

**जितेन्द्र मंगलानी, अधिवक्ता**
**बालाघाट**


लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नगर से अपहृत 14 वर्षीय लड़की दिल्ली से दस्तयाब

## मुख्य आरोपी और सहयोगी सहित दो गिरफ्तार- न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जिला जेल





बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर से अपृहत की गई एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को कोतवाली पुलिस की टीम ने घटना के तीन दिन के भीतर दिल्ली में अपहरणकर्ता आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर ली गई और इस नाबालिक लड़की का अपहरण और सहयोग करने वाले कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनो आरोपी में जिनमें मुख्य आरोपी पृथ्वी पिता नितेश तुरकेल 19 वर्ष वार्ड नंबर 3 शारदा मंदिर के पास बैहर रोड बालाघाट और कार चालक विनय उर्फ विजय पिता रामप्रसाद कोटगले 19 वर्ष ग्राम बेहरई कनकी थाना लालबर्रा निवासी को बालाघाट की विशेष अदालत में पेश कर दिए। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। इस दौरान न्यायालय परिसर में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे। ज्ञात होगी यह 14 वर्ष 6 माह की नाबालिक लड़की नगर के एक शासकीय स्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ाई करती है। 22 अप्रैल को सुबह 7.10 बजे इस लड़की को उसका पिता स्कूल छोड़ने गया था और स्कूल के गेट के सामने छोड़कर अपने घर वापस आ गया था। 12.45 बजे इस लड़की को। लेने उसका पिता स्कूल आया। उस समय स्कूल की छुट्टी हो चुकी थी। सभी बच्चे अपने घर चले गए थे। इस व्यक्ति ने अपनी पत्नी को फोन लगाकर पूछा की लड़की घर आई क्या। तब घर से पता चला की लड़की घर नहीं। तब लड़की के पिता ने स्कूल की टीचर से पूछा,टीचर ने हाजिरी रजिस्टर को चेक कर बताई की लड़की स्कूल ही आई नहीं। क्लाश टीचर द्वारा स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किया तो यह लड़की 7:15 बजे स्कूल के गेट से बाहर निकलते हुए दिखाई दी। इस लड़की को उसके परिवार वालों ने नगर पास पड़ोस में खोजबीन किये और रिश्तेदारी और उसकी सहेलियों से पता किया तो कोई पता नहीं चला। जिसकी रिपोर्ट लड़की के पिता ने कोतवाली में की थी। कोतवाली पुलिस ने इस नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर इस नाबालिक लड़की की खोजबीन शुरू की थी। मामला नाबालिक लड़की से जुड़ा होने के कारण कोतवाली पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इस लड़की की खोजबीन में शुरू की थी। कोतवाली पुलिस की टीम ने 3 दिन के भीतर इस लड़की की बालाघाट नगर के अलावा अन्य शहरों में खोजबीन कर दिल्ली में पृथ्वी तुरकेल के कब्जे से इस नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया । पृथ्वी तुरकेल ने इस नाबालिक लड़की को बहलाफुला कर अपने साथ ले गया था। और पृथ्वी ने इस लड़की को डरा धमका कर उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाएं। कोतवाली पुलिस ने 363 के अलावा आरोपी पृथ्वी तुरकेल के विरूद्ध धारा 376 376(2)(एन), 376(3), 294 506 भादवी धारा 3 4 ,5(एल)6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। इस मामले पृथ्वी तुरकेल और सहयोगी कार चालक विनय उर्फ विजय कोटंगले को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कब्जे से इस मामले में प्रयुक्त सफेद स्विफ्ट कार स्क्क 50 ष्ट 8486 जप्त कर ली गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपी को 27 अप्रैल को बालाघाट की स्पेशल कोर्ट में पेश कर दिया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। जब इन दोनों आरोपी को न्यायालय पेश करने लाया गया उस दौरान न्यायालय परिसर में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की तैनाती रही। नगर पुलिस अधीक्षक अंजूल अयंक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक प्रकाश वास्कले, ग्रामीण थाना प्रभारी राम सिंह पटेल, भरवेली थाना प्रभारी हेमंत शर्मा के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे । जिनकी सुरक्षा व्यवस्था में दोनों आरोपी को न्यायालय से जिला जेल भिजवा दिया गया।

### साइबर सेल और सीसीटीवी फुटेज की अहम भूमिका रही - नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले

नगर निरीक्षक प्रकाश वास्कले ने बताया कि 22 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे के आसपास 14 वर्षीय नाबालिक बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।चुकी मामला नाबालिक बच्ची से संबंधित था। जिसकी गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा अप्रहता की



दस्तयाबी के लिए टीम बनाई गई थी। कोतवाली से तीन टीम, ग्रामीण थाने से एक टीम और भरवेली थाने से एक टीम विभिन्न संबंधित स्थान पर अप्रहता की तलाशी के लिए रवाना की गई थी। तलाशी के दौरान अप्रहता और अज्ञात आरोपी के संबंध में कुछ जानकारी प्राप्त हुई और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिनमे पता चला कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार में अप्रहता और आरोपी को जाते देखा गया है। टेक्निकल एविडेंस कलेक्ट किया गया। जो टीम लगी थी उन टीमों ने अलग-अलग विभिन्न स्थानों में सीसीटीवी फुटेज देखे साथ ही साइबर सेल की टीम द्वारा भी साइबर संबंधित जानकारी इकट्ठी की गई। अंतत: टीम के द्वारा दिल्ली में अप्रहता को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया और आरोपी और उसके सहयोगी कार चालक दोनों को गिरफ्तार करके न्यायालय ने पेश किया गया दोनों को जेल भिजवा दिया गया है। नगर निरीक्षक वास्कले लेने आगे बताया कि चुकी साइबर का आज के समय में अहम रोल है। प्रत्येक व्यक्ति मोबाइल यूज कर रहा है। साइबर और सीसीटीवी फुटेज का इस गंभीर मामले का पर्दाफाश करने में अहम भूमिका रही।

### नाबालिग लड़की की दस्तयाबी में इनकी रही सराहनीय भूमिका

नाबालिक लड़की की दस्तयाबी और आरोपियों की तलाश पतासाजी और गिरफ्तारी में निरीक्षक प्रकाश वास्कले, उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह, उपनिरीक्षक अमित अग्रवाल ,उपनिरीक्षक दीपसिंह परमार, उपनिरीक्षक किरण वरकडे, उपनिरीक्षक आशीष पाल सागर सेल प्रभारी बालाघाट, उपनिरीक्षक वैशाली कुथे सीसीटीवी कंट्रोल रूम प्रभारी बालाघाट ,सहायक उपनिरीक्षक विनोद ठाकुर थाना नवेगांव ,प्रधान आरक्षक राहुल गौतम, प्रधान आरक्षक शोभेंद्र डहरवाल साइबरसेल बालाघाट, आरक्षक प्रियांक श्रीवास ,आरक्षक शेख शहजाद ,आरक्षक प्रदीप पुट्टे ,आरक्षक गजेंद्र माटे, आरक्षक शैलेश गौतम, आरक्षक सुरेंद्र अ ?मे, आरक्षक पंकज बिस्ट, आरक्षक बलिराम यादव साइबर सेल बालाघाट ,आरक्षक मनीजर मरकाम, आरक्षक आकाश ब्रम्हे पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट, आरक्षक सुखवंती परते की सराहनीय भूमिका रही।

# नवेगांव से गोंगलाई मंडी तक रोड के भरे गये गड्ढे



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट एक्सप्रेस पद्मेश न्यूज़ की खबर का असर फिर एक बार देखने को मिला है जहां अभी कुछ दिन पहले ही हमारे द्वारा बाईपास के रूप में परिवर्तित की गई नवेगांव से गोंगलाई मंडी तक रोड की हालत बहुत अधिक खराब हो गई थी और रोड पर अत्यधिक गड्ढे बन गये थे जिसको लेकर हमने प्राथमिकता से बालाघाट एक्सप्रेस में खबर का प्रकाशन किया था उसके बाद खबर का असर हुआ और संबंधित विभाग के द्वारा नवेगांव से गोंगलाई मंडी तक सड़क के गड्ढे भरे गए हैं। आपको बता दें कि बन रहे सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज और अंडरपास का काम इन दिनों चल रहा है और जिला प्रशासन द्वारा चल रहे ओवरब्रिज के काम को देखते हुए बालाघाट गोंदिया रोड को डायवर्ट किया गया है। और नवेगांव होते हुए डेंजर रोड से गोंदिया रोड के मार्ग को परिवर्तित किया गया है किंतु महज 2 किलोमीटर दूरी तक का मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गया है। जिसको आने-जाने वाले लोगों को यहां काफी परेशानी का सामना करना

**बालाघाट एक्सप्रेस**
**खबर का असर**

पड़ रहा था तो वही यह रोड यातायात के दबाव को नहीं सहन कर पा रहा था एवं इस रोड पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए थे, जिसको आमजन की समस्या को लेकर हमारे द्वारा बालाघाट एक्सप्रेस पद्मेश न्यूज़ पर एक खबर अभी कुछ दिन पहले ही प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद संबंधित विभाग द्वारा इस रोड पर संज्ञान लेते हुए गड्ढे को भरने का काम किया गया है एवं नवेगांव से गोंगलाई मंडी तक के मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढे को संबंधित विभाग द्वारा समतल कर रोड का मरम्मतीकरण किया गया है जबकि देखा जाए तो रोड को परिवर्तित करने के बाद संबंधित विभाग द्वारा इस रोड पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया था और कुछ दिन पहले इस रोड का निरीक्षण जिला प्रशासन की टीम द्वारा किया गया था तो वही स्वयं जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा भी इस रोड की स्थिति को देखते हुए संबंधित विभाग को इस रोड को ठीक करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु संबंधित विभाग द्वारा दो से तीन महीने तक इस रोड में किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया गया , बावजूद इसके इस रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे और यहां से आने जाने वाले लोगों को इस रोड पर से आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था तो वही यह रोड भारी वाहनों के यातायात के दबाव को नहीं सह पा रही थी एवं हमारे द्वारा इस रोड को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी और खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग ने त्वरित ही इस मार्ग पर संज्ञान लिया और इस रोड पर बने बड़े-बड़े गड्ढे को भर कर रोड का मरम्मतीकरण किया गया।

# विशिष्ट संस्थाओं में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये परीक्षा होगी आज

## परीक्षा के लिये 19 केंद्र किये निर्धारित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विशिष्ट संस्थाओ (कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा 6वी की प्रवेश परीक्षा 11 बजे से 01 बजे तक आयोजित की गई है। परीक्षा के संचालन हेतु जिले के 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में 148 विद्यार्थी, शाउमावि गढी में 169, शा हाईस्कूल कन्दई में 121, शा उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा में 288, शास हाईस्कूल मछूरदा में 105, शाउमावि मानेगांव में 76, शाउमावि मलांजखण्ड में 232, शास हाईस्कूल सोनगुड्डा में 132, शा उत्कृष्ट विद्यालय परसवाड़ा में 108, शाउमावि उकवा में 129, शा हाईस्कूल बोदा में 75, शा कन्या उमावि परसवाड़ा में 40, कन्या उमावि बैहर में 37, कन्या हाई स्कूल गढी में 53, कन्या उमावि बिरसा में 61, शा उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 32, शा आदर्श उमावि लामता में 24, शाउमावि लांजी में 32 एवं शा.रा.दु.उ.मा.वि बालाघाट में 04 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे । इस प्रकार जिले से कुल 1813 विद्यार्थी कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा कलेक्टर एवं सह अध्यक्ष म.प्र. स्पेशल एंड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी बालाघाट द्वारा गर्मी की अधीकता को देखते हुए समस्त परीक्षा केन्द्रो के केन्द्राध्यक्षो को केन्द्र में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया है । साथ ही परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के पालको, अभिभावको से आग्रह किया गया है कि इस प्रवेश परीक्षा में संबंधित विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से सम्मिलित करायें ।

# उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व छात्र पायल ने यूपीएससी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## 913 वी रैंक हासिल कर जिले का बढ़ाया मान : आईएएस शीतला पटले से पायल को मिली थी प्रेरणा

बालाघाट(पदमेश न्यूज़) । नगर के उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व छात्र पायल ग्वालवंशी ने हाल ही में जारी यूपीएससी की परीक्षा में 913 वी रैंक हासिल की है। तिरोड़ी मायलकर्मी मानेश्वर ग्वालवंशी की सुपुत्री एवं उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व छात्र पायल के यूपीएससी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शनिवार को नगर के उत्कृष्ट विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।आयोजित की समान समारोह में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अश्विन कुमार उपाध्याय, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्या श्रीमती राजलक्ष्मी नायडू सहित अन्य ने उन्हें पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।तो वही पायल ने यूपीएससी की पढ़ाई के दौरान किए गए संघर्षों के बारे में बताते हुए विघालयीन छात्र-छात्राओं को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने की हिदायत दी।

### एक बार और यूपीएससी की परीक्षा देना चाहती है पायल

आयोजित सम्मान समारोह के दौरान बताया गया की यूपीएससी परीक्षा क्रेक करने वाली पायल ग्वालवंशी, वर्तमान में कृषि




विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत है। यूपीएससी परीक्षा को क्रेक करने वाली बालाघाट की बेटी पायल ग्वालवंशी की प्रेरणास्त्रोत आईएएस शीतल पटले है, जिसे देखकर ही पायल के मन में यूपीएससी परीक्षा को क्रेक करने का जुनुन लेकर वह दिल्ली में परीक्षा की तैयारी करती रही। लेकिन इसी दौरान कोरोना के कारण उसे घर लौटना पड़ा, लेकिन घर पर रहकर भी वह ऑनलाईन तैयारी करती रही। 2022 में कोरोना की समाप्ति के बाद पायल फिर दिल्ली लौटी और यहां उन्होंने अपनी यूपीएससी की तैयारी शुरू की। यूपीएससी की परीक्षा देने के बाद उसे विश्वास था कि उसे अच्छी रैंक मिलेगी। इस परीक्षा में 913 वीं रैंक हासिल करने वाली पायल मानती है कि उसकी अपेक्षानुरूप रैंक नहीं है, जिससे वह एक बार और यूपीएससी की परीक्षा देना चाहती है, ताकि उसकी रैकिंग में सुधार हो सके।

### आईएएस शीतला पटले को बताया प्रेरणा स्रोत

प्रारंभिक शिक्षा से लेकर यूपीएससी परीक्षा पास करने तक के सफर पर चर्चा करते हुए पायल ने बताया कि उन्होंने प्राथमिकी और माध्यमिक शिक्षा, तिरो ?ी में हासिल की। जिसके बाद 9 से 12 वीं तक की शिक्षा, मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय में लेने के बाद उसने जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से कृषि इंजीनियरिंग में बीटेक किया। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल में कराए जाने वाले सेमीनार के दौरान वर्ष 2015 में उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियो के लिए एक सेमीनार का आयोजन किया गया था। जहां उन्होंने, आईएएस शीतला पटले को सुना था। यही से उनके के मन में यूपीएससी परीक्षा को लेकर मानस बना। जिसके यूपीएससी के सपने को पूरा करने, पिता मानेश्वर ग्वालवंशी, मां मीरा ग्वालवंशी, रेलवे में इंजीनियर भाई अंकित ग्वालवंशी और एयरफोर्स में इंजीनियर भाभी नंदिनी ग्वालवंशी ने उनका साथ दिया।

### तीन बार मिली असफलता

सम्मान समारोह के दौरान पायल ने आगे बताया कि दिल्ली में तैयारी के दौरान तीन बार प्रयास के बावजूद, जब वे चयनित नहीं हो सकी तो आम तौर पर माता-पिता ने उन्हें भविष्य के लिए यूपीएससी को छोड़कर अन्यत्र जॉब की तैयारी करने कहा था। लेकिन भाई अंकित, हमेशा की तरह उनके यूपीएससी के सपने को पूरा करने हर समय उसके साथ खड़ा रहा। जिससे मिले हौंसले के बाद उन्होंने फिर मुड़कर नहीं देखा, माता-पिता की भविष्य के लिए नौकरी की बात को भी पायल ने कृषि विस्तार अधिकारी बनकर पूरा किया और भाई के सहयोग से 2023 की यूपीएससी परीक्षा में भी सफलता हासिल कर अपने सपने को भी पूरा किया ।पायल ने आईएएस शीतला पटले को अपनी प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि स्कूल के सेमीनार में उन्हें देखने के बाद ही उसने यूपीएससी परीक्षा को पास करने का मानस बनाया था। जिसमें अभी उन्हें 913 वीं रैंक मिली है, लेकिन वह अपनी रैंक को सुधारने एक और प्रयास करना चाहती है। उन्होंने विघालयीन छात्र-छात्राओं से लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को सामने रख किसी की एग्जाम की तैयारी करनी की बात कही है।

# नक्सल क्षेत्र में सोलर पैनल की समुचित सुविधा नही देने पर ठेकेदार से मांगा जाएगा स्पष्टिकरण





बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पूर्व तिमाही में स्वीकृत किये गए विकास कार्यो की समीक्षा की। पूर्व में ऐसे क्षेत्रों में बैरक, वॉच टॉवर के अलावा सड़के, बिजली,तालाब और बाउंड्रीवाल स्वीकृत किये गए थे। पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री अडमे ने बताया कि बैहर में 6 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से 10.40 किमी. लंबी स्वीकृत 4 सड़के पूर्ण हो चुकी है। साथ ही बाउंड्रीवाल और वॉच टॉवर के कार्य पूर्ण किये गए है। इसी तरह लांजी में 3 करोड़ 23 लाख रुपये की 3155 मी. की 7 सड़कें भी पूरी कर ली गई है। यहां 10 वॉच टॉवर पूरे किए गए है। पीआईयू के कार्यो के सम्बंध में एसपी श्री समीर सौरभ ने कार्य की प्रगति स्लो होने पर नक्सल एएसपी श्री यादव को एक दिन में प्रोजेक्ट की वस्तुस्थिति के सम्बंध में रिपोर्ट बनाने के लिए निरीक्षण करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इस मामले में कमिश्नर को पत्र से अवगत कराने के निर्देश दिए है। इसके अलावा बिजली के सम्बंध में बम्हनी, दादर,सितापाला, टेमनी और देवरबेली में स्थापित किये गए सोलर पैनल के समुचित रूप से कार्य नही करने के मामले में ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में कान्हा बफर जोन उपसंचालक अमिता केबी, एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री दीपक उइके सहित निर्माण कार्यो के एसडीओ व उपयंत्री मौजूद रहे।

### 5 स्थानों पर तैयार किये हेलीपेड

समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री अडमे ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा खैरलांजी के किन्नी में, परसवाड़ा में, बैहर,लामता और वारासिवनी में कुल 5 स्थानों पर हेलीपेड तैयार किये गए है। इन सब की लागत प्रति हेलीपेड 3.50-3.50 लाख रुपये है। पीएमजीएसवाय के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 6 स ?कों के लिए वाइल्ड लाइफ की ओर से अनुमति के पश्चात कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। अनुमति के लिए कार्यवाही प्रचलित है।

### नक्सल क्षेत्र में बिजली के कायो को गति बड़ी

एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री श्री उइके ने जानकारी प्रस्तुत की। जिसके अनुसार बिजली के कई कार्य पूर्ण किये गए है। ये कार्य खराब विद्युत कनेक्शन, केबल,नवीन विद्युतीकरण,नवीन फीडर आदि कार्य पूरे किए गए है। इसमें राशिमेटा में खराब विद्युत केबल को बदलकर ओव्हारहेड कंडक्टर स्थापित किया गया। इसी तरह केरिकोना में 11 केव्ही डाबरी फीडर का नवीन विद्युतीकरण, सोनटोला, धुर्री टोला , चिचरंगपुर, हर्राटोला हतबन में नवीन विद्युतीकरण के कार्य किये गए है। इसके अलावा वनग्राम कोकमा के 25 परिवारों को विद्युत सोलर पैनल लगाकर बिजली प्रदाय की गई है।

### बैठक के बाद नवीन एसपी कार्यालय के निर्माण कार्य का अवलोकन किया

बैठक के पश्चात कलेक्टर व एसपी संबंधित विभाग के अधिकारियों को लेकर नवीन एसपी कार्यालय का निरीक्षण करने पहुँचे। यहां तालाब के अलावा लैंडस्केपिंग के कार्य प्रस्तावित है। साथ ही जिला पंचायत की ओर से सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

# भालवा में महात्मा ज्योतिबा फुले व डॉ.बाबा साहब जयंती समारोह पूर्वक सम्पन्न

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया सर्कल शाखा भालवा (हट्टा) के तत्वावधान में भालवा मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बोधिसत्व डा.बाबासाहब आंबेडकर जी की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गई। इस आयोजन की अध्यक्षता संस्था के सर्कल अध्यक्ष विनय मेश्राम सेवानिवृत्त प्रधानपाठक द्वारा की गई। मुख्य अतिथि चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष दि बुद्धिस्टसोसायटी आफ इंडिया म.प्र., प्रमुख अतिथि किरनापुर लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे, दुर्गेश बिसेन पूर्व जिला पंचायत सदस्य व विशेष अतिथियों में दि बुद्धिस्ट सोसायटी के आर.के.कठाने प्रदेश सचिव, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालय सचिव, एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष बालाघाट, खुशीयाल मेश्राम, देवानंद रंगारे, बी.एल.घल्लेकर जिला संघठक, दुरेन्द्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर, हाजी शोएब खान बहुजन मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक, कंचनलता लांजेवार बामसेफ, प्रकाश बाहे सरपंच सुसवा, अमृत राहंगडाले पूर्व सरपंच भालवा, इंजी. वैभवकांत बोरकर, वरिष्ठ अभियंता छ.ग.शासन, गौतम भिमटे, शिलरत्न बंसोड आदि के आतिथ्य में समारोह सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम की शुरूआत में रैली का आयोजन किया गया। वही चिकित्सकों द्वारा अनुयायीयों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। मंचीय कार्यक्रम में विधायक श्री कर्राहे जी द्वारा म.प्र.शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार मुख्य अतिथि चरनदास ढेंगरे जी ने उदबोधन के माध्यम से कहा कि हमे जयंतीयों और अन्य पर्व के माध्यम से महापुरूषों की विचारधारा का प्रचार प्रसार कर उनके विचारों को आत्मसात कर अपना जीवन मंगलमय करना चाहिए। अन्य अतिथियों ने भी महापुरूषों के जीवन संघर्ष पर उदबोधन देकर



जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी। मंचीय कार्यक्रम के समापन पश्चात रात्रि में दुय्यम कव्वाली का आयोजन हुआ। जिसमें कव्वाल विकास राजा नागपुर व अश्विनी खोब्रागढे चंद्रपुर दोनो ने महफील संजाई। इससमारोह का सफल संचालन प्रभुराज खोब्रागडे कार्या सचिव भालवा द्वारा किया गया था ।इस अवसर पर डॉ चंदन शरनागत, शेखर शरनागत, अनिल बिसेन, दीपक जामरे, पंकज गणवीर, महेंद्र गणवीर शेखर शरणागत, योगराज पटले ग्राम भालवा अध्यक्ष, डा.सुभाषचंद्र रंगारे उपाध्यक्ष, संजय कुमार भौतेकर महासचिव, जितेन्द्र रंगारे भालवा सर्कल महासचिव व ग्राम तथा सर्कल की पूरी टी एवं समस्त ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

## भीषण गर्मी से कम हो रहा जलस्तर

# ग्रामीण क्षेत्रों में गहराया जल संकट

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। तेज धूप व उमस भरी गर्मी के तेवर तीखे होने के साथ ही जल की समस्या इन दिनों क्षेत्र में बढ़ने लगी है और इसी तरह गर्मी बढ़ती रही तो आम जनजीवन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही तेज धूप लगने के साथ ही नदी-नाले, तालाब व कुओं का जल स्तर घटने लगा है। लालबर्रा मुख्यालय की जीवनदायिनी नदी कहलानी वाली सर्राठी नदी का भी जल स्तर घटने के साथ ही नदी सूख चुकी है जिसके कारण नदी किनारे स्थित ग्रामों में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। साथ ही जिन पशु मालिकों के द्वारा अपने मवेशियों को चरने के लिए नदी की ओर छोड़ दिया जा रहा है उन्हे पानी प्यास लगने पर वे पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आ रहे है। लालबर्रा क्षेत्र के नदी किनारे के गांवों में भी जल स्तर घटने लगा है तो जिन ग्रामों के समीप नदी, नाले व तालाब नही है वहां सबसे अधिक पानी के लिए आगामी समय में त्राही-त्राही हो सकती है। नदी किनारे निवासरत ग्राम टेकाड़ी, चिचगांव, साल्हे ला. बोरी, मानपुर, अमोली, ददिया, खारी, खिर्री व अन्य ग्रामों के ग्रामीणजनों ने सर्राठी नदी में जगह-जगह स्टापडेम बनाने की शासन-प्रशासन से मांग की है ताकि जल का स्तर बना रहे और ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए परेशान न होना पड़े। चर्चा में ग्रामीणजनों ने बताया कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में ही तेज धूप व उमस भरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है साथ ही तेज धूप लगने के कारण क्षेत्र की नदी, नाले, तालाब, कुएं सूखने के साथ ही जल का स्तर घटने लगा है जिससे रबी की धान में सिंचाई नही होने से फसल प्रभावित होने के साथ ही सबसे अधिक पशु-पक्षियों की परेशानी बढ़ गई है। नदी, नाले व तालाब में पानी रहने पर पशु-पक्षी प्यास लगने पर उक्त स्थानों से पानी पी लेते है परन्तु वर्तमान में सर्राठी नदी पूरी तरह से सूख जाने के कारण मवेशियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। जबकि पूर्व में प्रस्फुटन समिति व पंचायत के माध्यम से बोरी बधान करवाकर जल को संरक्षित किया जाता था परन्तु उक्त कार्य भी नही हो रहा है। साथ ही यह भी बताया कि शासन के द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है परन्तु नदी किनारे स्थित ग्रामों में नदी में स्टापडेम का निर्माण नही करवाया जा रहा है। अगर स्टाप डेम का निर्माण हो जाता है तो जल का स्तर बना रहेगा और गर्मी के दिनों में पानी के लिए परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। शासन-प्रशासन से मांग है कि पंचायत के माध्यम से सर्राठी नदी में जगह-जगह गांव के पास स्टापडेम का निर्माण करवाया जायेगा ताकि जल का स्तर बना रहे।





### सर्राठी नदी में स्टापडेम का किया जाये निर्माण - शेरसिंह

शेरसिंह देशमुख ने बताया कि क्षेत्र में तेज गर्मी लगने से नदी, कुएं व तालाबों का जल स्तर घट चुका है और सर्राठी नदी सहित अन्य नदियों में जल स्त्रोत को बनाये रखने के लिए जल अभियान के तहत किसी तरह का स्टापडेम नही बनाया गया है जिसके कारण



जल का स्तर नीचे जा रहा है और सर्राठी नदी सुख चुकी है। जबकि बालाघाट में नदी में स्टापडेम बनाया गया है जिसके कारण नदी में पानी जमा रहने से आसपास के क्षेत्र में जल का स्तर बना हुआ है। साथ ही लालबर्रा के जीवनदायिनी सर्राठी नदी है वह पुरी तरह से सुख चुकी है जिसके कारण मवेशियों को प्यास लगने पर पानी के लिए परेशान होना पड़ता है और अपनी प्यास बुझाने के लिए किसानों ने रबी सीजन में धान लगाये है उक्त स्थान पर मवेशी पहुंचकर फसल को नुकसान पा रहे है जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। श्री देशमुख ने बताया कि सर्राठी नदी में जगह-जगह पंचायत व प्रशासन के द्वारा स्टापडेम का निर्माण करवाना चाहिए जिससे गर्मी के दिनों में सर्राठी नदी में पानी रहेगा तो मुक पशुओं व पक्षी अपनी प्यास बुझा सकते है साथ ही ग्रामों में भी जल स्तर बना रहेगा और गमी के दिनों में ग्रामीणजनों को पानी के लिए परेशान नही होना पड़ेगा।

### सर्राठी नदी सूख चुकी है - सिलेकर

डॉपी सिलेकर बताया कि गर्मी प्रारंभ होते ही सर्राठी नदी सूख चुकी है जिसके कारण पशु-पक्षी व वन्यजीवों को प्यास लगने पर पीने के लिए पानी नही मिल पा रहा है साथ ही जल का स्तर घट चुका है ऐसी स्थिति में नदी किनारे के समीप गांवों के ग्रामीणजनों को पानी के लिए परेशाान होना पड़ रहा है। श्री सिलेकर ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने के साथ ही कुओं का भी जल घट रहा है और सर्राठी नदी में पानी नही होने के कारण सबसे अधिक मवेशियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हे प्यास लगने पर पीने के लिए पानी नही मिल पा रहा है इसलिए शासन-प्रशासन को जल को संरक्षित कर जल का वाटरलेवल बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए।




### इनका कहना है

**मानपुर ग्राम के समीप से सर्राठी नदी गुजरी है परन्तु गर्मी प्रारंभ होते ही नदी सुख चुकी है जिसके कारण ग्राम स्थित कुएं व हेंडपंपों का भी जल स्तर नीचे चले गया है इसलिए सर्राठी नदी में मनरेगा योजना से डाइट का निर्माण करवाया जायेगा जिससे नदी में पानी जमा रहने पर जल स्तर बना रहेगा जिससे गर्मी के दिनों में पानी की समस्या नही होगी।**



**बलराम गौतम**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत मानपुर।**

## बकोड़ा में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बकोड़ा में तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के द्वारा २७ अप्रैल को विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर व्यवहार न्यायाधीश सुश्री नेहा बाथरी की अध्यक्षता एवं बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वारासिवनी सुश्री नेहा बाथरी ने उपस्थित ग्रामीणजनों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि

महिलाओं के साथ किसी के द्वारा अत्याचार एवं शोषण किया जाता है तो उसका विरोध करने के साथ ही उन्हे अपने हक की लड़ाई लड़ना चाहिए जिसके लिए पुलिस प्रशासन भी उनकी मदद करेगी और सरकार महिलाओं के उत्थान एवं उन्हे स्वलंबी बनाने के लिए योजनाएं भी चला रही है जिसका लाभ लेकर अपने आप को मजबूत बना सकते है। साथ ही यह भी कहा कि सभी महिला व ग्रामीणों को समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करना चाहिए और किसी ग्रामीण के साथ गलत होता है तो उसका विरोध कर उसे न्याय दिलवाने में मदद करनी चाहिए जिन्हे तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के द्वारा भी मदद की जायेगी। चर्चा में बकोड़ा सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर ने बताया कि बकोड़ा में २७ अप्रैल को विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वारासिवनी न्यायालय के व्यवहार न्यायाधीश सुश्री नेहा बाथरी के द्वारा ग्रामीणों को उनके अधिकारों एवं उनके साथ किसी प्रकार का शोषण, अत्याचार हो रहा है उसके विरूध्द कानूनी लड़ाई कैसे लड़ना है उसके बारे में जानकारी दी गई ताकि वे अपने हक व अधिकारों के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बना सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बकोड़ा सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम नागेश्वर, प्रभारी सचिव धर्मेन्द्र ठाकरे, हिरवंती, बारूला, राजकुमार सिंघई, रेखा नागवंशी, रामबती, च्योति मात्रे, प्रमिला मात्रे, हिरवंती नागेश्वर, दुर्गावती देशमुख, चांदुराम बाहेश्वर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शनिवार को 23 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी गजेंद्र कठाने ने बताया कि शुक्रवार को 23 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 514 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान डाक मत पत्र स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी राहुल नायक, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से मोहन राऊत, भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम, रघुवीर चौहान तथा पोस्टमेन देवेंद्र पारधी उपस्थित रहे।

## निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए सर्वे कार्य जारी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नव भारत साक्षरता अभियान के तहत देशभर के असाक्षरों (निरक्षरों) को वर्ष २०२७ तक साक्षर बनाना है ताकि सभी साक्षर बनकर शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सके। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर डॉ. गिरीशकुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिलेभर में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में लालबर्रा विकासखण्ड में भी १५ वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने के उद्देश्य से स्कूल के शिक्षकों के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। शुक्रवार को नगर मुख्यालय स्थित शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक स्कूल अमोली के शिक्षक-शिक्षिका के द्वारा ग्राम अमोली का सर्वे किया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिका ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से साक्षर एवं निरक्षर कौन है उसकी जानकारी प्राप्त की एवं जो निरक्षर है उनका सर्वे किया गया जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जायेगी। जिसके बाद असाक्षरों को पढ़ाने का कार्य किया जायेगा ताकि




वे साक्षर बन सके और यह कार्य इस भीषण गर्मी में शिक्षकों के द्वारा घुम-घुम कर किया जा रहा है। शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक स्कूल अमोली के प्रधानपाठक आरके दुबे ने बताया कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत १५ वर्ष से अधिक उम्र के निरक्षरों को आगामी २०२७ तक साक्षर बनाना है इसलिए शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों के घर पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है कि कौन निरक्षर है ऐसे लोगों को चिहिन्त कर उनकी सुची बनाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जायेगा। श्री दुबे ने बताया कि यह सर्वे कर कार्य पूरे जिले में शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा किया जा रहा है, बाद में ग्राम में कक्षाएं लगाकर जिन्हे चिहिन्त किया गया है कि वे असाक्षर है उन्हे पढ़ाने के साथ ही उनके ज्ञान के स्तर को बढ़ाने का कार्य किया जायेगा ताकि वे शैक्षिक रूप से मजबूत बन सके।

## डोकरबंदी से खिर्री पहुंच मार्ग का हुआ निर्माण कार्य

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत डोकरबंदी के सोनारीटोला से खिर्री पहुंच मार्ग खराब हो जाने से ग्रामीणजनों व राहगीरों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से ग्रामीण व राहगीरों को निजात दिलवाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा सड़क निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से खुदाई की गई थी और यह खुदाई जिस स्थान से सड़क अधिक खराब थी उसी स्थान पर की गई थी परन्तु सड़क की खुदाई करने के बाद निर्माण कार्य अधुरा छोड़ दिया गया था। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजनों व स्कूली छात्र-छात्राओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा था। उक्त समस्या को विगत दिवस प्रमुखता से उठाते हुए बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में सड़क खोदकर निर्माण करना भूला प्रशासन, आवागमन में हो रही परेशानी नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद प्रशासन के अधिकारी हरकत में आये और सोनारीटोला डोकरबंदी से खिर्री पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य



करवाया गया है। अधुरे सड़क का निर्माण हो जाने से अब ग्रामीणजनों व राहगीरों को आने-जाने में सुविधा हो रही है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत डोकरबंदी से खिर्री तक विगत वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा लाखों रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा घटिया तरीके से निर्माण कार्य करवाया गया था। जिसके कारण सड़क निर्माण के कुछ सालों बाद ही सड़क खराब हो चुकी थी और सड़क खराब हो जाने से ग्रामीणजनों व राहगीरों को आने-जाने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं सड़क के बीच-बीच में दरारे आने से दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थी। जिसके बाद ग्रामीणजनों के द्वारा सड़क का नवीन निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की गई थी और ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन

**बालाघाट एक्सप्रेस खबर का असर**

के द्वारा सड़क निर्माण के लिए पूर्व में बनी सीमेन्टीकरण सड़क की खुदाई कर निर्माण नही किया जा रहा था, न ही मटेरियल को पुरी तरह से हटाया गया था। जिसके कारण मार्ग आने-जाने वाले ग्रामीण व स्कूल के छात्र-छात्राओं को आवागमन करने में बेहद ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उक्त समस्या को लेकर बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के अधिकारी हरकत में आये और अधुरे सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया है। सड़क का निर्माण हो जाने से ग्रामीणजनों को आवागमन करने में हो रही परेशानियों से निजात मिल चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत डोकरबंदी के सोनारीटोला से खिर्री पहुंच मार्ग का निर्माण नही होने से आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था परन्तु विगत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में समाचार प्रकाशित किया गया था जिसके बाद प्रशासन के द्वारा सड़क का निर्माण करवाया गया है। सड़क बन जाने से आने-जाने में सुविधा हो रही है।

## जेएसटी महाविद्यालय ने मनाया विश्व सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को विश्व सुरक्षा एवं स्वास्थ दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को बताया गया है कि हमें हम अपने कर्तव्य स्थल पर कार्य करते समय हमें क्या सावधानियां रखना चाहिए और कैसे कार्य करना चाहिए। इस जागरूकता अभियान मे वक्ता के रूप में मानस पाण्डे, शिवम शुक्ला, खुशी चौरावार एवं राही लिल्हारे द्वारा सुरक्षा स्वास्थ संबधी जानकारिया प्रदान की गयी और छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोविंद सिरसाठे के साथ ही अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं के सहयोग से सम्पन्न किया गया।




## कक्षा १० वीं बोर्ड परीक्षा में रिशिका राजुरकर सुयश

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा गत दिवस कक्षा १० वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें लालबर्रा मुख्यालय स्थित विवेक ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत पांढरवानी निवासी यादोराव राजुरकर की सुपुत्री रिशिका राजुरकर ने कक्षा दसवीं में ८९ प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल व माता-पिता का नाम रौशन किया है। इस सफलता पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित परिवार से जुड़े लोगों के द्वारा छात्रा रिशिका राजुरकर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## लेण्डेझरी सीएम राईस स्कूल में कक्षा १२ वीं में श्रध्दा गौतम ने पाया द्वितीय स्थान

बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई निवासी स्व. अजय गौतम की सुपुत्री श्रध्दा गौतम ने लेण्डेझरी स्थित सीएम राईस स्कूल में कक्षा १२ वीं विज्ञान एवं गणित संकाय में ५०० में से ४७२ अंक प्राप्त कर ९४.४ प्रतिशत बनाकर उत्तीर्ण होकर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम गौरवांवित किया है। छात्रा श्रध्दा गौतम बचपन से पढ़ाई में होनहार रही है और आगे अब लोकसेवा आयोग परीक्षा की तैयारी एवं सफलता प्राप्त कर देश की सेवा करना चाहती है। छात्रा श्रध्दा गौतम की इस सफलता पर शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने वालों में छात्रा की मम्मी श्रीमती पुस्तकला गौतम, मामा पुष्पकुमार, कृष्णा बोपचे सहित अन्य परिवार के सदस्यगण व शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल है।




कंजई में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## रमरमा महादेव पहाड़ी पर बैठक सम्पन्न

# विभागीय कार्यवाही के तहत कठोर दंड दिलवाने का सर्वसम्मति से हुआ निर्णय

**वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी अंतर्गत ग्राम रमरमा के पेंदीटोला स्थित रमरमा महादेव पहाड़ी पर २० अप्रैल को वन विभाग के डिप्टी रेंजर और तीन वनरक्षकों के द्वारा की गई तोड़फोड़ का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसमें २७ अप्रैल को आक्रोशित समिति सदस्य व ग्रामीण के पूर्व निर्धारित आंदोलन के तहत महादेव पहाड़ी के द्वार पर बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर समिति सदस्य, ग्रामीण जन एवं गणमान्य नागरिक जनों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें घटना के बाद प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही एवं उनके ऊपर एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई सहित अनेक प्रकार के विषयों को लेकर बैठक में सवाल किये गये। जिसमें समिति सदस्य व ग्रामीणों के द्वारा बारी-बारी अपने विचार प्रशासनिक अधिकारियों के सामने व्यक्त किये गये वहीं इस घटना की घोर निंदा करते हुये सभी स्तर से बेहद घटिया कार्य बताया गया। वही प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने विचार के उपरांत उनकी कार्यवाही और किस प्रकार आगे कार्यवाही की जायेगी उक्त संबंध में जानकारी दी गई। जहां दोनों पक्षों के विचारों में असमानता देखी गई परंतु लगातार चर्चा के बाद फॉरेस्ट विभाग के द्वारा समस्त तकनीकी और विधिक कार्यवाही की जानकारी देते हुये समस्त प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराई गई की किस प्रकार से प्रशासन काम कर रहा है। आगे क्या करने वाला है वर्तमान में निलंबन की कार्यवाही को महज प्राथमिक चरण बताते हुये आगे संभवत: सेवा समाप्ति तक की बात रखी गई की जांच उपरांत कुछ भी कार्यवाही हो सकती है। इसके बाद ग्रामीण शांत हुये उन्होंने फारेस्ट विभाग की विभागीय कार्यवाही पर सर्व सम्मति से संतुष्टि जाहिर कर बताई गई कार्यवाही अनुसार निरंतर कार्यवाही करने और उसकी सूचना समिति को देने की बात विभाग से कहते हुये मामले में कठोर कार्यवाही करने की बात स्पष्ट रूप से प्रशासनिक अधिकारियों से कहीं। इसके बाद सर्व सम्मति का निर्णय मानकर बैठक समाप्त की गयी।**





### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर महादेव समिति अध्यक्ष दिलेन्द्र ठाकरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल बिसेन, जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन, अभिषेक सुराना, राजा ठाकरे, एसडीम आरआर पांडे, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, रेंजर छत्रपाल सिंह जादौन , नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया, थाना प्रभारी बिभेन्द्रू व्यंकट टांडिया सहित हर हर महादेव समिति पदाधिकारी सदस्य पुलिस बल वनअमला राजस्व अमला ग्रामीण जन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### कार्यवाही पर नही होनी चाहिये लीपा पोती - लोमहर्ष बिसेन



जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन ने पद्मेश से चर्चा में कहा कि बैठक में जो निष्कर्ष आया है वह हमारी भावना के अनुरूप है। यहां हर समय हम पहुंच नहीं पाते हैं परंतु यहां पर जो समिति सदस्य है व ग्रामीण दिन भर रहकर काम करते हैं उनकी भावना का निष्कर्ष निकला है। निर्णय लिया गया है वन विभाग एवं एसडीएम ने जो बात कही है वह सत्यता की तरफ बढ़ना चाहिये विभागीय कार्यवाही जल्द होनी चाहिये। जब इनके द्वारा कहा जा रहा है तो वह अंजाम तक पहुंचे बीच में ऐसा नहीं होना चाहिए की लीपापोती हो गई।

### वन विभाग ने जो हरकत की थी उसके बारे में बताया गया - डुलेन्द्र ठाकरे

समिति अध्यक्ष डुलेंद्र ठाकरे ने बताया कि २० अप्रैल की रात में जो महादेव स्थल पर तोड़फोड़ हुई फिर जो कार्यवाही हुई हमने सभी स्थिति से अवगत करवाया उसके बाद इन लोगों ने २६ अप्रैल को कार्यवाही की तारीख दी थी जिन्होंने २३ अप्रैल को चार कर्मचारी पर कार्यवाही कर उन्हें निलंबित कर दिया इसके बाद २६ अप्रैल तक कुछ नहीं



सुनने मिला तो २७ को बैठक रखी थी। यहां प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुये समिति के साथ बैठे तो निर्णय लिया गया की वन विभाग कार्यवाही करेगा क्योंकि उनका कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। यहां हर किसी की मानसिक स्थिति सामने आ रही है कि उन पर शासकीय कार्यवाही हो ताकि भविष्य में कोई ऐसा न करे हम इससे सहमत हैं बात रही तोड़फोड़ की तो अधिकारियों के सामने बात हुई है हमने कहा है तो उन्होंने सात दिवस में जो भी तोड़फोड़ और व्यवस्था भंग हुई है उसे पूरा करने की बात कही है। एक विषय रखा गया है कि यहां से ७ से १० किलोमीटर दूर सोनेवानी गांव है जो विस्थापित हुआ है वहां तालाब गर्मी में भरा होता है जंगली जानवर पानी पीते हैं जहां से एक लंबा नाला महादेव तक आता है उसमें चेक डेम बनाये ताकि बरसात का पानी स्टोर हो। यहाँ सैलानी आते हैं जलप्रपात लंबा चलेगा जानवरों को भी लाभ मिलेगा और यह हमारी योजना है इस पर हम कार्य करेंगे और आगे हम यह स्थान अधिग्रहण करने की मांग कर रहे हैं ताकि इस प्रकार की घटना दोबारा ना हो सके।

### यह घटना निंदनीय - राहुल बिसेन

पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल बिसेन ने बताया कि वन विभाग कर्मचारियों ने तोड़फोड़ कर दी थी उसकी बैठक थी यहां निष्कर्ष निकला कि यह घटना निंदनीय है निम्न स्तर की है। इस घटना को किसी भी स्तर पर उचित नहीं कहा जा सकता जिससे जन भावना आहत हुई है। प्रशासन ने कार्यवाही के लिये अस्वस्थ किया है यह हमारा धार्मिक स्थल है सभी की आस्था का केंद्र है कोई अधिकारी कर्मचारी दोबारा ऐसा ना करें यही चाहते हैं और हम संतुष्ट है। इसमें जो डिप्टी रेंजर ने घटना करी है उसकी प्रवृत्ति अपराधी दृष्टिकोण से दिखती है इसके पहले भी वह स्थानीय सरपंच व ग्रामीणों ने उसके



अवैध खनन पर प्रामाणिकता के साथ शिकायत की थी आरोप लगाना अलग है पर प्रामाणिकता के साथ शिकायत करने पर विभाग की उदासीनता रही या अधिकारी उन पर क्यों मेहरबान थे पता नहीं उसका भी रोष ग्रामीणों में था। इसके पहले भी स्थानीय व्यक्ति ने यहां महादेव पहाड़ी पर एक दुकान लगाया था तो उसकी दुकान में इन्होंने आग लगा दी थी। जिसकी शिकायत पुलिस में की गई परंतु रिपोर्ट नहीं हुई जिससे इनकी हौसला अफ्जाई होती रही और विभाग ऐसी ही बचा रहा था।

### यह है मामला

वारासिवनी अंतर्गत ग्राम रमरमा के पेंदीटोला में महादेव पहाड़ी स्थित है जो वारासिवनी ही नहीं पूरे जिले व आसपास के जिलों में प्रसिद्ध स्थल है। जहां पर १२ महीने श्रध्दालु अपनी आस्थाओं के साथ महादेव के दर्शन करने आते हैं तो वहीं हजारों सैलानी प्रकृति की गोद में बसे रमरमा में प्रकृति के सौंदर्य को निहारने के लिए जंगल को महसूस करने के लिये उक्त स्थान पर आते हैं। जहां पर निस्वार्थ भाव से हर हर महादेव समिति निर्माण कार्य एवं साफसफाई बनाये हुये रखती है यह पूरा क्षेत्र दक्षिण सामान्य वन मंडल वन परिक्षेत्र वारासिवनी कार्यालय अंतर्गत आता है। जहां पर पदस्थ तत्कालीन डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन, सावंगी बीटगार्ड रविंद्र लड़कर, नैतरा बीटगार्ड राजा मड़ावी, रमरमा बीटगार्ड अशोक परते ने रात्रि में मंदिर परिसर पहुँचकर टेबल, कुर्सी और व्यपार कर रहें दुकानों के पंडालो में जमकर ताड़फोड कर वहाँ लगे झंडो पर आग लगा दी गई थी। जिससे ग्रामीणों सहित हर किसी की धार्मिक भावना आहत हुई थी जिनके द्वारा अपना जमकर आक्रोश व्यक्त किया गया था जिस पर वन विभाग के द्वारा मौके पर पहुंचकर २६ अप्रैल तक कठोर कार्यवाही करने की बात कही गई थी। जिस पर २३ अप्रैल को वन विभाग के द्वारा उक्त डिप्टी रेंजर व वनरक्षकों को निलंबित कर निलंबन अवधि में लांजी संलग्न कर दिया गया जिससे ग्रामीण और समिति सदस्यों के द्वारा वन विभाग पर अपने कर्मचारियों को बचाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद पूर्व निर्धारित समय के अनुसार २७ अप्रैल को महादेव पहाड़ी के द्वार पर प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीणों के बीच बैठक की गई जिसमें सर्वसम्मति से विभागीय कार्यवाही पर कठोर दंड दिलवाने का निर्णय लिया गया।

### इनका कहना है-



समय निर्धारित किया गया था बैठक का तो वह बैठक रखी गई थी। जिसमें निर्णय लिया गया जो सभी को स्वीकार है। विभागीय कार्यवाही आगे बढ़ेगी और कठोर कार्यवाही की जायेगी वर्तमान में इस चीज से सभी को अवगत कराया गया है आगे भी लगातार होने वाली कार्यवाही से अवगत कराकर उनके संज्ञान में ला दिया जायेगा विभागीय कार्यवाही पूरा करने के बाद सजा निर्धारित होगी।

**छत्रपाल सिंह जादौन, रेंजर वारासिवनी**

रमरमा में ग्रामीण एवं समिति सदस्यों के साथ हम सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने चर्चा कर निर्णय लिया है कि विधिक कार्यवाही जो विभाग स्तर पर प्रचलित है उसे सभी ने स्वीकार किया है और उसी के सहारे अब आगे बढ़ा जायेगा।

**अभिषेक चौधरी**
**एसडीओपी वारासिवनी**



रमरमा मंदिर में जो घटना हुई थी उसे लेकर यहां पर बैठक आयोजित की गई है जिसमें ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों के द्वारा जो भी बिंदु सामने निकलकर आये हैं उसे पर प्रशासन त्वरित कार्यवाही करेगा इसके लिए हमने सभी को अस्वस्थ किया है।

**आरआर पांडे**
**एसडीएम वारासिवनी**



# टिहलीबाई विद्यालय ने अपना इतिहास दोहराया

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। शिक्षाविद स्व. दादूलाल पारीवाल के द्वारा स्थापित नगर की अंग्रजी माध्यम की ऐतिहासिक संस्था टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय संस्था के प्रधान पंचम हनवत के नेतृत्व में उत्तरोत्तर प्रगति के सोपान पर बढ़ते हुए अपने इतिहास की ओर अग्रसार हो रही है। हाल ही में पूर्व माध्यमिक परीक्षा कक्षा ८वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए जिसके तहत संस्था में कक्षा आठवी में दर्ज ३३ विद्यार्थियों में सभी विद्यार्थी प्रविष्ट हुए जिनमें १३ विद्यार्थी ए प्लस,१८ विद्यार्थी ए एवं







२ विद्यार्थी बी प्लस में रहे इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । यहाँ यह उल्लेखनीय है कि संस्था के तीन विद्यार्थी कु. रिद्धिमा धनेश पटले ९५, धैर्य अरुण ठाकुर ९४ ,कु. दिशा ज्ञानीराम हरने ९३ प्रतिशत अंक लेकर विकासखंड वारासिवनी स्तर पर अव्वल रहे। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम साथ ही विकासखंड स्तर पर शीर्षस्थ स्थान पाने से विद्यालय का इतिहास परिलाक्षित हो रहा है। अच्छे परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियो ने अपने पालक सहित विद्यालय नगर व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर स्त्रोत समन्वयक सत्येन्द्र शरणागत ,सीएम राईज विद्यालय प्राचार्य हुमराज पटले, संकुल प्राचार्य के एल चौहान,प्रणव श्रीवास्तव, गणेश सिंह ठाकुर, धनेन्द्र सोनेकर,विनोद डहाके सहित गणमान्य नागरिको व पालको ने बधाईयां देते हुए भविष्य की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई है। विद्यार्थी की इस सफ्लता में संस्था प्रधान सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा जिनमें श्रीमती अंजू वासनिक,शलभ सिंह बैस, संतोष वाल्दे, सुश्री अंजू नगपूरे, श्रीमती मीनाक्षी बिसेन एवं श्रीमती वंदना मेश्राम का शिक्षण कार्य सराहनीय रहा है।

# डोकेवासियों को नही मिल रहा नल जल योजना का लाभ



वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंर्तगत आने वाली ग्राम पंचायत डोके में नल जल योजना का पानी नही मिल रहा है। ग्राम में जरूर नल जल योजना संचालित हो रही है मगर इसके लाभ से ग्रामीण जन वंचित है। ग्राम में हर बार दो से तीन बाद ही पानी मिल रहा है। जिसकी वजह से वे अन्य संसाधनों पर आश्रित है। ग्रामीण जनों का साफ तौर पर कहना है कि उन्हे नल जल योजना का पानी मिलना चाहिये।

### अन्य संसाधनों से लाना पड़ रहा पानी - धनवंता राहंगडाले

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्रामीण श्रीमती धनवंता राहंगडाले ने बताया कि हम लोगों के ग्राम पंचायत डोके में नल जल योजना जरूर है मगर इस नल जल योजना का लाभ हमे नही मिल रहा है। जिसकी वजह से हमे अन्य संसाधनो से पानी लाना पड़ रहा है। बीते दिवस हमारे ग्राम में ३ शादी हुई। जिसमें एक शादी हमारे परिवार में थी वही दो शादी अन्य ग्रामीणों के घर हुई। सभी लोगो के साथ पानी की समस्या बनी रही है। हमारे ग्राम में पानी की काफी समस्या है जिसका हल होना चाहिये।

### 3 में से 2 हेडपंप खराब - संपता राहंगडाले

इसी तरह ग्रामीण संपता राहंगडाले ने पद्मेश को बताया कि उनके ग्राम डोके में पानी की काफी समस्या है। वर्तमान में हमारे ग्राम में या कहे की हमारी टोली में ३ हेडपंप में से २ हेडपंप खराब है। सिर्फ १ हेडपंप से ही हम पानी ला रहे है। हम नल जल योजना का ६० रूपये किराया भी भर रहे है। मगर हमे पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है। आगामी समय में जिनके घर बोर है हमे उनसे पानी लेने पर उन्हे किराया भी देना पड़ेगा।

### नही मिलता पानी - शीला राहंगडाले

ग्रामीण शीला राहंगडाले ने पद्मेश को बताया कि उनके ग्राम डोके के इस हिस्से में नल जल योजना का पानी नही मिलता है। हम किससे शिकायत करे हमे नही पता मगर जब नल जल योजना के कनेक्शन हुये है तो हमे पानी मिलना चाहिये। बस हमारी यही मांग है, हमारी मांग पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों को ध्यान देना चाहिये ताकि हमे भी पानी पर्याप्त रूप से प्रतिदिन मिले।

### समाधान करने का किया जा रहा प्रयास - रीता मड़ावी

इस मामले में ग्राम सरपंच श्रीमती रीता मड़ावी ने पद्मेश को बताया कि हमारे द्वारा जिला पंचायत में इस बात की शिकायत की गई है की हमारे ग्राम में पानी की समस्या है। मेरे पति ने स्वयं जाकर यह शिकायत दर्ज कराई है। हम भी मान रहे है कि हमारी ग्राम पंचायत डोके में पानी की समस्या है जिसे सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

# शासकीय प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम का अच्छा रहा परीक्षा परिणाम




वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहंदीवाडा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का इस वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। इसमें पांचवी कक्षा में वार्षिक मूल्यांकन सत्र २०२३-२४ के परीक्षा परिणाम जो राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के माध्यम से जारी किये गये उसमें प्रथम स्थान पर कनिक पिता मदनलाल बंसोड़ ८७ प्रतिशत के साथ रही वहीं द्वितीय स्थान पर कुमारी मीनाक्षी पिता मंगेश चापुकर ८५ प्रतिशत के साथ रही तथा तृतीय स्थान पर कुमारी धवनि पटले पिता सुरेश पटले ७३ प्रतिशत के साथ स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा के अन्य छात्र.छात्राओं के द्वारा भी बेहतर तरीके से अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की गई। परंतु इसमें द्वितीय स्थान पर रहने वाली वारासिवनी निवासी मंगेश चापुकर की पुत्री मीनाक्षी चापुकर का चयन हॉल ही में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में हुआ है जिन्होंने मेहंदीवाड़ा शासकीय प्राथमिक अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल के साथ अपने माता.पिता और परिवार जनों का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस सफलता पर प्रधान पाठक प्रदीप कुमार कोसरकर संकुल प्राचार्य वीपी पांडे ग्राम सरपंच श्रीमती अंजलि किशोर तामेश्वर शाला अध्यक्ष श्रीमती ऊबनबाई शिक्षक नरेंद्र कुमार डोहरे संजय जंगजुडे श्याम बिसेन कुमारी निशांत कुरैशी श्रीमती चंद्रकला माहुले श्रीमती गंगेश्वरी ठाकरे ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### सूचना आम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वारासिवनी वार्ड नं.०७ रेस्ट हाउस के सामने खसरा नं. ९८/५ रकबा ०.२२३ हेक्टेयर भूमि पर ६ कमरों की चाल स्थित थी जिसे बिक्री के निष्पादन में मेरे द्वारा ५०१०१ रूपये में न्यायालय से नीलाम में खरीदा गया था। जो कि पूरनलाल पारधी विरूद्ध गोपीकिसन अग्रवाल के निष्पादन वाद में क्रय किया गया था। जिसके प्रकरण चलते रहे और माननीय उच्च न्यायालय में मेरे द्वारा एम.ए. केश नं. ३०१६/वर्ष २००६ निर्दोष माडल विरूद्ध मधुसूदन एवं अन्य में पेश अपील में दिनांक २१/०८/२००६ को माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में यथास्थिति बनायें रखने के आदेश पारित किये गए हैं जो आज भी यथावत है। अत: गोपीकिसन अग्रवाल के वारसानों को उक्त संपत्ति बिक्री, बय , बक्शिश करने का अधिकार नहीं है। यदि कोई उक्त संपत्ति क्रय करता है तो बिक्री पत्र शून्य माना जावेगा।

वास्ते सूचनार्थ

**निर्दोष माडल पिता रमेशचंद माडल निवासी वार्ड नं. 13 वारासिवनी तहः वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.**

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मशीन में भरोसा

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिए डाले गये मतों की 'पेपर ट्रेल' के 100 फीसदी सत्यापन की मांग सुप्रीम कोर्ट द्वारा ठुकरा दिये जाने में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि वर्तमान सत्यापन प्रणाली किसी लाइलाज खामी से ग्रसित है। पीठ के दो एकमत फैसलों ने उस विश्वास को दोहराया है जो न्यायपालिका ने चुनाव प्रक्रिया की ईमानदारी में अब तक बनाये रखा है, खासकर 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' या वीवीपैट लाये जाने के बाद। इस प्रक्रिया में, पीठ ने कागज के मतपत्रों (पेपर बैलेट) की ओर लौटने के विचार को भी खारिज कर दिया, क्योंकि इस तरह का कदम वास्तव में प्रतिगामी होगा और पेपर बैलेट से जुड़े जोखिमों के खात्मे से हुए फायदों को निष्फल बनायेगा। यह पहली बार नहीं है जब शीर्ष अदालत ने स्थापित प्रणाली में दखलअंदाजी करने से इनकार किया है – इससे पहले एक मामले में उसने 'पेपर ट्रेल' के 50 फीसदी सत्यापन और एक अन्य मामले में 100 फीसदी सत्यापन का का आदेश देने से मना किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका का इस्तेमाल वर्तमान प्रणाली में मौजूद प्रशासनिक और तकनीकी सुरक्षात्मक–उपायों की समीक्षा करने के लिए किया और ऐसा कुछ नहीं पाया जो इसमें उसके विश्वास को कमजोर करता हो। अदालत द्वारा दिये गये दो निर्देश दूसरी गंभीर आशंकाओं से निपटने के लिए हैं। उसने नतीजों के एलान के बाद 45 दिनों तक 'सिंबल लोडिंग यूनिटों' को महफूज रखने को कहा है। उसने यह भी कहा है कि हारने वाले दो शीर्ष उम्मीदवार प्रति विधानसभा क्षेत्र पांच फीसदी ईवीएम के माइक्रो–कंट्रोलरों के सत्यापन की मांग कर सकते हैं, ताकि अगर कोई छेड़छाड़ हुई हो तो वह पकड़ में आ सके।

वर्ष 2013 के एक फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि 卐स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के लिए 'पेपर ट्रेल' एक अनिवार्य जरूरत है卐। एक अन्य मामले में, उसने वीवीपैट सत्यापन के लिए मतदान केंद्रों की संख्या प्रति विधानसभा क्षेत्र या खंड में एक से बढ़ाकर पांच करने का पक्ष लिया। 'पेपर ऑडिट ट्रेल' इन आशंकाओं के जवाब में लायी गयी कि मतदाताओं के पास यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं था कि उनका मत सही–सही दर्ज हुआ या नहीं। यह थोड़ा विडंबनापूर्ण है कि इस तरह के डर से निपटने के लिए जो सत्यापन प्रणाली लायी गयी वह खुद विवाद का विषय बन गयी है कि 'पेपर ट्रेल' का किस हद तक सत्यापन किया जाए। अपनी राय में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने ये सुझाव दर्ज किये हैं कि वीवीपैट पर्चियों को मशीनों के जरिए गिना जा सकता है, और भविष्य में गिनती आसान बनाने के लिए वीवीपैट इकाइयों में लोड किये गये चुनाव चिन्हों को बारकोड से लैस किया जा सकता है। यह स्पष्ट होना चाहिए कि इस तरह के तकनीकी उन्नयन से ही चुनाव प्रक्रिया संदेह–मुक्त बन सकती है। गौर करने लायक ज्यादा बड़ी बात यह है कि संभावित हेराफेरी की आशंकाएं व संदेह इशारा करते हैं कि भारत निर्वाचन आयोग में अविश्वास का यह स्तर पहले कभी नहीं देखा गया। मतदान और मतगणना की प्रणाली में मतदाता का विश्वास एक चीज है, मगर चुनाव निगरानी–संस्था को निष्पक्ष संस्था के रूप में देखा जाना बिल्कुल दूसरी।

# डालते चलो ! बस वोट डालते चलो !!...

लोकतंत्र की सेहत के लिए जरूरी है कि मतदाता जागरूक हो । जागरूक मतदाता ही लोकतांत्र को हर संकट से बचाता है। सत्ता वोटर को नचाती है और वोटर सत्ता को। वोटर ने अतीत में नायकों,खलनायकों और तो बड़े –बड़े अधिनायकों को कत्थक कराया है। 2024 के आम चुनाव में भी भारतीय मतदाता जिस तर्ज पर मतदान कर रहा है उसे देखकर पता नहीं क्यों सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ी हुई है। मतदान के पहले दो चरणों ने तो सत्तारूढदल को बहुत निराश किया है।

मुझे यद् है की 1965 में एक फिल्म आई थी हम सब उस्ताद है इस फिल्म के लिए हमारे उस्ताद असद भोपाली ने एक गीत लिखा था – हो प्यार बांटते चलो


प्यार बांटते चलो
हे प्यार बांटते चलो
प्यार बांटते चलो
क्या हिन्दू क्या मुसलमान
हम सब हैं भाई भाई

आज मुझे लगता है कि असद भाई होते तो इस गीत को दोबारा लिखते और कहते

– वोट डालते चलो
वोट डालते चलो
हे वोट डालते चलो
वोट डालते चलो
क्या हिन्दू,क्या मुसलमान
हम सब हैं भाई –भाई

दरअसल भारत का वोटर भारतीय होने के नाते वोट डालता है। लेकिन पहली बार हमारे पंत प्रधान ने वोटरों को हिन्दू –मुसलमान में विभक्त कर दिया। वोटरों में भक्तों अंधभक्तों की जमात अलग है । पंत प्रधान ने वोटरों को डराया,मुसलमानों का भय दिखाया ,कहा वे सत्ता में आये तो मंगलसूत्र लूट लेंगे। आपकी विरासत उन मुसलमानों में बाँट देंगे जो ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। वोटर पंत प्रधान के इस आव्हान से भ्रमित हो गए और इसका असर पहले और दूसरे चरण के मतदान पर साफ़ दिखाई दे रहा है। अपेक्षित मतदान न होने से मोशा जोड़ी की नींद उड़ गयी है। मोशा जोड़ी चाहती थी कि भारत में भी रूस की तर्ज पर कम से कम 87 फीसदी मतदान तो होता ताकि मोदी जी को पुतिन जैसा जन समर्थन मिलने का डंका बजाया जा सकता।

हम लोग सनातनी हैं इसलिए धार्मिक ग्रंथों में हमारी अटूट आस्था है। राम चरित मानस की



चौपाइयां तो हमारे लिए सूत्रों /मंत्रों के सदृश्य है। मानस में कहा गया है कि – होइहै वो ही जो राम रची रखा। को कह तर्क बढ़ावहि साखा।। इसलिए मतदान के प्रतिशत को लेकर हम कोई तर्क/वितर्क करना ही नहीं चाहते। सत्तारूढ़ दल कम मतदान से चिंतित है तो हमारी बला से। हम तो सिर्फ इतना जानता हैं कि वोटरों को हिन्दू–मुसलमान बने बिना अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए। यही राजधर्म है । यही राष्ट्रप्रेम है। इसी से सद्गति भी मिलती है । इसी से अच्छे दिन आते–जाते रहते हैं।

केंचुआ के आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों के लिए शुक्रवार शाम छह बजे तक 68.49 फीसदी मतदान हुआ। सात राज्यों में मतदान 70 फीसदी से अधिक रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 79.66 फीसदी मतदान हुआ। राजस्थान को छोड़कर हिंदी पट्टी में मतदान को लेकर उत्साह नजर नहीं आया। सरकार और सरकारी पार्टी को लगता है कि हमारा वोटर केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला का कहा बुरा मान गया। कम से कम राजपूत तो मान ही गए इसलिए उन्होंने या तो जानबूझकर भाजपाई होते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान नहीं किया ,या किया है तो भाजपा को सबक सिखाने के लिए किया है। राजपूत अपने जातियय अपमान को कदापि नहीं भूल पाए यद्यपि राजनाथ सिंह से लेकर योगी आदित्यनाथ तक ने कस –बल लगाया।

मोशा के लिए भाजपा को और माननीय नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार सत्ता में लाने के लिए सबसे ज्यादा उम्मीद उत्तरप्रदेश के मतदाताओं से है किन्तु दूसरे चरण के मतदान में उत्तरप्रदेश के मतदाताओं ने ही सबसे ज्यादा गैर जिम्मेदारी से मतदान किया। आंकड़ों पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर 54.85 फीसदी मतदान हुआ। अमरोहा में सबसे अधिक 64.02 फीसदी व मथुरा में सबसे कम 49.29 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, बुलंदशहर में 55.79, मेरठ में 58.70, बागपत में 55.93, गौतमबुद्धनगर में 53.21, गाजियाबाद में 49.65 और अलीगढ़ में 56.62 फीसदी वोटिंग हुई। अब मथुरा से तो स्वपन सुंदरी हेमा मालिनी जी चुनाव लड़ रहीं है। यदि उनके प्रति भी मतदाता का आकर्षण कम हुआ है तो फिर दूसरों के बारे में कहा ही क्या जा सकता है। अब हेमा जी भी क्या क्या करे । अपने मतदाताओं का ख्याल रखें या बिजली के पंखों और आरओ के विज्ञापन करें ?

लोकतंत्र में चुनाव कि एक–दो नहीं पूरी सात भाँवरें डाली जाती है। अभी तो केवल दो भाँवरें पड़ीं हैं और मोशा की जोड़ी को दिन में तारे नजर आ रहे हैं। मुमकिन है कि राहुल गाँधी और उनकी टीम के साथ भी ऐसा ही हो रहा हो किन्तु वे अपने माथे पर शिकन नहीं पड़ने दे रहे। उन्हें सत्ता में आने की फ़िक्र है न कि भाजपा की तरह सत्ता से बाहर जाने की। सत्ता का स्वाद चख चुके भाजपा के मनीषी नेता अब बिना सत्ता के रह नहीं सकते। मुमकिन है कि सत्ता के बिना उन्हें पक्षाघात हो जाये । दिल का दौरा पड़ जाय। रक्तचाप ऊपर–नीचे हो जाये। दुसरे चरण के बाद सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने हर सूबे में जाकर आपात बैठकें की है। शायद वे पछता रहे हैं कि उन्होंने कांग्रेस से बहुत कुछ सीखा लेकिन आपातकाल लगना क्यों नहीं सीखा ? उनकी चिंता को समझा जा सकता है। समझा जाना चाहिये । आखिर भाजपा वाले मुसलमानों की तरह कोई बाहरी व्यक्ति तो हैं नहीं !

हम इस बात के सख्त खिलाफ हैं कि देश के मतदाताओं को हिन्दू या मुसलमान में बांटा जाये। हमें ये भी अच्छा नहीं लगता कि देश का मतदाता भक्तों और अंधभक्तों की तरह पहचाना जाये। जैसे सत्ता परम स्वतंत्र होती है वैसे ही मतदाता को भी परम स्वतंत्र होना चाहिये । कम से कम मतदान के दिन तो ऐसा होना ही चाहिए। परम स्वतंत्र मतदाता ही सही फैसला कर सकता है । ऐसे परम स्वतंत्र मतदाता को डराया –धमकाया नहीं जा सकता। न हिन्दू को मुस्सलमान से और न मुसलमान को हिन्दू से। सदियों से वे साथ–साथ रहते आये है। वे भाजपा के जन्म से पहले भी हिलमिलकर रहते थे और भाजपा के बाद भी हिल–मिलकर ही रहने वाले हैं। न भाजपा उन्हें देश निकाला दे सकती है और न कांग्रेस। किसी ने किसी का मंगलसूत्र कभी नहीं छीना। अभी तक तो किसी कि विरासत पर कोई टैक्स लगा और न आगे लगेगा।

दरअसल भाजपा सैम अंकल की एक बात को लेकर उड़ पड़े। जबकि सेम अंकल ने सिर्फ एक बात प्रसंगवश विमर्श के लिए जनता के सामने रखी थी। मतदान के तीसरे से लेकर सातवें चरण तक मतदाताओं को एक ही बात रखना चाहिए कि ये चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हो रहा है। ये चुनाव हिन्दू–मुसलमान के लिए नहीं बल्कि एक नए हिन्दुस्तान के लिए हो रहें हैं ,जिसमें अदावत न हो ,घृणा न हो विद्वेष न हो। भाई–चारा हो। लेकिन ऐसा देश राजनितिक दल तो बनने नहीं दे सकते। ये काम तो केवल और केवल देश का मतदाता कर सकते हैं। इस समय देश के सामने जो चुनावी मुद्दे होना चाहिए थे,वे सिरे से नदारद हैं। उन्हें गोल कर दिया गया है। अब ये वोटर को देखना है कि कौन –क्या कर रहा है ? अभी बहुत वक्त है। बस वोट डालते चलो ,वोट डालते चलो। क्या हिन्दू ,क्या मुसलमान हम सब हैं भाई–भाई। हमारे बीच जो विभाजक रेखा खींचना चाहता है ,उसे पहचानों और उसे मोक्ष प्रदान करो।

**- राकेश अचल**

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ–साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन–केन–प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक–एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार–प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।




सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग–अलग स्त्रोतों से अलग–अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ–साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ–साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकर्ताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम–धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

**- ललित गर्ग**

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है , शेष अभी बाकी हैं। बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है , यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66 प्र??तिशित युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे ज़ारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है।

समाज में आज युवा–वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तेर्राष्ट्रीय स्थिति , परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति , विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है ,इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आज़ादी पायी थी। ज़रा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा–शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस उचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है , सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं।

विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व , रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यत: कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है , हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत , सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारत्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है।

किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था , विज्ञान ,अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है। राष्ट्र हित में दिया गया हमारा एक वोट एक शक्तिशाली राष्ट्र की गारंटी है। 66त्न जैसे बड़े प्रतिशत के साथ आध्यात्मिक शक्ति को साथ लेकर हम जो भी संकल्प ले लेंगे उसे रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है। आज हमारे राष्ट्र को हमारे मत के रूप में हमारी आवश्यकता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत को एक शक्तिसंपन्न सरकार देना भी हम युवाओं का ही उत्तरदायित्व है। आइये हम सभी संकल्प लें की लोकतंत्र के इस महान पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए हम सभी मतदान करेगे और करवाएगें।

**- डॉ. निशा शर्मा**

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर । उठाव की सुस्तता से शनिवार को स्थानीय किराना बाजार में नारियल घटाकर बोला गया। खाद्य तेलों में बाजार सुस्ती पर रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा मजबूती पर रहा। दलहनों में चना मजबूत नज़र आया। मसूर में सुस्ती आयी।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार शनिवार को स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। नारियल उठाव की सुस्तता से घटाकर बोला गया। खाद्य तेलों में सुस्ती कायम रही। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। दलहनों में चने में लेवाली से बाजार बड़त पर रहे। मसूर में सुस्ती आयी। भाव इस प्रकार रहे =

**किराना** - शक्कर 3930-4000, खोपरा गोला 118-140, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 270-275, मीडियम 280-285, बेस्ट 290-300, ऊंझा हल्का 285-290, मीडियम 310-340, बेस्ट 360-380, हल्दी निजामाबाद 180-215, सांगली 275-290, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 130-140, मीडियम 180-220, बेस्ट 280-325, सौंफ बारि?क 270-310, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 575-580, गरबल 550-560, मटर दाना 580-595, खसखस अनक्लीन 800-900, क्लीन 950-1200, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-210, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 550-750, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2050-2100, बोल्ड 2250-2300, एक्ट्रा बोल्ड 2400-2650, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 610-640, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 640-770, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1485-1500, बेस्ट 1600, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 650-925, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1800-1850, (160) 2000-2050, (200) 2200-2250, (250) 2050-2100

**तेल** - सींगदाना 1490-1500, मुम्बई 1500, राजकोट तेलिया 2350, सोया साल्वेंट 880-885, सोया रिफाइंड 920-950, कपास्या 925, धूलिया 925, कड़ी 930,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1460, मुम्बई पाम 910, मुम्बई सोया 930,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1810, देवास-उज्जैन 1810, खंडवा-बुरहानपुर 1790, अकोला 2840 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 5800-5850, एवरेज 5300-5400, रायडा 4600-4700, सोयाबीन 4600-4650, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6400-6450, एवरेज 6100-6200, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 11000-11100, एवरेज 10500-10700, हल्की 9500-9800, तुअर महाराष्ट्र 11500-11700, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

**दाल** - चना दाल एवरेज 7900-8000, बोल्ड 8100-8500, तुअर दाल सवा नं. 14200-14400, तुअर दाल फूल 16000-16100, तुअर दाल बोल्ड 17000-17100, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10750-10850, बोल्ड 11000-11100, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 11300-11500, बोल्ड 11500-11600, मोगर 12100-12200, बोल्ड 12300-12400,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 340 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर । शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में कामकाज की मात्रा कम ही रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मजबूती के रहे। भाव इस प्रकार रहे =

चॉंदी (9999) 82400, चॉंदी (99) 82300, टंच 81600, सिक्का 900, सोना 10 ग्राम 74200,

## क्रेडट कार्ड से यूटिलिटी भुगतान पर एक फीसदी शुल्क लगेगा

नई दिल्ली । यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एक मई से क्रेडिट कार्ड से यूटिलिटी पेमेंट करने पर शुल्क को लागू करेगा। हालांकि, यह शुल्क तब लगेगा जब आप एक साइकल में यस बैंक से 15,000 रुपये से ज्यादा का भुगतान करेंगे। अगर कोई ग्राहक 15,000 रुपये से ज्यादा का यूटिलिटी बिल का भुगतान करता है तो उसे एक फीसदी शुल्क पर 18 फीसदी जीएसटी भी देना होगा। आईडीएफसी फर्स्ट ने इसकी सीमा 20,000 रुपये रखी है।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए परिवार में कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। आप अपने परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपसे काम में कुछ गलती हो सकती है। आपको किसी दूसरे के काम में कोई गलती नहीं निकालनी हैं। किसी के बहकावे में आकार कोई भी निवेश न करें, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवन साथी के करियर में आपको एक अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, जिससे आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आप किसी बचत की योजना में निवेश कर सकते हैं, जिससे भविष्य में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको संतान से संबंधित कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

**मिथुन** - आज आप परोपकार से जुड़े कार्य कर सकते हैं, जिससे आपका नाम होगा। आप आधुनिक कार्यों में आगे बढ़ेंगे। आपकी कला कौशल में भी सुधार आएगा। विदेश से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहें, नहीं तो वह आपके बनते कामों मे विघ्न डाल सकते हैं। आपको अपनी माता जी की सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में आपको किसी को साझेदार बनाने से बचना होगा। आपका किसी घर,मकान, दुकान आदि खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई लेनदेन ना करें। आपको किसी काम के चलते अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। यदि आप किसी नई नौकरी की तलाश कर रहे थे, तो आप उसमे सफल होंगे। आप किसी को भी बिना मांगे सलाह देने से बचें। कार्यक्षेत्र में लोग आपके कामों की तारीफ करते नजर आएंगे। परिवार में सदस्यों में यदि कुछ कलह चल रही थी तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**कन्या** - आज आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन की अक्समात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से मदद की आवश्यकता है। आप अपनी सुख सुविधाओं की वस्तुओं पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपको तेज वाहनों के प्रयोग से संभलकर चलना होगा। आप किसी वाद विवाद से दूर रहे। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आप अपने काम को छोड़कर दूसरों का काम निपटाने में लगे रह सकते हैं। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में कुछ ना बोलें, अन्यथा कोर्ट कचहरी हो सकती है। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। आप अपने धन को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज आप कार्यक्षेत्र में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपने खान-पान पर नियंत्रण बनाए रखें। आपको कुछ पेट संबंधित समस्या हो सकती हैं। आपका कोई मित्र आपकी मदद के लिए आगे आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है ।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। अपने यदि पहले कोई निवेश किया था, तो उससे आपको कोई नुकसान हो सकता है। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी की योजना बना रहे हैं, तो उसमें आप उसके चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जाचं ले। कार्यक्षेत्र में कोई आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकता है। आपको स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करनी होगी, जिसमें आप डॉक्टरी परामर्श अवश्य लें।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्ण रहने वाला है। व्यवसाय में आप कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपको किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए अपने भाई व बहनों से बातचीत करनी होगी। परिवार में कोई आपकी किसी बात का बुरा मान सकता है।

**कुंभ** - आज आप कोई भी काम पूरा सोच विचार कर ही करेंगे। आप यदि किसी योजना में धन लगाएंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई काम यदि अटक गया था, तो वह शीघ्र ही पूरा होग। आपको अपने आस पड़ोस में लोगों से बना कर रखनी होगी,तभी आप उनसे कोई काम निकलवा सकेंगे।

**मीन** - कार्य क्षेत्र में अधिकारियों का पूरा साथ मिलेगा। यदि आप किसी काम को लेकर अपने जीवनसाथी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आपका कोई नुकसान होने की संभावना है। आपको अपनी संतान के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा।

## शब्दजाल - 7522

शब्द जाल में 'म' नाम से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | म | म | न | च | ली | क | म | ल | म |
| म | बा | ब | लि | दा | न | म | मै | स | ल | न |
| र्या | ह | म | र | ते | द | म | त | क | य | की |
| दा | ब | बं | र | दे | म | ब | द | ल | श | आं |
| म | इ | म | म | सं | व | क | श | र | में | खें |
| हा | म | म | ई | म | र | क | स | ना | जि | ज |
| रा | बं | द | श | र्द | क | मं | र | द | ल | ब |
| म | र | ब | र | व | ज | सी | ग | न | प | न |
| क | म | ल | ज | इं | बा | री | ऐ | ल | प | र |
| क | शा | ल | म | बू | डि | स | म | ब | पां | जा |
| का | ल | बं | ध | न | क | या | म | ग | प | डे |


मंजिल, मर्यादा, मदर इंडिया, मर्द, मशाल, मरते दम तक, मकसद, मनचली, मंगल पांडे, मन की आंखें।

### शब्दजाल - 7521 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**28 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**रविवार** 2024 वर्ष का 119 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 08.22 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 04.49 बजे प्रात: को समाप्त।
**योग** शिव 02.06 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 08.22 बजे तदनन्तर कौलव 20.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 14'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871963
**जूलियन दिन** 2460428.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 18

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.28 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मिथुन | 08.26 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.39 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.55 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.07 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.18 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.33 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.49 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.54 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 01.40 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | मीन | 03.13 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 04.44 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6466

**ऊपर से नीचे:-**

१. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२. संजयदत्त, जूही चावला की 'आलारे पाउस अला' गीत वाली फिल्म-३
३. आशुतोष गोवारीकर की बहुचर्चित फिल्म 'लगान' के संगीतकार कौन है-४
४. जीतेंद्र, रीना रामेश्वरी की फिल्म-२
५. संजय खान, मुमताज की 'ऐ हसीनों नाजनीनों' गीत वाली फिल्म-२
७. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, ट्विंकल की फिल्म-२
९. फिल्म 'मन की आँखें' की नायिका थी-३
११. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली जैकी, जूही, अमृता की फिल्म-३
१३. राजकपूर, नर्गिस की 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तन्हा तन्हा दिल धड़के' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली की फिल्म-३
१५. 'अभिमान' में अमिताभ की नायिका-२
१६. राज बब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो' गीत वाली फिल्म-३
१८. राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
१९. 'बेचारा दिल क्या करे' गीतवाली फिल्म-३
२१. धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
२२. 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
२३. अमिताभ, संजीव, शर्मिला की फिल्म-३
२५. 'मैं तो हुँ पागल मुंडा' गीत वाली फिल्म-२
२६. संजयदत्त, सलमान, रवीना की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. मनोज वाजपेयी, अरशद, तब्बू, की 'बाब मेरी ये' गीत वाली फिल्म-२
२. 'जीवन से भरी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
४. सुनील शेट्टी, शिल्पा शेट्टी की 'हैलो हैलो बोलके' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ऐसा मिलन कल हो ना' गीत वाली सैफअली, काजोल की फिल्म-३
८. कुमार गौरव, विजयेता की 'याद आ रही है' गीत वाली फिल्म-२,२
१०. 'आँखें' ती नायिका कौन थी-२
१२. 'दिल में छुपाके प्यार' गीत वाली दिलीपकुमार, निम्मी की फिल्म-२
१३. दिलीपकुमार, मीना की 'राधा ना बोले ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'किसी से तुम' गीत वाली लारा दत्ता, प्रियंका, अक्षय की फिल्म-३
१६. राजकपूर, राजेंद्र, वैजयंती की 'मैं क्या करूंराम' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली अमिताभ, अमजद, नीतू की फिल्म-३
२०. फिल्म 'कहानी किस्मत की' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२२. नसीर, आमिर, सौनाली, उपासना की 'जो हाल दिल' गीत वाली फिल्म-५
२४. 'दिल में जागी धड़कन' गीत वाली लक्की अली, गौरी की फिल्म-२
२५. अशोककुमार के गाये बालगीत 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' वाली फिल्म-४
२७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
२८. संजयदत्त, मनीषा की 'कसम से कसम से' गीत वाली फिल्म-३
२९. अजय, अभिषेक, रानी, एशा की 'कभी नीम नीम' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6465

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: जज का फैसला

पी. डब्ल्यू स्मिथ अमेरिका के मशहूर जज थे। एक बार वह अदालत से घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी से टकरा कर एक व्यक्ति घायल हो गया। तत्काल भीड़ इकट्ठा हो गई और जैसा कि होता है, सभी लोग कार चालक को बुरा-भला कहने लगे। लेकिन लोगों को जब पता चला कि कार चालक कोई और नहीं जाने-माने न्यायाधीश स्मिथ हैं, तो लोग घायल व्यक्ति को ही दोषी ठहराने लगे। स्मिथ ने कहा, 'इस समय कौन दोषी है, इसका फैसला आप लोग नहीं कर सकते। इसका निर्णय तो अदालत करेगी। इस समय तो इस शख्स को इलाज की जरूरत है।' जज साहब लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले गए और उसकी मरहम पट्टी कराई। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में तैनात पुलिस से कहा, 'यह मेरी गाड़ी से घायल हुआ है, मेरे खिलाफ इसका केस दर्ज किया जाए।' पहले तो पुलिस वालों ने आनाकानी की, लेकिन स्मिथ के दबाव पर केस दर्ज हो गया। दूसरे दिन पुलिस ने उनके सामने यह केस पेश किया। इससे कुछ दिनों पहले स्मिथ ने इसी तरह के हादसे में एक व्यक्ति को 15 दिन की कैद या 15 डॉलर जुर्माने की सजा सुनाई थी। उसी फैसले को नजीर मान कर उन्होंने अपने को वही सजा सुना दी, फिर पुलिस से कहा, 'मुझे जेल ले चलो।' पुलिस वाले उच्चाधिकारियों के आदेश के बिना जज साहब को जेल कैसे ले जाते! उन्होंने इसकी सूचना मुख्य न्यायाधीश को दी। मुख्य न्यायाधीश कुछ देर बाद स्मिथ की अदालत में पहुंचे और कहा, 'हमें आप के निर्णय पर गर्व है। यदि सभी जज आप की तरह इंसाफ करने लगे तो लोगों का इंसाफ पर भरोसा और मजबूत होगा। आप ने अपना फैसला सुना दिया। अब मेरा भी फैसला सुन लीजिए।' मुख्य न्यायाधीश ने कैद की जगह 15 डॉलर का जुर्माना स्वयं देकर स्मिथ को बरी कराया। स्मिथ ने कहा, 'इंसाफ सबके लिए बराबर होना चाहिए।' यह कह कर उन्होंने 15 डॉलर चीफ जस्टिस को लौटा दिये।

## सूडोकु नवताल- 6775

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल - 6774 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## शब्द पहेली - 7990

**बाएँ से दाएँ**

1. लाचार,बेबस-3
3. प्राण,जान-3
5. दुर्ग,फोर्ट-2
6. सद्पुरुष-2
8. कवायद-4
10. प्रतिघात,मुआवजा-3
12. कंठ,गला-3
13. लकड़ी-2
14. प्रथम मानव-2
15. धोखेबाज,कपटी-3
17. माजरा,घटना-3
19. कहासुनी,झंझट -4
21. संबोधन-2
23. चावल-2
24. रगड़ना,लगाना-3
25. वादा,प्रतिज्ञा -3

**ऊपर से नीचे**

1. लता,लतिका-2
2. चावल (अंग्रेजी-3)
3. हूर,अप्सरा-3
4. आकाश,व्योम-2
5. शायरी करनेवाला-3
7. योग्य,उपयुक्त-3
8. अदाकार,फनकार-4
9. घोड़ागाड़ी-2
11. बजरंगबली-4
15. माह,मास-3
16. जांघ,जंघा-2
18. धिक्कार,फटकार-3
19. मामूली,तुच्छ-3
20. बहने का भाव-3
22. संस्कृत में 'मेरा'-2
23. होश,आभास-2

### शब्द पहेली -7989 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी रही

मुंबई । बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा तेजी देखी गई। लगातार पांच दिनों से तेजी दिखा रहे शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है कि सप्ताह के आ?खिर में वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच निवेशकों ने बैंकिंग, वित्तीय और उपभोक्ता टिकाऊ शेयरों में निवेश कम कर दिया। इस वजह से भी बाजार के बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में पांच दिनों की तेजी के बाद बिकवाली देखने को मिली। व्यापारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी फंड की निकासी से धारणा पर असर पड़ा है। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की बढी खरीदारी के बीच बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स कारोबार में 639 अंक चढ़कर 73,728 पर खुला और 639 अंक चढ़कर 73,728 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का निफ्टी 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 पर खुला और 190.1 अंक की बढ़त के साथ 22,337.10 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 314 अंक बढ़कर 73,947 पर खुला और 314 अंक बढ़कर 73,947 पर बंद हुआ। निफ्टी 90 अंक की बढ़त के साथ 22,426 पर खुला और 31.60 अंक मजबूत होकर 22,368.00 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को भी हरे निशान पर कारोबार की शुरूआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 152.05 अंकों की बढ़त के साथ 73,908.99 के स्तर पर खुला और 114 अंक की बढ़त के साथ 73,852 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.71 अंक उछलकर 22,409.70 के लेवल पर खुला और 34 अंक मजबूत होकर 22,402 पर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार ने पिछले चार दिनों की तेजी गंवा दी।



गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर खुला और 486.50 अंकों की बढ़त के साथ 74,339.44 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 पर खुला और 167.95 अंक मजबूत होकर 22,570.35 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 87 अंकों की बढ़त के साथ 74,424 पर खुला और 609.28 अंक (0.82 फीसदी) की गिरावट के साथ 73,730.16 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी 28 अंक मजबूत होकर 22,598 पर खुला और 150.40 अंक टूटकर (0.67 फीसदी) 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। वैश्विक बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड का मूल्य 0.49 डॉलर की बढ़त के साथ 89.50 डॉलर प्रति बैरल पर है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर की उछाल के साथ 83.85 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

## मारुति अपने शेयरधारकों को 125 रुपए का डिविडेंड देगी

मुंबई । देश की सबसे बडी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजकी ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी अपने शेयरधारकों को हर शेयर पर 125 रुपये का डिविडेंड देगी। कंपनी के बोर्ड ने 26 अप्रैल को 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 125 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड को मंजूरी दे दी। यह कंपनी के इतिहास का सबसे बड़ा डिविडेंड है। मारुति ने एक बयान में कहा कि डिविडेंड के प्रस्ताव को आगामी एनुअल जनरल मीटिंग में शेयरधारकों के अप्रूवल की जरूरत होगी।मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 8 जुलाई 2004 से 20 बार डिविडेंड घोषित किए हैं। पिछले 12 महीनों में कंपनी ने प्रति शेयर 90 रुपये का इक्विटी डिविडेंड घोषित किया है। मौजूदा शेयर प्राइस पर मारुति सुजुकी का डिविडेंड यील्ड 0.71 फीसदी है। कंपनी ने इसके पहले 2023 में 90 रुपये का और 2022 में 60 रुपये का डिविडेंड जारी किया था।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 640.3 अरब डॉलर

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से हाल ही में जारी ?किए गए साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# 28 वर्षीय हीना खान ने फांसी लगाकर ईहलीला की समाप्त

## परिजनों लगाया प्रताड़ना का आरोप

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम पूर्वाटोला निवासी जुनैद पिता खान की पत्नि हिना जुनैद खान उम्र 28 वर्ष निवासी पूर्वाटोला ने 27 अप्रैल को सुबह करीब 8 से 8-30 बजे अपने घर के रसोई की छत पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस संबंध में युवती के घर वालो ने लांजी पुलिस को सूचना दी तथा पुलिस के द्वारा घर पंहुचकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।





घटना के संबध में मृतक महिला के पति जुनैद खान ने बताया कि मै सुबह 8 से 8:30 बजे बीच शौचालय गया था वापस आया तो घर की रसोई की ओर गया तो रसोई का दरवाजा बंद था, दरवाजा खोला तो मेरी पत्नि हिना खान रसोई की छत पर दुपट्टे से फांसी लगाई हुई थी। पति से घटना के संबध मे पुछा तो किसी भी प्रकार कर कोई वाद विवाद नही होना बताया। बतादे कि महिला के दो बच्चे है एक 4 साल की बेटी इजना खान और 2 साल का बेटा आरिज खान इनदोनो मासूम बच्चो को छोडकर महिला ने अपनी ईहलीला समाप्त कर ली।

उक्त घटना के संबध में युवती के पिता शेख नफीस निवासी दुर्ग भिलाई ने मिडिया से चर्चा करते हुये लडे पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुये बताया जुनैद खान और उसके घर वाले मेरी बेटी हिना खान को परेशान करते थे दहेज के लिये, कभी पैसो की मांग तो कभी गाड़ी की तो मोबाईल की तो कभी अन्य चीजों। 27 अप्रैल को प्रात: 7:30 बजे मेरी बेटी हिना खान का फोन आया था की पापा मेरे को आपके दामाद परेशान कर रहे है मै 2 बजे की गाड़ी से बैठकर दुर्ग आ जाती हूँ। तो मैने बोला बेटा लड़ाई झगड़ा मत करो जो पैसा लगेगा मै दूंगा, करीब 1 से 1.50 लाख रूपये की मांग कर रहे थे। इसके पहले भी मैने 1 लाख रूपये दिया, 50 हजार रूपये दिया, जब से शादी हुई हे पैसा देते ही जा रहा हूँ, 5 साल शादी को हो गये है, इस 5 साल में दामाद ने बहुत परेशान कर रहा था तो मैने एक आईफोन भी दिलवाया उसका भी भुगतान 1 लाख 40 हजार का वो भी दामाद जुनैद ने 2 दिन में बेच दिया था। आये दिन लडकी को परेशान करना यह निरंतर जारी था। 27 अप्रैल को मृत्यू के 15 मीनट पहले मैने लडकी से बात किया था और 15 मीनट बाद मुझे बेटी के ससुराल पक्ष से कोई फोन नही आया, एक रिश्तेदार ने फोन करके बताया की तुम्हारी बेटी की मौत हो गई है। जबकि ना तो दामाद ने फोन किया और ना ही उसके घर वालो ने कॉल किया। युवती के पिता ने बताया कि कई बार मेरी लडकी औरदामाद के बीच झगड़ा होता था मैने बोला था रिश्तेदारो को समझाओ करके। लेकिन घटना दिनांक को 27 अपैल को सुबह की 15 मीनट मेरे बेटी से बात हुई थी जो बोली की 2 बजे की गाड़ी से मै आ रही हू लेकिन इस 15 मीनट मे ऐसा क्या हुआ की लडकी हिना खान ने आत्महत्या कर ली, मेरी लांजी पुलिस से निवेदन है कि मामले को गंभीरता से लेकर निष्पक्ष रूप से जांच कर दोषियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कार्यवाही की जानी चाहिये। वहीं बेटी की मायके पक्ष बेटी शव दुर्ग लेकर जाने की चर्चा है।

### इनका कहना हैं

### संपूर्ण जांच निष्पक्ष रूप से जा रही -एसडीओपी

उक्त घटना के संबध में प्रकरण के जांच अधिकारी एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया ने बताया की जैसा की ज्ञात हुआ की हिना पति जुनैद खान निवासी पूर्वाटोला इन्होने अपने घर के रसोई में फांसी लगा ली है। इनका विवाह 2018 में हुआ था इनके दो बच्चे है। मृतिका दुर्ग क्षेत्र की निवासी थी जिसका विवाह लांजी क्षेत्र के युवक जुनैद से हुआ था। मृतिका ने फांसी लगाई है इस संबध में जांच की जा रही है मृतिका के मायके पक्ष के परिजन आ गये है उनके कथनो के आधार पर आगे की कार्यवाही की।



## 'जल जीवन मिशन हर घर नल जल' के दावों की खुली पोल

# दो साल से बनी पानी टंकी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल



कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। केंद्र प्रवर्तित जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना के तहत वर्ष 2024 तक हर घर तक पानी पहुंचाने का सरकारी दावा खोखला साबित हो रहा है। जल जीवन मिशन भले ही सरकार की उस योजना में शामिल हो। जिसका लक्ष्य सभी घरों तक कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना और स्थानीय जल संसाधनां के सर्वांगिण प्रबंधन को बढावा देना हो. मगर, सरकार के इन दावों में कितनी सच्चाई है। इसकी पड़ताल अगर करना हो तो गांवों की तरफ रूख करना पड़ेगा। आज हम आपको विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत चाकाहेटी से इस योजना की हकीकत बताते है. चाकाहेटी पंचायत के अलग-अलग टोलों में करीब 02 साल पहले पानी टंकी स्थापित कर पाईप लाइन का विस्तार कर दिया गया है परंतु अब तक टोलों में पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। जिस वजह से इन छोटे-बड़े टोलों में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है और ग्रामीण महिलाओं को पानी जुटाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। शहडोल जिले की राकेश इंजीनियरिंग नाम की कंपनी को चाकाहेटी ग्राम पंचायत में हर घर नल जल का ठेका मिला है। ग्रामीण बताते है कि ठेकेदार बीच में काम को छोड़कर चले गया। अब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री विनोद कुमरे ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी लौट कर आ गए है शीघ्र ही कार्य शुरू करवाया जाएगा। ग्राम पंचायत चाकाहेटी के रामजी टोला, नया टोला, सती टोला सहित अन्य टोलों में योजना के तहत पाइप लाइन का विस्तार करने के साथ ही 2-2 हजार की पानी टंकी स्थापित की गई है लेकिन यह पानी टंकिया बीते दो साल से शोभा की सुपारी नहीं हुई है। ग्रामीणों की माने तो उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत सरपंच को इस संबंध में जानकारी दी। वहीं सरपंच देवेन्द्र मरकवाडे का कहना है कि ठेकेदार ने केवल चाकाहेटी पंचायत का ही नहीं बल्कि अन्य ग्राम पंचायतों में भी काम अधूरा छोड़ा है। जिस कारण ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। जनपद सदस्य (सभापति) चमन डोंगरवार ने बताया कि कई बार जनपद पंचायत की बैठक में अधूरी हर घर नल जल योजना का मुद्दा उठाया जाता रहा है। इसके अलावा विभाग के अधिकारियों को भी कई बार इस संबंध में शिकायत की जा चुकी है लेकिन बड़ी विडंबना है कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जैसा कि केन्द्र सरकार की कई योजनाओं में हर घर नल जल योजना भी एक है। इस योजना का बखान करते हुए कई बार प्रधानमंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सुना गया है. मगर, इस योजना के धरातल में क्या हालत है इस पर कभी कोई चर्चा नहीं की जा रही है। बीते दिनों बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने गर्मी में होने वाले पीने के पानी के संकट को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगर पालिका/परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। मगर, चाकाहेटी पंचायत की हालत को देखकर ऐसा लगता है कि यह बैठक भी महज एक औपचारिकता ही थी। अगर ऐसा ना होता तो जिन गांवों में हर घर नल जल योजना के काम अधूरे पड़े है। उनमें प्रगति दिखाई देती किंतु बैठक के बाद कोई प्रगति दिखाई ना देना इस बात को प्रमाणित करती है कि बैठक केवल एक दिखावा थी।

ग्राम पंचायत चाकाहेटी के अलग-अलग टोले की महिलाएं जिसे भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भांजियों का दर्जा दिया है। वह महिलाओं आज भी पीने का पानी जुटाने के लिए पूरा दिन मेहनत करती हुई नजर आती है. रामजी टोला की एक महिला ने बताया कि गर्मी के दिनों में कुंए सूख जाते है और है ?पंप पानी की जगह हवा उगलते है। टोले में 2 साल से पानी की टंकी लगा दी गई है लेकिन पानी नहीं मिल रहा है। बहरहाल, सरकार भले ही हर घर शुद्ध जल पहुंचाने का दावा कर रही है मगर, हकीकत तो यही है कि आज भी गांवों में हर घर नल जल योजना के बहुत बुरे हाल है. ठेकेदार अपनी मनमर्जी चला रहे है। जिस ठेकेदार का जब मन होता है वह तब काम करता है। समय-सीमा में कहीं कोई योजना पूरी नहीं हो पा रही है।

### इनका कहना है-

जनपद की बैठक में कई बार चाकाहेटी पंचायत के टोलों मे अधूरी पड़ी हर घर नल जल योजना का मुद्दा उठाया गया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी जानकारी दी गई लेकिन बेहद दुर्भाग्य की बात है कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**चमन डोंगरवार**
**जनपद सदस्य**

ठेकेदार के कर्मचारी आ गए है. चाकाहेटी पंचायत में जल्द ही कार्य पूरा करवाया जाएगा. बिजली कनेक्शन और कुछ थोड़ा कार्य शेष रह गया है।

**विनोद कुमरे उपयंत्री**

# शास. उच्च माध्यमिक विद्यालय साडरा का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

लांजी (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 24 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडरा में कक्षा 10 वीं में 105 विधार्थी दर्ज थे जिसमें 104 छात्र प्रविष्ट हुए, जिसमे 90 छात्र उत्तीर्ण हुए, 09 छात्र पूरक एवं 05 छात्र अनुतीर्ण हुऐं। जिनमें प्रथम श्रेणी में 53 एंव द्वितीय श्रेणी मे 37 छात्र उत्तीर्ण रहें। सर्वाधिक अंकों में खुशबू / राजेन्द्र गौतम-93 प्रतिशत, विवेक / संजय मडामे 90 प्रतिशत ,शितल / राजेन्द्र ऐडे 89.4 प्रतिशत प्राप्त किये। उसी प्रकार कक्षा 12 वी में 102 विधार्थी-पविष्ट हुए जिसमे 8 5 छात्र उत्तीर्ण हुऐ, 06 छात्र अनुतीर्ण एवं 11 छात्रों को पूरक प्राप्त हुई। जिसमें -प्रथम श्रेणी में 70 छात्र एवं द्वितीय श्रेणी में - 15 छात्र उत्तीर्ण रहे। सर्वाधिक अंकों में कु-श्रध्दा / राजेन्द्र बावनकर-83.6 प्रतिशत, रीया/ सिताराम गौतम-87.96 प्रतिशत एवं लीना/लोकराम ठाकरे-79.0 प्रतिशत अंक हासिल किया ।प्राचार्य एवं समस्त शाळा परिवार ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते।





# आईडियल पब्लिक स्कूल का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नगर की शैक्षणिक संस्था आईडियल पब्लिक स्कूल के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शानदार परीक्षा परिणाम दिया गया है। जिसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा कक्षा १० वीं १२ वीं का बोर्ड रिजल्ट २४ अप्रैल की दोपहर ४ बजे जारी किया गया इसी के साथ विद्यालय के द्वारा अपने छात्र.छात्राओं का परीक्षा परिणाम देखा गया तो सभी ने बेहतर अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वही स्कूल के दो छात्रों के द्वारा प्रदेश की प्रावीण्य सूची में भी स्थान दर्ज किया गया है। जिसमें कक्षा दसवीं में शाला स्तर पर कार्तिक सेलोकर हर्ष पटले ने ९७ प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, मयंक व्यास ने ९५.४ प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान, इसीका अर्जे ने ९५ प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान सृष्टि मेश्राम ने ९४.४ प्रतिशत के साथ चौथा स्थान रुद्रकांत ठाकरे ने ९३.६ प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान शालिनी लिल्हारे ने ९२.८ प्रतिशत के साथ छटवां स्थान राजवीर सिंह नगपुरे ने ९१.८ प्रतिशत के साथ सातवां स्थान नैंसी नगपुरे ने ९१.५ प्रतिशत के साथ आठवां स्थान रिद्धिमा मस्की कनक बिसेन यश सहारे ने ९१.२ प्रतिशत के साथ नौवा वा स्थान एवं एंजेल शुक्ला ने ९० प्रतिशत के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा १२उवीं की हायर सेकेंडरी परीक्षा में मुद्रा तिवारी ने९०.८ प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान वेदिता बिसेन ने ९०.२ प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान राजदीप बारेवार ने ८८.८ प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान राजकुमार चौधरी सोनम हनवत ने ८८.२ प्रतिशत के साथ चौथा स्थान छवि नगपुरे आशना मेश्राम उर्वी गौतम ने ८८ प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान एकता बघेल शीतल डहारे ने ८७.६ प्रतिशत के साथ छटवां स्थान देवांश सेलोकर प्रेरणा बनोटे ने ८६.८ प्रतिशत के साथ सातवां स्थान कांक्षी वाटकर ने ८६.६ प्रतिशत के साथ आठवां स्थान सानिया पटले अलमास खान ने ८५.८ प्रतिशत के साथ नौवा स्थान सिया पटले ने ८५.६ प्रतिशत के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा में विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के द्वारा बेहतर प्रतिशत प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की गई है। उक्त सभी विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता पर आईडियल स्कूल संचालक सुनील सिंह सहित स्कूल परिवार ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# एसडीओपी ने शराब की तस्करी करते तीन लोगों को किया गिरफ्तार

## प्रयुक्त बोलेरो वाहन सहित शराब की 7 पेटियां किया जप्त






लांजी (पद्मेश न्यूज)। एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया ने शराब की तस्करी करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें प्रयुक्त बोलेरो वाहन सहित शराब की 7 पेटियां किया जप्त कर आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी कार्यालय में पदस्थ आरक्षक प्रतिपाल राणा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 27 अप्रैल को सतेन्द्र घनघोरिया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी हमराह स्टाफ के साथ प्रात: क्षेत्र भ्रमण कर किरनापुर से लांजी वापस आ रहे थे कि प्रात: करीबन 07.30 बजे ग्राम टेडवा पुल के पास मेन रोड पर एक सफेद रंग की बुलेरो क्रमांक एमपी 50 जेड बी 6707 संदिग्ध हालत मे तेज गति से ग्राम भानेगांव की ओर जाते हुए दिखी जो कि पुलिस की गाड़ी को देखकर अपनी गाड़ी को वापस लांजी की ओर लापरवाहीपूर्वक मोड़ने लगा, गाड़ी को मोडने से हमारी गाड़ी के दाहिनी तरफ के पायदान में टक्कर मार दिया। उक्त गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो वाहन चालक ने अपनी गाड़ी की स्पीड बड़ा दी ओर तेज गति व लापरवाही तरीके से भंगा कर ले जाने लगा जो गाड़ी का पीछा किये तो बुलेरो गाड़ी के चालक ने टेडवा देशी अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने अपनी गाडी को खड़ी किया एवं गाड़ी से उतरकर टेडवा दुकान पर काम करने वाले तीन लोग प्रखर सिल्हारे, सुनील सिंह व संतोष सिंह तेजी से भाग कर शराब की दुकान के पीछे के कमरे में छिप गये एवं अंदर से शटर बंद कर लिया। जिन्हें बाहर आने के लिये कहा गया जो कमरे से बाहर नहीं निकल रहे थे जिसके बाद थाना प्रभारी लांजी को घटना के संबंध में सूचना दी गई। जिस पर से घटना स्थल पर थाना लांजी से सउनि देवराज सिंह धुर्वे, प्रआर पवन मर्सकोले, आर. विजय सिसोदिया, चेतन सोनी, नरेन्द्र सोनवे, चालक आर. सुरेन्द्र चंदेल पहुंचे। जिनके द्वारा उन तीनों लोगो से अंदर से शटर खुलवाया गया तथा उसके बाद वह तीनों लोग बाहर आये जिनसे थाना लांजी के सउनि देवराज सिंह धुर्वे द्वारा प्रथक-प्रथक पूछताछ करने पर अपना पूरा नाम व पता प्रखर पिता भूमेश्वर सिल्हारे जाति कुनवी कुनवी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम भानेगांव थाना लांजी जिला बालाघाट, सुनील सिंह पिता स्व. कमलाप्रसाद सिंह जाति राजपूत उम्र 55 वर्ष निवासी मझोली थाना अम्बा जिला औरंगाबाद (बिहार) एवं सतोष सिंह पिता स्व. धरछीड सिह जाति राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी ईटहट थाना घारुंद जिला औरंगाबाद (बिहार) का होना बताया। जिनसे हिकमत अमली से पूछताछ की गई जिसमे सुनील सिंह ने स्वयं को टेडवा दुकान का मेनेजर होना, प्रखर सिल्हारे के द्वारा स्वयं को वाहन चालक बताया तथा संतोष सिंह द्वारा स्वयं को टेडवा दुकान का केशियर होना बताया। तीनों के द्वारा टेडवा शराब दुकान से अवैध रूप से शराब ले जाकर गाव-गांव जाकर बेचना बताया गया। जिनसे प्रथक-प्रथक पूछताछ कर धारा 127 साक्ष्य अधिनियम लेख किया गया। इस आधार पर घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की बुलेरो गाड़ी क्रमाक एमपी 50 जेड बी 6707 जो टेडवा शराब दुकान के सामने खड़ी थीं जो राहगीर गवाहों को तलब कर वाहन की तलाशी पंचनामा तैयार कर बुलेरो गाड़ी की तलाशी ली गई। बुलेरो गाड़ी में से 02 पेटी हेवड्स 5000 बियर, 01 पेटी मेक्डावल न. 01, 01 पेटी व्हाइट मिस चीफ, 01 पेटी इम्पीरियल ब्लू, 01 पेटी बेगपाइपर, 01 पेटी लंडन प्राइड कुल मात्रा 67.02 लीटर जिनकी कुल कीमती 52,800/- रुपये की मिली मौके पर नापतौल का पंचनामा तैयार किया गया। इसके अलावा इस प्रकरण में प्रयुक्त वाहन एक सफेद रंग की बुलेरो गाड़ी क्रमांक एमपी 50 जेड वी 6707 कीमती करीबन 5,00,000/- रुपये आकी गई। आरोपी सुनील सिंह पिता स्व. कमलाप्रसाद सिंह जाति राजपूत उम्र 55 वर्ष निवासी मझोली थाना अम्बा जिला औरंगाबाद (बिहार) के कब्जा से उक्त शराब को समक्ष गवाहान विधिवत जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी वाहन चालक प्रखर पिता भूमेश्वर सिल्हारे जाति कुनबी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम भानेगांव थाना लांजी जिला बालाघाट के कब्जे से एक सफेद रंग की बुलेरो क्रमांक एमपी 50 जेड बी 6707 को विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 279, भादवि 184 मो. व्ही. एक्ट तथा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

आवश्यकता है
चपरासी की
आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल
हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
07632-244922, 244933
244944 मो. 9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 7.00 से 9.30 बजे तक

वेटर एवं कुक की आवश्यकता है
महाराष्ट्र में नागपुर से अमरावती रोड, हाईवे पर ग्राम खापरी स्थित फेमिली गार्डन रेस्टारेंट "होटल द्वारका" में कार्य हेतु वेटर, कुक, हाऊस कीपिंग तथा मेनेजर के लिए लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें
Mo. 9421806667
Mo. 7745009608

आया चाहिए
17 से 20 वर्ष की लड़की की आवश्यकता है
3½ वर्ष के बच्चे को संभालने के लिए
समय सुबह 9 से 1, पैसे-3000/-
मो. 7694954746

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भ्रष्टाचारी व्यवस्था से किसान परेशान...

## सरकारी खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने से हुआ मोहभंग

भोपाल। इस समय मप्र सहित देशभर में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो रही है। लेकिन एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीदी के आंकड़े सरकार के लिए संतोषप्रद नहीं है। इसकी वजह बताई जा रही है कि किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर चल रही भ्रष्टाचारी व्यवस्था से परेशान हो गए है। वहीं मंडियों में उनकी उपज हाथों हाथ बिक रही है और तत्काल भुगतान भी हो रहा है। इस कारण सरकारी खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने से किसानों का मोहभंग हो गया है।

जानकारी के अनुसार मप्र की मंडियों में गेहूं के दाम मजबूत बने हुए हैं। इससे भी किसान मंडी में माल बेच रहे हैं। अच्छी क्वालिटी के गेहूं की मांग अच्छी है और दाम बढ़ाकर दिए जा रहे हैं। वहीं भुगतान भी जल्दी हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने जाने पर किसानों से कई प्रकार की वसूली हो रही है। उस पर भी उनके बेचे हुए गेहूं का भुगतान भी समय पर नहीं हो पा रहा है। दरअसल, पिछले दिनों सरकारी एजेंसियों द्वारा अमानक मानकर रिजेक्ट कर दिया था और किसानों का लाखों रुपए का भुगतान भी फंस गया, क्योंकि मंडी ने यह गेहूं खरीद लिया था। उसके बाद भारतीय खाद्य निगम ने निरीक्षण के बाद इसे अयोग्य बता दिया। इस संबंध में सहकारिता विभाग ने कई सोसाटियों को नोटिस भी जारी किए और यह निर्देश दिए कि खराब गुणवत्ता वाला गेहूं न खरीदे। इसी बीच प्रदेश के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि भी हुई, जिसके चलते किसानों की फसलें खराब हुईं और मंडियों में इस तरह के गेहूं की खरीदी भी रोक ली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश जारी किए कि बारिश में भीगा और चमकविहीन गेहूं भी खरीदा जाएगा।



### एमएसपी पर कम खरीदी

26 अप्रैल तक के आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में गेहूं की कुल खरीदी 122.36 लाख टन हुई है, जबकि बीते वर्ष इसी अवधि तक खरीदी 169.23 लाख टन हो चुकी थी। हरियाणा से लेकर मप्र और पंजाब तक गेहूं खरीदी में पीछे हैं। मप्र में अब तक 33.71 लाख टन खरीदी हो चुकी है। बीते वर्ष 45.18 लाख टन गेहूं खरीदा गया था। यानी मप्र में इस साल खरीदी कम है जबकि सरकार ने खरीदी जल्द शुरू की है और बीते दिनों से पैमाने में भी छूट दी है। अभी बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को नुकसान हुआ। खासकर मंडियों में भेजा जाने वाला गेहूं भी भीगा और चमकविहीन हो गया, जिसकी खरीदी अधिकांश केन्द्रों पर नहीं हो रही थी। मगर अब मुख्यमंत्री ने इस तरह के गेहूं को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने के निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ कल शासन ने यह भी निर्णय लिया कि गेहूं खरीदी का काम हफ्ते में 5 दिन की बजाय सातों दिन यानी शनिवार-रविवार की छुट्टी पर भी होगा।

### 2700 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का दाम कब मिलेगा

जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि प्रदेश में रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं है, किसान कल्याण तथा कृषि संचालनालय के आंकड़ों के मुताबिक साल 2021-22 में एमपी में 9829 हजार हेक्टेयर रकबे पर गेहूं और 3441 हजार हेक्टेयर भूमि पर धान की फसल ली गई। लेकिन, इनसे किए वादों को पूरा क्यों नहीं गया? गेहूं का उत्पादन 35669 हजार मीट्रिक टन और धान का 12502 हजार मीट्रिक टन रहा। गेहूं धान के इस सीजन में किसानों ने अपना रकबा और बढ़ाया ही है। इस उम्मीद में कि उन्हें गेहूं के लिए 2700 और धान के लिए 3100 का भुगतान दिया जाएगा। किसानों के साथ हुई इस धोखाधड़ी की भरपाई कब की जाएगी?

### किसानों का 115 करोड़ फंसा

इस वर्ष लगभग 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। सहकारी समितियों के जरिए किसानों से खरीदे गए 4.80 लाख क्विंटल गेहूं की क्वालिटी खराब बताकर वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन ने हजारों किसानों की कमाई पर पानी फेर दिया है। अमानक गेहूं के चक्कर में किसानों के 115 करोड़ रूपए फंस गए हैं। गौरतलब है कि गेहूं खरीदी के लिए नोडल विभाग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम है जिसने प्रदेश में लगभग 3642 खरीदी केंद्र बनाए हैं। ज्ञातव्य है प्रदेश में बेमौसम बरसात तथा ओलावृष्टि के कारण कुछ क्षेत्रों में गेहूं फसल प्रभावित हुई है, दाना भी चमकविहीन हो गया है। सरकार के मौखिक निर्देश पर नागरिक आपूर्ति निगम (नान)ने किसानों से हर तरह के गेहूं को खरीदना शुरू कर दिया है। लेकिन नान के गेहूं को डब्ल्यूएलसी (वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन) ने फेल कर दिया है।

### 4.80 लाख क्विंटल गेहूं फेल

प्रदेश में सहकारी समितियों के जरिए किसानों से खरीदे गए 4.80 लाख क्विंटल गेहूं की क्वालिटी पर दो संस्थानों में फंसे पेच ने हजारों किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। डब्ल्यूएलसी का दावा है कि उक्त गेहूं गुणवत्ता के निर्धारित मापदंड पर खरा नहीं है। यदि इसे लिया गया तो भविष्य में एफसीआई इसे फेल कर सकता है या फिर राशन की दुकानों से होते हुए गरीबों की थाली तक पहुंचा तो आफत आ सकती है। कहा जा रहा है कि किसानों ने खराब गेहूं नहीं बेचा है बल्कि समितियों में खराग हुए हैं। दरअसल समितियों के पास संसाधन कम थे। बारिश से गेहूं गीला हो गया। गीले गेहूं को सुखाने बड़े और कवर्ड मैदान की जरूरत थी। बार-बार मौसम खराब हो रहा था इसलिए समितियों ने पीछा छुड़ाते हुए परिवहन करा दिया।

### फिर से होगी ग्रडिंग

वहीं किसान संगठनों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए। उनका कहना है कि किसानों ने यदि खराब गेहूं दिया होता तो सहकारी समितियां उसे पहले ही लौटा देतीं। किसानों ने जो गेहूं बेचा है, उसे गोदामों में जमा नहीं किया जा रहा है। समर्थन मूल्य के हिसाब से इसकी कीमत 119 करोड़ 20 लाख रुपए करीब है। डब्ल्यूएलसी भोपाल से रिटायर्ड मैनेजर अनिल बाजपेयी के मुताबिक समितियां अब इसकी स्वयं के खर्च पर ग्रेडिंग कराते हुए उसे दोबारा भेजेंगी। यदि फिर भी वह एफएक्यू (फ़ेयर एवरेज क्वालिटी) मापदंड में उचित नहीं पाया जाता, किसानों को लौटाया जाएगा। इस तरह जब तक उक्त गेहूं का निराकरण नहीं हो जाता, किसानों को भुगतान भी नहीं होगा। प्रदेश में 20 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हुई है। अब तक 2 लाख 85 हजार किसान 23 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेच चुके हैं। केंद्रों में समितियों द्वारा गेहूं की गुणवत्ता जांच की जाती है। समितियों ने जिस गेहूं का अच्छा बताकर खरीदा उसे डब्ल्यूएलसी ने घटिया बताकर गोदामों में लेने से ही मना कर दिया। किसान नेता सुरेंद्र राजपूत का कहना है कि खरीदी केंद्रों में संसाधनों की कमी थी। विभागों की लापरवाही का खमियाजा किसान बिल्कुल नहीं भुगतेंगे। गेहूं लौटाया गया तो किसान आंदोलन होगा। आक्युत खाद्य नागरिक आपूर्ति रवींद्र सिंह का कहना है कि रिजेक्टेड गेहूं वापस किए जा रहे हैं। इसकी ग्रेडिंग समितियों से कराएंगे। किसानों का नुकसान न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। जानकारी के अनुसार, उज्जैन में 5203 मीट्रिक टन, शाजापुर में 8572 मीट्रिक टन, टन, देवास में 3150 मीट्रिक टन, इंदौर में 1923 मीट्रिक टन, विदिशा में 2587 मीट्रिक टन, भोपाल में 3440 मीट्रिक टन, सीहोर में 9002 मीट्रिक टन, रायसेन में 6480 मीट्रिक टन, राजगढ में 1153 मीट्रिक टन, नर्मदापुरम में 1462 मीट्रिक टन और सागर में 3260 मीट्रिक टन गेहूं रिजेक्ट किया गया है।

# सरकार ने चंदा लेकर चलने दीं घातक दवाएं

## - सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण, बोले, बीजेपी को करप्ट कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड दिया

भोपाल। सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने भोपाल में कहा कि जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए बीजेपी को करोड़ों रुपए दिए हैं, वे किसी न किसी करप्शन में शामिल रही हैं। बीजेपी की सरकार इन कंपनियों से चंदा लेकर क्लीनचिट दे सकती है, इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अगले हफ्ते सुनवाई है। प्रशांत ने शनिवार को भोपाल के गांधी भवन में मीडिया से चर्चा में कहा कि कोर्ट से एसआईटी गठित कर जांच कराने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज, सीबीआई, ईडी के रिटायर्ड अधिकारियों की टीम को इसमें शामिल करने का अनुरोध किया है। राष्ट्रीय जन सूचना अधिकार अभियान (एनसीपीआरआई) की ओर से यह प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जो डेटा बाहर आया है, उसमें साफ हुआ है कि जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड दिया है, उनके विरुद्ध कार्रवाई हुई है या फिर वे करप्शन के मामलों में दोषी थीं। रेमडेसिविर दवा बनाने वाली जायडस कैडिला (अहमदाबाद की कंपनी) जैसी 20 से अधिक कंपनियों की दवाओं को जनता के लिए घातक होने के बाद भी देश में इसलिए चलने दिया गया, क्योंकि इन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए बीजेपी को पैसा दिया था। यह कंपनी गुजरात की है और इसके विरुद्ध खतरनाक दवा बनाने की रिपोर्ट आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग की आशंका

प्रशांत भूषण ने कहा कि 16 हजार करोड़ का जो पैसा दिया गया है, उसका अधिकतम हिस्सा घूस के तौर पर दिया गया। इसमें सीबीआई, ईडी जैसी सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किए जाने की भी आशंका है। दरअसल, इनके जरिए किसी भी कंपनी के खिलाफ अब तक कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। सीबीआई, ईडी और दूसरी जांच एजेंसियों का उपयोग इन कंपनियों पर दबाव बनाने के लिए भी किए जाने की आशंका है, इसलिए वे नहीं चाहते कि केंद्र के अधीन संस्थाएं कंपनियों की जांच करें।

### 40 प्रतिशत बॉन्ड बीजेपी को दिया गया

सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अनकांस्टिट्यूशनल है। यह बात खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कह चुकी हैं कि फिर उनकी सरकार बनी तो कांस्टिट्यूशन बदल देंगी। उन्होंने कहा कि जो कंपनियां लाभ पाने वालों में शामिल हैं, उनके द्वारा 40 प्रतिशत बॉन्ड बीजेपी को दिया गया है। सीधा सवाल उठता है कि अगर कंपनियों की मंशा सही थी तो सिर्फ बीजेपी को ही क्यों बॉन्ड दिया गया? बाकी पार्टियों को बॉन्ड क्यों नहीं दिए गए। भारद्वाज ने टूजी मामले का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है कि 2जी का फैसला बदल दीजिए। जब इस मामले में फैसला आया था तो पता चला था कि स्पेक्ट्रम की नीलामी कर लाखों करोड़ की गड़बड़ी की गई है। इस मामले में भारती टेलिकॉम जिम्मेदार रही है और इस कंपनी ने बीजेपी को इलेक्टोरल बॉन्ड दिए हैं।

## मायावती आज मुरैना में करेंगी सभा

भोपाल। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती रविवार को मुरैना में चुनावी जनसभा करेंगी। ये मायावती की दूसरी चुनावी जनसभा है। इससे पहले वो 19 अप्रैल को प्रदेश के रीवा में चुनावी सभा को संबोधित कर चुकी हैं। प्रदेश में चल रही लोक चुनाव की प्रक्रिया में मायावती तीसरे मोर्चे की अकेली बड़ी नेता हैं जो प्रदेश में सभा कर चुकी हैं। बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की भी कोई जनसभा अब तक मप्र में नहीं हुई है। हालांकि पार्टी का कहना है कि तीसरे चरण से पहले आकाश के कुछ कार्यक्रम तय होंगे। आम आदमी पार्टी के अलावा समाजवादी पार्टी ने भी चुनाव प्रचार का जिम्मा स्थानीय नेताओं पर ही छोड़ा हुआ है। दोनों ही पार्टियों का अब तक कोई बड़ा चुनावी कार्यक्रम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने सपा मुख्यालय को प्रस्ताव भेजकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभाएं मांगी थीं। टीकमगढ़, सागर, गुना और दमोह में सभा की मांग की गई थी। हालांकि अब तक यादव का कोई चुनावी कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। सपा नेताओं की मानें तो कांग्रेस ने सीधा प्रस्ताव पार्टी मुख्यालय को भेजा था इसलिए उनके पास इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। खजुराहो में इंडिया अलायन्स की और से वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी की सभा का प्रस्ताव था पर वो सभा भी नहीं हो सकी।

## मप्र की जनता ने नफरत को नकारा-कमलनाथ

भोपाल। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दोनों चरणों में 12 सीटों पर मतदान हो चुका है। दोनों ही चरणों में मतदान अपेक्षानुसार कम हुआ है। इससे कांग्रेस में एक उम्मीद जागी है कि कम मतदान होने से उसे फायदा होगा। शायद यही कारण है कि कांग्रेस नेता खुश नजर आ रहे हैं। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स कर लिखा- लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश की जनता ने नफरत की राजनीति को नकार दिया है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव



2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 58.35 फीसदी मतदान हुआ, जबकि 2019 में 67.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस तरह इसमें 9.29 फीसदी की गिरावट आई। पहले चरण में 67.75 फीसदी वोटिंग हुई थी, जो कि 2019 के 75.24 फीसदी के मुकाबले 7.47 कम थी। मध्यप्रदेश की 6 सीटों समेत पूरे देश की 88 सीटों पर कांग्रेस बेहद मजबूत स्थिति में है। जनता ने कांग्रेस के पांच न्याय का समर्थन कर देश में परिवर्तन के लिए मतदान किया है। कांग्रेस और इसके घटक दलों के समर्थन में मतदान करने के लिए देश/मध्यप्रदेश के मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। याद रखें ! आपका एक वोट आपको रोजगार दिला सकता है। आपका एक वोट महंगाई कम कर सकता है। आपका एक वोट आपको कर्जमुक्त कर सकता है। आपका एक वोट आपको फसलों के सही दाम दिला सकता है। आपका एक वोट आपके घर में खुशहाली ला सकता है।

# भाजपा प्रत्याशी सावित्री ने सांसद निधि से बनवाया मकान

## शपथ पत्र में छिपाया, कांग्रेस उम्मीदवार का आरोप

भोपाल। सांसद निधि से होने वाले जनसुविधा के काम के बदले यह राशि दो मंजिला निजी भवन तैयार करने में खर्च कर दी गई। नामांकन पत्र भरने के दौरान इसकी जानकारी देने की बजाए कॉलम खाली छोड़ दिया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी ने इसे लेकर कलेक्टर को शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब इस मामले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी की जा रही है।

मामला धार लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर से जुड़ा हुआ है। इस सीट के कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल ने आरोप लगाया है कि सांसद रहते हुए सावित्री ठाकुर ने सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने सांसद निधि से कृषि भूमि पर दो मंजिला मकान तान लिया। लाखों की राशि खुद की निधि से खर्च कर दी। उन्होंने इस भवन का उल्लेख शपथ पत्र में कहीं भी नहीं किया है।

### कलेक्टर से शिकायत

कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से इस बारे में शिकायत की है। उन्होंने आपत्ति में भाजपा प्रत्याशी द्वारा शपथ पत्र में कई कॉलम की जानकारी नहीं देने और तथ्यों को छुपाने का उल्लेख किया है। मुवेल ने बताया कि ठाकुर ने पूर्व सांसद रहते हुए ग्राम बगवानिया की कृषि भूमि में फार्म हाउस का भवन बनाया है। जिसका उपयोग वे खुद कर रही हैं। इस तथ्य का आवास और वाणिज्यक भवन के कॉलम में उल्लेख नहीं कर भवन निर्माण को आम मतदाताओं से छिपाया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी ने शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सांसद निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 14.89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश 17 अगस्त 2016 को हुई थी।

### अब अदालत जाएंगे मुवेल

जानकारी छुपाने के मामले में मुवेल ने पहली शिकायत कलेक्टर को की है। मुवेल ने कहा कि वे अब न्यायालय जाएंगे। पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय ने अपने प्रकरणों में शपथ पत्र में कॉलम खाली रखने और जानकारी छिपाने के कारण नामिनेशन फार्म रिजेक्ट किए हैं। पूर्व में भी न्यायालय ने सुरेश भंडारी और नीना वर्मा के मामले में इस तरह के निर्णय दिए हैं।

# भोपाल में चुनाव के लिए स्वास्थ्य अमला मुस्तैद

## 200 से ज्यादा चिकित्सकों की लगाई ड्यूटी, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी मेडिकल किट

भोपाल। भोपाल संसदीय क्षेत्र में सात मई को होने जा रहे मतदान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक पैमाने पर चिकित्सकों एवं दवाइयों की व्यवस्था की है। मेडिकल इमरजेंसी के लिए 108 एंबुलेंस के साथ अस्पतालों में आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था भी है। विभाग द्वारा निर्वाचन अवधि में सभी स्वास्थ्यकर्मियों और अस्पतालों को अलर्ट रहने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। भोपाल के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 207 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। ये चिकित्सक, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। इन चिकित्सकों का निर्वाचन प्रशिक्षण 30 अप्रैल को आयोजित किया गया है। मतदान के एक दिवस पूर्व से मतदान दल के वापिस आने तक लाल परेड ग्राउंड पर स्वास्थ्य विभाग का दल एंबुलेंस के साथ तैनात रहेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ चिकित्सकों की ड्यूटी के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही मतदान के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। इन चिकित्सकों द्वारा सेक्टर में आने वाले पोलिंग बूथ पर चिकित्सकीय आकस्मिकता की स्थिति में उपचार मुहैया करवाया जाएगा।

### हर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक चिकित्सक की ड्यूटी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में काम कर रहे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाइयों एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। हर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक मतदान दल के लिए पोलिंग बूथ पर भी मेडिकल किट की व्यवस्था है, जिसमें बुखार, बदन दर्द, पेट दर्द, उल्टी दस्त, एसिडिटी, एलर्जी, सर्दी, जुकाम, सामान्य घाव, डिहाइड्रेशन के प्राथमिक उपचार के लिए दवाइयां उपलब्ध रहेंगी।

सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीम में शामिल चिकित्सकों को इमरजेंसी मेडिकल किट दी गई है। आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए जिला चिकित्सालय जयप्रकाश में कंट्रोल रूम ही स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम मतदान समाप्ति तक 24 घंटे संचालित होगा।

## राज्य सूचना आयोग में नियुक्ति को लेकर हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

# राज्य सरकार को दिया चार सप्ताह का समय

भोपाल। राज्य शासन को राज्य सूचना आयोग में नियुक्ति के सिलसिले में हाई कोर्ट जबलपुर ने जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले में राज्य सरकार से हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने इसके लिए राज्य शासन को चार सप्ताह की मोहलत दी है। जनहित याचिकाकर्ता ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल ने कोर्ट को अवगत कराया कि मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त सहित कुल 10 पद स्वीकृत हैं। सितंबर, 2023 में महज तीन पद भरे गए थे, जो मार्च 2024 में रिक्त हो गए। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत द्वितीय अपीलों का निपटारा करने के लिए 180 दिन की समय-सीमा निर्धारित हैं। सूचना आयुक्तों की कमी के चलते राज्य सूचना आयोग में 10 हजार से अधिक अपील व शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं। मार्च, 2024 में मुख्य राज्य सूचना आयुक्त के शेष बचे सूचना आयुक्त के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद आयोग का काम ठप हो गया है। वहीं राज्य शासन की ओर से उपमहाधिवक्ता ब्रह्मदत्त सिंह ने हाई कोर्ट को अवगत कराया कि सरकार द्वारा सूचना आयोग में आयुक्तों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। सरकार को 185 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार को हाईकोर्ट ने चार सप्ताह का समय देते हुए जवाब पेश करने को कहा हैं ।

# चीन की गारंटी मतलब मोदी गारंटी- जीतू पटवारी

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह एवं उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने भिण्ड, दतिया और ग्वालियर जिले का संयुक्त दौरा किया एवं कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की एवं कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।



पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मोदी जी के बारे में कई बातें कही जाती है, कोई कहता है वडनगर स्टेशन पर चाय बेचते थे पर सच्चाई ये है कि उस समय वडनगर स्टेशन नहीं था। कोई कहता है बचपन में मगरमच्छ पकड़ लाते थे, आरएसएस के कार्यकर्ता थे और एनसीसी कैडेट थे पर सच्चाई ये है कि उस समय गुजरात में उनके स्कूल में एनसीसी नही था, कुछ तो यह भी कहते हैं कि बांग्लादेश की आजादी में उनका हाथ है, कुछ लोग बताते हैं वो अमेरिका जाते थे लेकिन सच्चाई क्या ये नही है कि है उस समय उनकी माताजी बर्तन मांजती थी, कुछ का कहना है कि एंटायर पॉलिटिकल साइंस की डिग्री उनके पास है जिस पर विवाद भी हुआ, कुल मिलाकर बात यह है कि चीन के सामान की जिस तरह की गारंटी होती है कुछ इस तरह की है मोदी गारंटी, चीन की गारंटी मतलब मोदी गारंटी।

श्री पटवारी ने कहा कि अमृत काल में संविधान बचाने की चर्चा हो रही है, चुनाव होंगे कि नही इसकी बात हो रही है। हमारे देश पर 50 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था लेकिन मोदी जी के इन 10 सालों में 255 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है, क्या यही अच्छे दिन है मोदी जी से जवाब मांगिए। इसके जवाब के बजाय मंगल सूत्र को लेकर बातें वे कर रहे है तो उनसे पूछिए कि पुलवामा में अपने मंगलसूत्र खोने वाली बहनों के लिए उन्होंने क्या किया? नोटबंदी मैं अपने मंगलसूत्र गिरवी रखने वाली बहनों के लिए उन्होंने क्या किया? कोविड में अपने मंगलसूत्र बेचने वाली एवं अपने मंगलसूत्र पहनाने वाले पति की मौत सहने वाली बहनों के लिए उन्होंने क्या किया?

# दूसरे चरण के मतदान के आंकड़े से भोपाल में भी बढ़ी चिंता

## - संगठन के बड़े नेता भी चिंतित, मतदान को लेकर बनाएंगे रणनीति

भोपाल। लगातार दूसरे चरण में प्रदेश में मतदान के गिरते प्रतिशत ने भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। इसको लेकर अब आगे की स्थिति का अंदाजा लगाया जा रहा है, विशेषकर भोपाल-इंदौर जैसी बड़ी लोकसभा में। अगर यही स्थिति रही तो भाजपा को अपना टारगेट पूरा करना मुश्किल हो जाएगा। वैसे संगठन के बड़े नेता अब अधिक से अधिक मतदान की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर विजय हासिल की थी। इस बार केंद्रीय संगठन ने हारे हुए मतदान केंद्रों को जीतने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को जवाबदारी सौंपी है। इसके साथ ही प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने को लेकर भी पार्टी ने अपने मोर्चा-प्रकोष्ठ को काम सौंप रखा है। कुल मिलाकर भाजपा इस बार 400 पार के नारे के साथ हर लोकसभा सीट पर वोटों के अंतर का रिकार्ड बनाना चाहती है, लेकिन जिस तरह से वोटिंग का आंकड़ा घटता जा रहा है, उसने अब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। अगर ऐसा ही रहा तो भाजपा अपने लक्ष्य से पीछे रह जाएगी। प्रदेश संगठन ने भी क्लस्टर प्रभारी और लोकसभा के संयोजकों पर सख्ती की तैयारी की है, ताकि मतदान का आंकड़ा बढ़ाया जा सके। अभी यह हो रहा है कि भाजपा का कार्यकर्ता केंद्र में अपनी सरकार तय मानकर चल रहा है और इसी कारण कहीं उत्साह नजर नहीं आ रहा है।



### तीसरे और चौथे चरण के मतदान की चिंता

भोपाल सहित ग्वालियर-चंबल और मालवा-निमाड़ की सीटों पर भी यही हालात नजर आ रहे हैं, जहां तीसरे और चौथे चरण में मतदान होना है। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल सहित 9 सीटें हैं, जहां 7 मई को वोट डाले जाएंगे। चौथे, यानी प्रदेश में अंतिम चरण में इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खंडवा और खरगोन जैसी सीटें शामिल हैं, जहां 13 मई को मतदान होना है। यानी अभी 17 सीटों पर चुनाव होना शेष है। दोनों ही तारीखों में प्रदेश में लू चलने की संभावना बनेगी और भीषण गर्मी के चलते मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाना दोनों ही पार्टियों के लिए मुश्किल हो सकता है।

### संगठन लगा स्थिति का आकलन करने में

भाजपा ने चुनाव प्रबंधन के लिए बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टोली बना रखी है, लेकिन वह टोली भी योजना बनाने तक सीमित है। इसका असर नीचे देखने को नहीं मिल रहा है। हालात यह हैं कि जिस क्षेत्र में जनसंपर्क होता है वहां के कार्यकर्ता ही उस दिन सक्रिय होते हैं। भाजपा आम लोगों को अपने चुनावी कार्यक्रम से जोड़ भी नहीं पा रही है। इसके ऊपर संगठन भी स्थिति का आकलन करने में लगा हुआ है और भोपाल से हर लोकसभा की मॉनीटरिंग की जा रही है, जिसके आधार पर मतदान की रणनीति पर चर्चा की जा रही है।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बोला हमला कहा

# पहले 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन को घोटाला कहा, अब खुद ही नीलामी सिस्टम हटाना चाहती है



नई दिल्ली। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की 2जी स्पेक्ट्रम पर सुप्रीम कोर्ट से फैसले में बदलाव की मांग को पाखंड बताया है कांग्रेस का कहना है कि भाजपा के पाखंड की कोई सीमा नहीं है। क्योंकि एक तरफ उसने यूपीए सरकार में हुए 2जी स्पेक्ट्रम के सरकारी आवंटन को घोटाला कहा था। वहीं, दूसरी तरफ अब नरेंद्र मोदी सरकार नीलामी के बिना स्पेक्ट्रम देने के लिए सुप्रीम कोर्ट से अनुमति मांग रही है।

कांग्रेस का यह बयान तब आया है जब केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को 2जी स्पेक्ट्रम मामले में अपने फैसले में बदलाव के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि देश के प्राकृतिक संसाधनों को हैंडओवर या अलग करते समय नीलामी का रास्ता अपनाना राज्य का कर्तव्य है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी 2012 को दिए गए अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री ए राजा के कार्यकाल के दौरान अलग-अलग फर्मों को दिए गए 2 जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस को रद्द कर दिया था।

#### कांग्रेस के केंद्र सरकार पर आरोप

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार और भ्रष्ट जनता पार्टी का पाखंड कोई सीमा नहीं रखता। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने हर किसी से कहा कि 2जी स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन एक घोटाला था। अब, वे इससे उलट तर्क दे रहे हैं। वे नीलामी के बिना, जिसे चाहें स्पेक्ट्रम देने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट गए हैं। मोदी सरकार पहले से ही पब्लिक प्रॉपर्टीज को पीएम के पूंजीपति मित्रो को सौंपती जा रही है। एयरपोर्ट्स एक कंपनी को सौंप दिए। कोयला खदानों की धोखे से नीलामी कर दी। यहां तक कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम को चुनावी बॉन्ड में 150 करोड़ रुपए के बदले सौंप दिया गया है। रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने कुल 4 लाख करोड़ रुपए के सार्वजनिक संसाधन अपने कॉर्पोरेट डोनर्स को सौंप दिए हैं।

#### जनता सरकार को बाहर का रास्ता दिखा देगी

कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडी ब्लॉक सरकार सत्ता में आने पर अडानी मेगा घोटाले पर एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन करेगी। साथ ही पे पीएम घोटाले समेत इन सभी घोटालों की जांच करेगी। जिसके जरिए भाजपा ने 8200 करोड़ रुपए जमा किए। 4 जून को भारत के मतदाता संगठित लूट की इस पार्टी को बाहर का रास्ता दिखा देंगे। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू हुआ था। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

#### केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में क्या आवेदन दिया था

दरअसल, केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सीजेआई चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला की बेंच में एक आवेदन दिया था। इस पर तुरंत सुनवाई की मांग की गई थी। बेंच को बताया गया था कि याचिका में 2012 के फैसले में संशोधन की मांग की गई है क्योंकि केंद्र सरकार कुछ मामलों में 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस देना चाहता है। हालांकि, बाद में एक सूत्र ने यह दावा किया था कि सरकार 2012 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने की मांग नहीं कर रही है।

## दूसरे चरण में बिहार की 5 सीटों में सर्वाधिक 64 प्रतिशत हुआ

पटना। बिहार में पहले चरण में 4 सीटों पर मतदान हुआ था दूसरे चरण में 5 क्षेत्रों में वोटिंग हुई। इस वोटिंग में किशनगंज सुबह भी आगे और फिर शाम को भी आगे रहा। अंततः बिहार की 5 सीटों में सर्वाधिक 64 प्रतिशत हुआ। यह लोकसभा चुनाव 2019 के 66 प्रतिशत मतदान से थोड़ा ही कम है। अबतक वोटिंग वाली बिहार की बाकी 8 सीटों के मुकाबले उतना हतोत्साहित करने वाला आंकड़ा नहीं है। यहां गरमी से भी सबसे ज्यादा राहत थी। बिहार की जिन 5 सीटों पर चुनाव हुआ उसमें सबसे कम 38 डिग्री तापमान यहीं दर्ज किया गया। क्या सिर्फ गर्मी के कारण यहां मतदान अच्छा हुआ? नहीं- इसका सीधा जवाब है। किशनगंज दूसरे तरह की सीट है यह 2019 में भी इसने बताया था। इस बार भी बताएगी यह सीट- यह पक्का है।

किशनगंज लोकसभा सीट ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को झटका दिया था। राजग ने बिहार की 40 में से 39 सीटें जीतीं थीं किशनगंज सीट को छोड़कर। तब जीतने वाले कांग्रेसी प्रत्याशी मो जावेद को हारने वाले जनता दल यूनाईटेड के सय्यद महमूद अशरफ को 30.19 और असदुदीन ओवैसी की पाटी एआईएमआईएम के प्रत्याशी अख्तरुल ईमान को 26.78 प्रतिशत वोट मिले थे। एक तरह से इस सीट पर बेहद नजदीकी मुकाबला हुआ था और कुल मतदान में से 89 प्रतिशत वोट इन तीनों में बंट गया था। इस बार कांग्रेस और एआईएमआईएम के प्रत्याशी वही हैं जदयू को नया चेहरा उतारना पड़ा मास्टर मुजाहिद आलम। इस बार वोटिंग 2019 के मुकाबले दो प्रतिशत कम हुआ। यह कमी बहुत बड़ा मामला नहीं है।

असल माजरा है कि इस सीट पर क्या जदयू पिछली बार जितना ताकतवर नजर आया? इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभाओं में पहुंचे लोगों ने बता दिया है। दूसरी बात यह कि क्या बहुत कम अंतर से तीसरे नंबर पर रहे एआईएमआईएम को मुख्य मुकाबले में खड़ा करने के लिए ओवैसी ने जिस तरह से लगातार करीब 48 घंटे दिन-रात मेहनत की और भड़काऊ बयान दिए उससे मुस्लिम बहुल इस सीट पर उन्हें फायदा नहीं मिला होगा? एक और सवाल यह कि क्या कांग्रेस ने जीते हुए प्रत्याशी का नाम घोषित करने में भी देरी की तो उसका नुकसान नहीं होगा? इन सवालों के जवाब में जीत-हार और अंतर का गणित है। एक और बात यह भी चर्चा में है कि भाजपा ने फिर इस सीट पर उदासीनता दिखाई। यहां राष्ट्रीय नेताओं में सिर्फ पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन को बीजेपी ने भेजा। सीएम नीतीश कुमार की सभा में वह जदयू प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करते नजर आए जबकि भागलपुर के अलावा शाहनवाज का खुद का नाम इस सीट पर चर्चा में था। शुक्रवार को जिन 5 सीटों पर मतदान हुआ उनमें सबसे कम 38 डिग्री तापमान किशनगंज में दर्ज किया गया था जहां दूसरे चरण में सर्वाधिक 64 प्रतिशत मतदान हुआ। मुस्लिम बहुल क्षेत्र में मतदान के प्रति बहुत ज्यादा उत्साह सुबह से दिखा। तीनों प्रमुख दलों के प्रत्याशी मुस्लिम हैं इसलिए इस आधार पर नहीं बताया जा सकता है कि किसे वोट मिला होगा। इस सीट पर गर्मी का असर भी कम था और यह मतदान में भी दिखा। बाकी 4 सीटों में सबसे ज्यादा 42.7 डिग्री तापमान बांका संसदीय क्षेत्र में रिकॉर्ड हुआ जहां रात साढ़े 10 बजे 54.61 प्रतिशत वोट बताया गया।

## तेलंगाना की मंत्री कोंडा सुरेखा को आयोग का निर्देश...भाषा पर संयम बरते

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी.रामाराव पर फोन टैपिंग सहित अन्य माध्यमों से अभिनेत्रियों को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाने के लिए तेलंगाना की मंत्री कोंडा सुरेखा को आड़े हाथ लेकर उन्हें संयम बरतने को कहा। चुनाव आयोग ने कहा कि मंत्री की टिप्पणियां आदर्श आचार संहिता का सीधा उल्लंघन हैं। निर्वाचन आयोग ने बीआरएस नेता श्रवण दासोजू की औपचारिक शिकायत पर कार्रवाई करने और सुरेखा को संयम बरतने का निर्देश दिया। बीआरएस की पिछली सरकार के दौरान विपक्षी नेताओं के कथित फोन टैपिंग और कुछ कंप्यूटर सिस्टम और आधिकारिक डेटा को नष्ट करने के कारण कांग्रेस सरकार ने कुछ पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

## आप को साउथ ग्रुप से कोई रिश्वत मिली नहीं...केजरीवाल का सुप्रीम कोर्ट में जबाव

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल किया। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले ईडी की गिरफ्तारी का तरीका और उसका समय केंद्रीय जांच एजेंसी की मनमानी की ओर इशारा करती है। केजरीवाल ने अपने हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी इसका ताजा उदाहरण है कि कैसे केंद्र सरकार ने अपने सबसे बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को कुचलने के लिए ईडी और मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून का दुरुपयोग किया है। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि आप को साइउथ ग्रुप से रिश्वत मिली। इसके बाद गोवा चुनाव अभियान में रकम का इस्तेमाल किया जाना दूर की बात है। केजरीवाल ने कहा कि आप के पास कथित रिश्वत का एक भी रुपया नहीं आया और इस संबंध में लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों को एक जैसा अवसर उपलब्ध कराया जाना बेहद जरूरी है। इसके बाद में याचिकाकर्ता की अवैध गिरफ्तारी उचित नहीं है। वहीं ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि केजरीवाल ने मामले में अपने आचरण से जांच अधिकारी को यह विश्वास दिलाया कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी हैं।

## भारत ने किया इजरायली बेलिस्टिक मिसाइल रॉक का परीक्षण

### -पाकिस्तानी परमाणु बमों को कर सकती है राख

नई दिल्ली। भारत ने इजरायली बेलिस्टिक मिसाइल रॉक का परीक्षण किया। यह मिसाइल पाकिस्तानी परमाणु बमों को राख कर सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु जखीरे के खिलाफ काउंटरफोर्स रणनीति के तहत इस इजरायली ब्रह्मास्त्र पर दांव लगाया है।

बताया जा रहा है कि भारत ने अपने सुखोई-30 एमकेआई फाइटर जेट की मदद से इजरायल की क्रिस्टल मेज 2 या रॉक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इस टेस्ट को अंडमान निकोबार में अंजाम दिया गया जहां पर इन दिनों चीन ने नजर गड़ा रखी है। रॉक मिसाइल को इजरायल ने किसी हाई वैल्यू टारगेट को 250 किमी दूर से तबाह करने के लिए बनाया है। यह मिसाइल जीपीएस पर रोक वाले माहौल में भी सफलतापूर्वक अपने टारगेट को तबाह करने की क्षमता रखती है। यहीं नहीं अगर दुश्मन ने एयर डिफेंस सिस्टम को तैनात किया है तो भी यह मिसाइल अपने लक्ष्य को राख में बदल देती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस सफल टेस्ट से साफ हो गया है कि भारत रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है। बताया जा रहा है कि भारत मेक इन इंडिया के तहत इस मिसाइल का स्वदेशी उत्पादन करने जा रहा है। माना जाता है कि इजरायल ने इस महीने रॉक मिसाइल का ही इस्तेमाल ईरान के खिलाफ जवाबी हमले के लिए किया था। इजरायली कंपनी रॉफेल के मुताबिक रॉक विस्तारित मारक क्षमता वाली एक अगली पीढ़ी की एयर टु सरफेस मिसाइल है। इस मिसाइल को किसी हाई वैल्यू टारगेट फिर चाहे वह कोई ठिकाना हो या चलता फिर लक्ष्य, अंडरग्राउंड हो या चौतरफा किलेबंदी से लैस ठिकाना, यह मिसाइल जीपीएस बैन के बाद भी सटीक हमला करने में सक्षम है। इस मिसाइल में किसी ठिकाने के अंदर घुसकर तबाही मचाने या फिर वारहेड के विस्फोट दोनों की क्षमता है।रॉक्स में उसी तकनीक का इस्तेमाल इजरायल ने किया है जो स्पाइस बम में किया है जिसे भारत पहले भी इस्तेमाल कर चुका है। इस मिसाइल को दागने से पहले पायलट लक्ष्य के बारे में हर तरह की जानकारी डाल देता है। रक्षा विशेषज्ञ रोहित कौरा का मानना है कि एयर डिफेंस सिस्टम की वजह से परंपरागत बॉम्बर अब बेकार होते जा रहे हैं। लेकिन अगर इस मिसाइल का इस्तेमाल किया जाए तो बॉम्बर बिना दुश्मन की मिसाइल की रेंज में आए दूर से ही तबाही मचाने में सक्षम हैं। इस मिसाइल का इस्तेमाल दुश्मन के पहले हमला करने पर जवाबी हमले के लिए किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि काउंटर फोर्स टारगेटिंग का उद्देश्य सीमित परमाणु युद्ध के बीच दुश्मन के सैन्य ठिकाने को तबाह करना है।

रक्षा विशेषज्ञ विपिन नारंग का कहना है कि पाकिस्तान ने रणनीतिक परमाणु बम बना लिया है जिससे भारत रणनीतिक दुविधा में आ गया है। भारत ने पहले परमाणु हमला नहीं करने की नीति अपना रखी है लेकिन अगर पाकिस्तान रणनीतिक परमाणु बम का इस्तेमाल करता है तब क्या होगा। इसी वजह से उन्होंने भारत को काउंटरफोर्स क्षमता विकसित करने की सलाह दी ताकि पाकिस्तान के परमाणु क्षमता को ही तबाह किया जा सके। इससे वह भारत पर हमला ही नहीं कर पाएगा। इसी वजह से भारत ने इस रॉक मिसाइल को इजरायल से खरीदा है। बता दें कि भारत ने हाल ही में हवा से सतह पर मार करने वाली इजरायली बलिस्टिक मिसाइल रॉक का परीक्षण किया है। अब तक भारत रूस से बड़े पैमाने मिसाइलें खरीद रहा था लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद हालात बदलते हुए दिख रहे हैं।

## अमृतपाल सिंह की राजनीतिक पारी शुरु, खडूर साहिब से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

अमृतसर। वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह खडूर साहिब लोकसभा चुनाव से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने जा रहे हैं। यह चुनाव वह किसी पार्टी के मंच पर नहीं लड़ेंगे। अमृतपाल सिंह पंजाब के मुद्दों को अच्छी तरह से जानते हैं और यह चुनाव उन्हीं मुद्दों पर लड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर उनकी मां बलविंदर कौर ने कहा कि अमृतपाल सिंह पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा था और अब वह खडूर साहिब लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे।

अमृतपाल सिंह, अमृतसर जिले के जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहने वाला है। वह 2012 में काम के सिलसिले में दुबई गया था। वहां से सितंबर 2022 को भारत लौटा। सितंबर में ही उसे खालिस्तानी समर्थक दीप सिद्धू के संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख बनाया गया। अमृतपाल पंजाब के मोगा के रोड गांव से पुलिस हिरासत में लिए जाने के बाद से 23 अप्रैल से डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

वकील-अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने दीप सिद्धू ने वारिस पंजाब दे या पंजाब के वारिस का कार्यभार संभालने के बाद वह युवाओं को बुलाकर खुद को पंथ की स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए एक नए आधार के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। 26 जनवरी, 2021 किसान आंदोलन के दौरान लाल किले पर हुई हिंसा के आरोपियों में से एक सिद्धू की फरवरी 2022 में हरियाणा के सोनीपत के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

उस साल सितंबर में अमृतपाल सिंह की दस्तार बंदी समारोह रोडे गांव में आयोजित किया गया था, जिसमें अमृतपाल को वारिस पंजाब दे का आधिकारिक प्रमुख बनाया गया था। हालांकि, भिंडरावाले के विपरीत, उनके पास कोई औपचारिक धार्मिक स्कूली शिक्षा नहीं थी।

## दिल्ली के सरकारी स्कूल के 276 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई

### आतिशी ने कहा, ये केजरीवाल का विजन

नई दिल्ली। दिल्ली के सरकारी स्कूलों ने फिर जेईई मैंस परीक्षा के परिणामों में कामयाबी की नई इबारत लिखी है। दरअसल, दिल्ली सरकार के 12 डॉ. बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एएसओएसई) के 395 छात्रों ने जेईई मैंस परीक्षा दी थी, इसमें से 276 छात्रों ने मैंस परीक्षा पास कर जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाई किया है।

एक बयान के अनुसार, चार एएसओएसई के छात्रों ने 99.9 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जबकि 25 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं। 42 छात्रों ने 98 प्रतिशत से अधिक और 104 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। एएसओएसई छात्रों की उपलब्धि पर दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। आतिशी ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल का विजन है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को हर वहां सुविधाएं मिलें जो बड़े निजी स्कूलों के बच्चों को मिलती हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के इस विजन को पूरा करने के लिए दिल्ली की टीम एजुकेशन ने दिन-रात कड़ी मेहनत की है। आज हमारे छात्रों की उपलब्धियां इन्हीं प्रयासों का परिणाम हैं। आतिशी ने कहा, एएसओएसई में, हम अपने छात्रों को स्कूल में विश्व स्तरीय कोचिंग और तैयारी के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

## महाराष्ट्र कांग्रेस नेता ने खरगे से पूछा.....राज्य में किसी मुसलमान को टिकट क्यों नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ (नसीम खान) ने महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव 2024 प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया है। आरिफ ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर किसी भी मुस्लिम नेता को टिकट न देने पर नाराजगी जाहिर की थी। जिसके बाद एआईएमआईएम ने उन्हें खुला ऑफर दिया है।

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद कांग्रेस में बगावत देखने को मिल रही है। टिकट बंटवारे को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस नेता मोहम्मद आरिफ ने महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव 2024 प्रचारक समिति से इस्तीफा दे दिया है।

#### प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया

दरअसल, आरिफ ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को पत्र लिखकर चुनाव प्रचार में हिस्सा न लेने की बात कहकर कांग्रेस की प्रचारक समिति से इस्तीफा दिया था। आरिफ ने कहा, खरगे जी, मैं आपका धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस प्रचार समिति का हिस्सा बनाया, लेकिन मैं मुस्लिम समुदाय का नेता हूं और मुसलमान मुझसे पूछ रहे हैं कि पार्टी ने किसी मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए कोई सीट क्यों नहीं दी। इस कारण मैं उन लोगों को मुंह नहीं दिखा पाउंगा और प्रचार नहीं कर पाउंगा। लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि कांग्रेस को मुस्लिमों का वोट चाहिए, लेकिन मुस्लिम उम्मीदवार नहीं।

वहीं आरिफ के कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र के बाद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने उन्हें खुला ऑफर दिया है। महाराष्ट्र एआईएमआईएम अध्यक्ष इम्तियाज जलील ने कहा कि आपने सिर्फ स्टार प्रचारक के पद से इस्तीफा क्यों दिया। आपको उस पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए, जो केवल मुस्लिम वोट चाहती है लेकिन उनका नेतृत्व नहीं। अगर आप हमारी पार्टी में आते हैं, तब हम आपको मुंबई से सीट देने के लिए तैयार हैं।

## असम में हाथी का आंतक...दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत

तेजपुर। असम के सोनितपुर जिले में एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हुई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि ? वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है।

## दिल्ली सरकार की लोगों से अपील...जरुरत पड़ने पर घर से निकले

नई दिल्ली। दिल्ली में अभी लू से राहत है,लेकिन दोपहर में तेज धूप निकलने से गर्मी पसीने छुड़ा रही है। यह देखकर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने एक दिशा-निर्देश जारी करके लोगों को सावधान किया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लोगों को तेज धूप में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि तेज धूप में अधिक देर तक बाहर रहने से लू लगने की आशंका है। इस स्थिति में लोगों को कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी, घबराहट, सांस व धड़कन तेज होने की समस्या होती है। इसी वजह से दोपहर में गर्मी अधिक होने पर बाहर न निकले और अधिक देर तक धूप में रहने से बचा जाना चाहिए।

गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने से पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है। यदि प्यास न लगी हो तब भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी जरुर पिएं। घर से बाहर जाते समय पानी की बोतल जरुर ले जाए। नींबू पानी और छाछ का सेवन जरुर करें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती। इसके साथ ही आप मौसमी फलों का सेवन कर सकते है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, खीरा व ककड़ी का सेवन अधिक करें। क्योंकि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि धूप में बाहर जाते समय काले और ज्यादा गहरे रंग के कपड़े पहनने से परहेज करना चाहिए। दोपहर में निकलते समय सिर को छाता, टोपी या गमछे से ढंक कर रखना चाहिए। अगर घर पर कमरे में तापमान अधिक हो तब भी बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी हो सकती है। कमरे को ठंडा जरुर रखें। वहीं चाय, कॉफी, शराब व कार्बोनेटेड साफ्ट ड्रिंक का सेवन नहीं करना चाहिए।

### वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में किया दावा

## मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में आएगी नरमी

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने हाल ही जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में बताया है कि सरकार को मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान जताना इसका कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से अधिक बारिश से फसलों का अधिक उत्पादन होगा। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि खाद्य कीमतों में और नरमी आने वाली है क्योंकि आईएमडी ने मानसून के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। इससे वर्षा जल का बेहतर वितरण और उच्च उत्पादन होने की संभावना है।

भारत में खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 8.7 प्रतिशत से घटकर मार्च में 8.5 प्रतिशत रह गई है। खाद्य मुद्रास्फीति का उच्च स्तर मुख्य रूप से सब्जियों और दालों की बढ़ी कीमतों के कारण है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश लगाने के उपाय किए हैं। जमाखोरी रोकने के लिए स्टॉक सीमा तय करना, प्रमुख खाद्य पदार्थों के बफर को मजबूत करना और समय-समय पर उसे खुले बाजार को जारी करना शामिल है।

#### ब्राजील और अर्जेंटीना से दालों की खरीद के लिए चल रही बातचीत

सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के आयात को आसान बनाया है। इसके अलावे नामित खुदरा दुकानों के माध्यम से आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया गया है। सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि सरकार दालों के आयात के दीर्घकालिक अनुबंध के लिए ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे नए बाजारों के साथ बातचीत कर रही है। ब्राजील से 20,000 टन उड़द का आयात किया जाएगा और अर्जेंटीना से अरहर आयात करने के लिए बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। सरकार ने दालों के आयात के लिए मोजाम्बिक, तंजानिया और म्यांमार से भी अनुबंध किया है। सब्जियों के संबंध में, क्रिसिल की हालिया रिपोर्ट भी बताती है कि, सब्जियों की कीमतें जून के बाद कम हो जाएंगी।

#### आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी की है

रिपोर्ट में कहा गया है, आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की भविष्यवाणी की है। यह सब्जियों की कीमतों के लिए अच्छा है, लेकिन मानसून का वितरण भी महत्वपूर्ण है। आईएमडी को जून तक सामान्य से अधिक तापमान की उम्मीद है, जिससे अगले कुछ महीनों तक सब्जियों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस वर्ष मार्च में सब्जियों की महंगाई दर फरवरी महीन के 30 प्रतिशत से घटकर 28.3 प्रतिशत रह गई है, पर यह पिछले साल के 8.4त्न की अपस्फीति की तुलना में बहुत अधिक है।

#### आरबीआई की एमपीसी ने खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतों पर जताई थी चिंता

इससे पहले आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई थी। हालांकि एमपीसी ने कहा रबी की रिकॉर्ड फसल अनाज की कीमतों को कम करने में मदद करेगी। एमपीसी ने कहा कि मौसम मौसम की अनिश्चतता से जुड़ी घटनाएं खाद्य पदार्थों की कीमतों के लिए झटका साबित होती हैं। इस पर भू-राजनीतिक तनाव और तेल की कीमतों का भी असर पड़ता है। एमपीसी के अनुसार हालांकि इस साल आईएमडी के सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी से शुरुआती चरण में खरीफ फसल की संभावनाएं भी बेहतर दिख रही हैं। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक चुनौती बनी हुई है। उदाहरण के लिए, जर्मनी, इटली, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे हैं।

# तीन दुकानों में 6-7 लाख की हुई चोरी

## बीती रात अज्ञात चोरों ने नोवेल्टी हाउस गली की दुकानों को बनाया निशाना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। इन दिनों अज्ञात चोरों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वह अब कोतवाली थाना क्षेत्र के समीप भी चोरी की वारदात करने से नहीं चूक रहे हैं ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र से लगे सराफा बाजार का है जहां शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात नोवेल्टी हाउस गली में अज्ञात पांच चोरों ने कार से आकर अलग-अलग तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया जहां से उन्होंने लगभग नगद सहित 6 से 7 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है तो वही एक सराफा दुकान के स्वजनों की नींद खुलने से अज्ञात चोर भाग खड़े हुए तो वहीं व्यापारियों व निजी संस्थान के लोगों ने पुलिस पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं और कहा कि जब इतने व्यस्ततम एवं कोतवाली थाना क्षेत्र से चोर चोरी की घटना को कारित कर सकते हैं तो फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर ही सवाल उठाते हैं जबकि नोवेल्टी हाउस गली सराफा बाजार में पुलिस की ग्रस्त रात्रि में होती थी एवं दो दो पुलिस आरक्षक मार्केट में लगाए जाते थे किंतु इन दिनों ऐसा कुछ भी मार्केट में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिख रही है इसलिए अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद हुए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के सबसे पाश और मार्केट क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया हैं। शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात नावेल्टी हाउस गली में एक के बाद एक तीन दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की। इनमें से एक दुकान के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा ही चोरों ने तोड़ दिया। इससे पहले कि चोर और दुकानों को भी अपना निशाना बनाते, दुकान संचालकों के स्वजनों की नींद खुलने और शोर मचाने पर अज्ञात चोर भाग निकले। हालांकि, उनकी पूरी गतिविधि रोड पर और दुकानों के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। कैमरों में एक-दो नहीं बल्कि पांच लोग नजर आ रहे हैं, जो चोरी की नीयत से कार से पहुंचे थे और करीब डेढ़ घंटे तक उन्होंने अलग-अलग दुकानों को अपना निशाना बनाया। पांच अज्ञातों का कार से सबसे व्यस्ततम और पाश इलाके में संचालित दुकानों में चोरी करना, आधी रात बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम देना, पुलिस की रात्रि गश्ती पर सवाल खड़े कर रहा है। पूर्व में भी कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाशों ने हनुमान चौक स्थित पांच-छह दुकानों पर एक-साथ चोरी की थी। इतना ही नहीं, इसी चौक पर पंजाब नेशनल बैंक में भी सेंधमारी करते हुए पुलिस को खुली चुनौती दी थी।






### दो कोट और कैश लेकर गये - लखनराम चौरे



नावेल्टी हाउस गली में संचालित श्रेष्ठ टेलर्स दुकान के संचालक लखनराम चौरे ने बताया कि उन्हें सुबह चार बजे पुलिस के माध्यम से पता चला कि उनकी दुकान का शटर टूटा हुआ है और चोरी का प्रयास हुआ है। दुकान आकर देखा तो रुपये रखने का गल्ला और ग्राहक के सिलाए हुए दो कोट गायब हैं।

### शटर तोड़ने की आवाज सुनाई दी- प्रांशु जैन



दस कदम की दूरी पर राजवंश ज्वेलर्स के संचालक प्रांशु जैन ने बताया कि उनकी दुकान से लगा उनका घर है। रात करीब तीन बजे मेरी माता कल्पना जैन को शटर तोड़ने की आवाज सुनाई दी। दुकान में देखा तो गल्ले में रखे करीब दो लाख रुपये और लगभग 5 लाख की गिरवी का सामान नहीं था और सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोर शटर के नीचे से दाखिल होते हुए और गल्ले में हाथ डालकर नकदी निकालते दिखाई दे रहे हैं। परिवार वालों की आवाज सुनते ही दो बदमाश दुकान से निकलते भी देखे गए हैं। पुलिस ने प्रार्थियों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया गया

श्रेष्ठ टेलर्स के सामने विराट ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि उनकी दुकान में नकदी या जेवर की चोरी तो नहीं हुई, लेकिन दुकान के बाहर लगा एक सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया गया। ऐसा अंदाज लगाया जा रहा है कि जैसे ही चोरों द्वारा अलग-अलग दुकान को अपना निशाना बनाया जा रहा था उस समय जब राजहंस दुकान के संचालक के परिजन अज्ञात चोरों की आहट से उठे तो वैसे ही अज्ञात चोर फरार हो गए जिसमें वह विराट ज्वेलर्स से महज सीसीटीवी कैमरा ही तोड़ पाए थे उसके बाद उन्हें अंदर घुसना था, किंतु आहट पाकर वह भाग खड़े हुए क्योंकि अज्ञात चोर जैसे ही जिस भी दुकानों में चोरी की वारदात करने के लिए प्रवेश करते थे उसके पहले वह दुकानों में लगे बाहर की ओर के सीसीटीवी कैमरे को तोड़ देते थे उसी प्रकार सबसे पहले यह विराट ज्वेलर्स के सीसीटीवी कैमरे तोड़ ही पाए थे कि इतने में आहट पाकर अज्ञात चोर वहां से भाग गए।



### पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जिन जिन दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात की गई वहां के संचालकों का यह कहना था कि जिस प्रकार से सराफा बाजार नोवेल्टी हाउस कोतवाली थाना क्षेत्र से पास है और कोतवाली थाना क्षेत्र से लगे हुए क्षेत्र में यदि अज्ञात चोर चोरी की घटना को कारित करते हैं तो कहीं ना कहीं इसे देखते हुए पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं जबकि देखा जाए तो में मार्केट और सराफा बाजार में उन्होंने पुलिस से पहले भी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी और उनकी बैठक में यह निर्णय हुआ था कि सर्राफा बाजार में दो दो पुलिस आरक्षक रात्रि के समय नाइट ग्रस्त में रहेंगे और पुलिस की पेट्रोलिंग रात्रि में तीन से चार बार बाजार में गस्ती करेगी किंतु इन दिनों ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जिस कारण अज्ञात चोरों के हौसले और बढ़ रहे हैं और अज्ञात चोर चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं जबकि इसके पहले भी हनुमान चौक में अज्ञात चोरों द्वारा पंजाब नेशनल बैंक को अपना निशाना बनाया गया था, जबकि देखा जाए तो हनुमान चौक सीधे गस्ती पॉइंट का प्रमुख केंद्र माना जाता है और रात्रि के समय रेलवे स्टेशन, हनुमान चौक, गोंदिया रोड होते हुए पुलिस इन्हीं चौक से गस्ती करती है किंतु हनुमान चौक में ही अज्ञात चोरों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## दिवाल में दबने से घायल 80 वर्षीय वृद्ध की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले की हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मानाग दीवाल में दबने से घायल एक 80 वर्ष से व्रद्ध अंतरम पिता दुकालू इनवाती की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतराम के परिवार में दो बेटे और एक लड़की है ।सभी की शादी हो चुकी है। अंतराम वृद्धावस्था में होने के कारण घर में ही रहते थे। 26 अप्रैल को 4:30 बजे करीब अंतराम अपने घर की दीवाल के पास काम कर रहे थे। दीवाल पुरानी होने के कारण जर्जर हो गई थी। अचानक दीवाल गिरने से अंतराम दब गया। और वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे 108 एंबुलेंस से परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये ।जहां उपचार के दौरान 27 अप्रैल को प्रात: 5ः30 बजे उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी शिवदयालपटले ने मृतक अंतराम की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सोप दी है। आगे मर्ग जांच हट्टा पुलिस द्वारा की जा रही है।

## मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट कोतवाली क्षेत्र में आने वाले समनापुर रोड भटेरा चौकी आस्था मंगल भवन के सामने मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति दुलीचंद पिता चिंतामन टेम्भरे 55 वर्ष ग्राम आगरवाड़ा थाना कटंगी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुलीचंद टेम्भरे खेती किसानी करता है 26 अप्रैल की रात्रि में दुलीचंद टेम्भरे भटेरा चौकी बालाघाट आस्था मंगल भवन में होने वाली शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। रात्रि 8ः00 बजे दुलीचंद टेम्भरे आस्था मंगल भवन के सामने रोड किनारे खड़ा था तभी वहा से तेज रफ्तार से गुजरी मोटरसाइकिल ,दुलीचंद टेम्भरे को ठोस मार कर फरार हो गई। मोटरसाइकिल की ठोकर से दूलीचंद। टेम्भरे घायल हो गया जिसे उसके दामाद शैलेंद्र गौतम ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।

## पटाखा नहीं देने पर एक व्यक्ति को हाथबुक्के और कड़े से मारकर किये घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भानपुर से बारात में बरघाट गए एक व्यक्ति को हाथ बुक्के और हाथ में पहनने कड़े से सिर माथे में मारकर घायल कर दिया गया । यह घटना 26 अप्रैल की रात्रि में भानपुर से बरघाट गई बारात के बाराती के साथ हुई । घायल व्यक्ति सुंदरलाल पिता प्रेमलाल बारेकर 59 वर्ष ग्राम भानपुर निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुंदरलाल बारेकर खेती किसानी करता है। 26 अप्रैल की रात्रि में सुंदरलाल अपने गांव के रेखलाल चौधरी के बेटे गौरव चौधरी की शादी में बस से ग्राम बरघाट गए थे। बरघाट में पेट्रोल पंप के पास लान में शादी का कार्यक्रम था। शादी का कार्यक्रम होने के बाद सुंदरलाल ने अपने साथ आए बारातियों के साथ खाना खाया उसके बाद बस के पास ख ?ा था। उसी समय ग्राम भानपुर का ही अंकित मेश्राम सुंदरलाल के पास आया और उसे फटाका मांगने लगा। सुंदरलाल ने उसे बोला कि मेरे घर की शादी नहीं है। जिसके घर की शादी है उसी से फटाका मांग । सुंदरलाल के यह कहने पर ही अंकित मेश्राम गुस्सा हो गया और वह सुंदरलाल को गालियां देते हैं उसे हाथ बुक्को से मारपीट करने लगा और अंकित मेश्राम हाथ मे पहने कड़ा सुंदरलाल के माथे पर मारा, कड़ा सुंदरलाल के माथे पर लगने वह गिर गया और घायल हो गया। बीच बचाव के बाद सुंदरलाल बस से अपने घर ग्राम भानपुर पहुंचा जिसे उसके छोटे बेटे ने जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।


## मोटरसाइकिल पिकअप से टकराई, दो व्यक्ति घायल





बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम नवेगांव से आरम्भा रोड पर स्थित ग्राम भानपुर के पास मोटरसाइकिल डीजे की पिकअप से टकरा गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायल दोनों व्यक्ति संतोष पिता मेहतरलाल जैतवार 50 वर्ष और काशीराम पिता झनकलाल जैतवार 40 वर्ष दोनों ग्राम आरंभा थाना खैरलांजी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम आरम्भा निवासी संतोष जेतवार और काशीराम जेतवार दोनों अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी मजदूरी करते हैं। 26 अप्रैल की रात्रि में ग्राम आरम्भा में शादी का कार्यक्रम था इस ग्राम में ग्राम पांचगांव से बारात आई थी। रात्रि में संतोष जैतवार और काशीराम जैतवार दोनों मोटरसाइकिल में ग्राम नवेगांव तीनटोला किसी काम से आए थे और अपना काम निपटाना के बाद दोनों भानपुर पहुंचे और भानपुर में दोनों शराब पीकर मोटरसाइकिल में आरम्भा जा रहे थे। रात्रि 8 बजे भानपुर में ही चौक में मोटरसाइकिल डीजे की पिकअप से टकरा गई। इस दुर्घटना में संतोष जेतवार और काशीराम जैतवार दोनों घायल हो गए। दोनों घायल को डोंगरमाली के शासकीय अस्पताल ईलाज के लिए ले गए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट